दैनिक
# बढ़ता राजस्थान
संस्करण : जयपुर, टोंक, अलवर एवं कोटा
Since : 2004
कदम बढ़ाएं, सच के साथ
वर्ष : 15 | अंक : 46 | जयपुर | गुरूवार, 19 दिसम्बर, 2024 | पौष, कृष्ण पक्ष चतुर्थी संवत्-2081 | भारत व राज्य सरकार से विज्ञापनों के लिए स्वीकृत | मूल्य :₹2 | पृष्ठ : 12
www.badhatarajasthan.in badhatarajasthan@yahoo.com badhatarajasthan.dainik badtarajasthan

## घूसखोर एसई निकला 4.16 करोड़ की संपत्ति का मालिक

### आरोपी के 31 बैंक खाते मिले, कोटा घर से मिले 9.22 लाख रुपए कैश

बढ़ता राजस्थान

**डूंगरपुर ( एजेंसी )।** डूंगरपुर में जल जीवन मिशन में 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार जलदाय विभाग का एसई 4.16 करोड़ का मालिक निकला। एसीबी ने कोटा में उसके घर पर तलाशी ली। घर के लॉकर से 9 लाख रुपए से ज्यादा कैश मिला है, जबकि 4 करोड़ से ज्यादा की संपत्ति का खुलासा हुआ है। रिश्वतखोर एसई अनिल कछवाहा के 31 बैंक खाते मिले हैं। बैंक खातों की जांच के बाद और भी कई बड़े खुलासे हो सकते हैं।

एसीबी डूंगरपुर के डीएसपी रतन सिंह राजपुरोहित ने बताया कि जलदाय विभाग के एसई अनिल कछवाहा को मंगलवार को 2 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया था। एसई ने नवाडेरा में अपने किराए के घर में रिश्वत की राशि ली थी। जिसे घर के अलमारी में रख दिया था। एसीबी की ओर से ट्रैप की कार्रवाई के बाद कोटा एसीबी की टीम ने कोटा में महावीर नगर पोस्ट ऑफिस के पास उसके रिहायशी घर पर छापेमारी की।

## जयपुर में ट्रक ने पुलिस वैन को उड़ाया,कॉन्स्टेबल की मौत

### नेशनल हाईवे पर हादसा, खाना खाकर लौट रहे थे, जीप में बैठा दूसरा पुलिसकर्मी घायल

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर-आगरा नेशनल हाईवे पर ट्रक ने खड़ी पुलिस वैन को टक्कर मार दी। एक पुलिसकर्मी ने मौके पर ही दम तोड़ दिया, जबकि दूसरा कॉस्टेबल और ट्रक ड्राइवर घायल हैं। हादसा जयपुर के बस्सी इलाके में राजाधोक टोल प्लाजा के पास मंगलवार रात करीब साढ़े 12 बजे हुआ। पिछले सात दिन में जयपुर जिले में विभिन्न सड़क दुर्घटनाओं में तीन पुलिसकर्मियों की मौत हो चुकी है। बस्सी थाना अधिकारी राजीव यदुवंशी ने बताया- थाने की पीसीआर राजाधोक टोल प्लाजा पर खड़ी थी। इसमें एक हेड कॉन्स्टेबल और कॉन्स्टेबल अतर (55) सिंह की ड्यूटी थी। अतर सिंह पीसीआर के ड्राइवर थे। दोनों रात में टोल के पास ही एक ढाबे पर खाना खाने के बाद पीसीआर की तरफ जा रहे थे। हेड कॉन्स्टेबल जीप में पहले ही बैठ चुका था। इसी दौरान पीसीआर के पास पहुंचते ही जयपुर से भरतपुर की तरफ जा रहे ट्रक ड्राइवर रामकेश मीणा ने अतर सिंह को टक्कर मार दी।

## खैरथल-तिजारा में निर्माण कार्य पर रोक:पराली समेत प्रदूषण फैलाने वाले कामों पर प्रतिबंध

बढ़ता राजस्थान

**खैरथल।** नेशनल कैपिटल रीजन यानि एनसीआर में बढे वायु प्रदूषण को देखते हुए 17 दिसंबर को ग्रैप-4 लागू किया गया। इसे लेकर खैरथल-तिजारा जिले में बुधवार को जिला कलेक्टर किशोर कुमार ने वीसी के जरिए जिले से सभी विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान कलेक्टर ने कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुपालन को लेकर सभी संबंधित विभागों को जरूरी आदेश जारी किए। कलेक्टर ने कहा-वायु प्रदूषण पर नियंत्रण के लिए सभी विभागों को सख्त कार्रवाई करनी होगी। उन्होंने पराली जलाने पर रोक, वाहनों से निकलने वाले प्रदूषण की निगरानी, सड़कों पर उड़ने वाली धूल के नियंत्रण हेतु नियमित सफाई और पानी के छिड़काव को अनिवार्य किया है।

# प्रदेश में शीतलहर...

## सात जिलों में कोहरे का अलर्ट...

### माउंट आबू-शेखावाटी से ज्यादा ठंडा रहा करौली



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान में सर्दी के तेवर अब पूर्वी राजस्थान में तेज हो गए। मंगलवार को करौली में न्यूनतम तापमान सीकर, चूरू, माउंट आबू से भी नीचे दर्ज हुआ। मौसम विभाग ने प्रदेश में 19-20 दिसंबर से सर्दी और तेज होगी। शेखावाटी के शहरों में रात का न्यूनतम तापमान गिरने की संभावना जताई है।

20 दिसंबर से पूर्वी राजस्थान के जिलों में शीतलहर (कोल्ड-वेव) के साथ कोहरे का अलर्ट भी जारी किया है। मौसम विज्ञान केन्द्र जयपुर ने 7 जिलों में कोहरा पड़ने की संभावना जताई है। पाला पड़ने की भी आशंका है।

निदेशक राधेश्याम शर्मा ने बताया- एक हल्के प्रभाव के वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के कारण बुधवार को न्यूनतम तापमान में थोड़ी बढ़ोतरी हुई। लेकिन, 19 दिसंबर से राजस्थान में फिर से कोल्ड-वेव का प्रभाव बढ़ेगा। भरतपुर और कोटा संभाग के जिलों में अगले दो दिन कई जगह घना कोहरा छा सकता है।


### दिन के तापमान में गिरावट

राजस्थान में मंगलवार को दिन में आसमान में हल्की धुंध रहने और सर्द हवाएं चलने से अधिकतम तापमान में गिरावट हुई। गंगानगर, सीकर, जयपुर, बाड़मेर, जैसलमेर, जोधपुर, बीकानेर, चूरू, हनुमानगढ़, जालोर और सिरोही में अधिकतम तापमान 1 से लेकर 4 डिग्री सेल्सियस तक गिर गया। सबसे ज्यादा दिन के तापमान में गिरावट माउंट आबू में हुई, यहां पारा 7 .8 डिग्री गिरकर 16 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। अजमेर में अधिकतम तापमान 26 .3 डिग्री सेल्सियस, जयपुर में 23 .8, सीकर में 22 .5, कोटा में 24 .6, उदयपुर में 26 .4, बाड़मेर में 27, जोधपुर में 25 .8 और बीकानेर में अधिकतम तापमान 22 .8 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ।

## हर वर्ग और हर जन की सेवा ही राज्य सरकार का संकल्प : सीएम

बढ़ता राजस्थान

### कहा : लोककल्याणकारी फैसलों से पूरे राज्य में उत्साह का माहौल



**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार ने पूर्ण लगन एवं समर्पण से कार्य करते हुए एक वर्ष उत्कृष्टता के साथ पूरा किया है। इस एक साल में राज्य सरकार ने कई उपलब्धियां हासिल की है और प्रदेश के हर वर्ग और हर जन की सेवा को ही संकल्प मानकर निरंतर काम कर रही है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को भीलवाड़ा जिले के शाहपुरा में आयोजित एक कार्यक्रम के दौरान यह बात कही।

शर्मा ने शाहपुरा में त्रिमूर्ति सर्किल पर शहीदों को माल्यार्पण, केन्द्रीय बस स्टैण्ड पर शूरवीर योद्धा महाराणा प्रताप की मूर्ति तथा उम्मेद सागर पर डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की मूर्ति का अनावरण किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह में मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराणा प्रताप शौर्य, पराक्रम और स्वाभिमान के प्रतीक हैं। वे केवल राजस्थान ही नहीं बल्कि देश-दुनिया में भी लोगों की प्रेरणा के स्रोत हैं। साथ ही, डॉ. श्यामाप्रसाद मुखर्जी एक महान विचारक तथा प्रखर शिक्षाविद् होने के साथ-साथ एक कुशल संगठनकर्ता थे। आज इन विभूतियों की प्रतिमाओं के अनावरण से जनमानस इनके जीवन से परिचित होंगे जिससे उनमें देशभक्ति की भावना का संचार होगा। शर्मा ने कहा कि पहले ही वर्ष में राज्य सरकार ने राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट आयोजित कर प्रदेश के विकास और समृद्धि की नींव रख दी है। इस समिट में 35 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के एमओयू हुए हैं, जो प्रदेश की अर्थव्यवस्था को मजबूती देने के साथ ही हमारे युवाओं के लिए बड़ी संख्या में रोजगार के अवसर सृजित करेंगे। राज्य सरकार का एक वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में जयपुर में आयोजित समारोह में प्रधानमंत्री ने राजस्थान को एक लाख करोड़ रुपये से अधिक की विकास परियोजनाओं की सौगात दी हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार ने मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना, मा वाउचर योजना की शुरूआत तथा रामाश्रय वार्ड तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर की स्थापना कर राज्य के निवासियों को स्वस्थ एवं सुखी जीवन की नई राह प्रदान की है। पिछले एक साल के दौरान राज्य सरकार के लोककल्याणकारी फैसलों से पूरे राज्य में उत्साह का माहौल बना है। प्रदेश में अच्छे मानसून और पानी से लबालब भरे बांधों ने इस उत्साह को और ऊंचाई दी है। शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार द्वारा की गई बजट घोषणाएं न केवल 5 वर्षों में प्रदेश के विकास को आगे ले जाने का रोडमैप हैं बल्कि इनमें माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विकसित भारत के संकल्प को साकार करने का विजन भी है।

## किसान आंदोलन पर सुप्रीम कोर्ट बोला सीधे हमारे पास आएं प्रदर्शनकारी



बढ़ता राजस्थान

**पटियाला ( एजेंसी )।** किसान आंदोलन पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि किसानों के लिए हमारे दरवाजे हमेशा खुले हैं। वे सीधे अपने सुझाव या मांगें लेकर हमारे पास आ सकते हैं या अपना प्रतिनिधि भेज सकते हैं। सुप्रीम कोर्ट ने खनौरी बॉर्डर पर आमरण अनशन कर रहे किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल की तबीयत पर भी पंजाब सरकार से जवाब मांगा। पंजाब के अटॉर्नी जनरल गुरमिंदर सिंह ने कहा, डल्लेवाल के साथ बातचीत हुई है। उन्होंने अपने मेडिकल टेस्ट करवाने से इनकार कर दिया है। उनके सभी जरूरी अंग सही तरह से काम कर रहे हैं। सुप्रीम कोर्ट ने ऑर्डर में कहा, राज्य सरकार के लिए अच्छा नहीं होगा अगर डल्लेवाल को कुछ होता है और आरोप लगते हैं।

## दिल्ली में 60 साल से ऊपर बुजुर्गों का मुफ्त इलाज

### चुनाव से पहले केजरीवाल की तीसरी बड़ी घोषणा



बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** आम आदमी पार्टी के संयोजक अरविंद केजरीवाल ने बुधवार को बुजुर्गों के लिए संजीवनी योजना का ऐलान किया। दिल्ली विधानसभा चुनाव से पहले केजरीवाल ने घोषणा की कि 60 साल से ऊपर के बुजुर्गों का मुफ्त इलाज होगा। केजरीवाल ने साफ किया कि ये इलाज सभी बुजुर्गों के लिए मुफ्त होगा, चाहे वो किसी भी कैटेगरी में आते हों। इससे पहले केजरीवाल बुजुर्गों के लिए 2500 रुपए पेंशन, ऑटोवालों के लिए 5 लाख तक का बीमा और महिलाओं के लिए 1000 रुपए महीने की घोषणा कर चुके हैं। दिल्ली विधानसभा का मौजूदा कार्यकाल 23 फरवरी 2025 को खत्म हो रहा है। अगले दो महीने में चुनाव हो सकते हैं। पिछला विधानसभा चुनाव फरवरी 2020 में हुआ था, जिसमें आम आदमी पार्टी ने पूर्ण बहुमत हासिल किया था और 70 में से 62 सीटें जीती थीं।

### 12 दिसंबर: महिलाओं के लिए 1000 रुपए प्रति माह

केजरीवाल ने 12 दिसंबर को महिलाओं को हर महीने 1000 रुपए देने का ऐलान किया। इसे महिला सम्मान योजना नाम दिया गया है। 18 साल की उम्र पूरी करने वाली हर महिला इस स्कीम के दायरे में आएगी। केजरीवाल ने यह भी कहा कि चुनाव बाद महिलाओं को हर महीने मिलने वाली रकम को बढ़ाकर 2100 कर दिया जाएगा।

## राज्यसभा में जय भीम और माफी मांगो के नारे

### बीजेपी बोली- 10 सेकेंड की क्लिप दिखाकर विवाद

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली ( एजेंसी )।** संसद के शीतकालीन सत्र का बुधवार को 18वां दिन था। लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में अंबेडकर के अपमान को लेकर हंगामा हुआ। विपक्षी सांसदों ने सदन में जय भीम और माफी मांगो के नारे लगाए। कांग्रेस और विपक्ष के अन्य सांसदों का आरोप है कि गृहमंत्री अमित शाह ने बाबा साहेब का अपमान किया है। एक दिन पहले मंगलवार को राज्यसभा में गृह मंत्री अमित शाह ने संविधान पर चर्चा की थी। इस दौरान उन्होंने कहा था कि अगर वे (कांग्रेस) जितनी बार अंबेडकर का नाम लेते हैं, उतनी बार भगवान का नाम लेते तो उन्हें स्वर्ग में जगह मिलती। इस पर राज्यसभा में केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने कहा कि विपक्ष के नेता अमित शाह के बयान की सिर्फ 10-12 सेकेंड की वीडियो क्लिप दिखाकर देश को गुमराह कर रहे और विवाद खड़ा कर रहे हैं।

इस पर राज्यसभा में सभापति जगदीप धनखड़ ने कहा कि मैंने भी वीडियो दो बार देखा, उसमें कुछ भी गलत नहीं था। बाबा साहेब के आदर्शों से इतर उसमें कोई अन्य बात नहीं थी। इसके बाद दोनों सदन पूरे दिन के लिए स्थगित कर दिए गए।

### धनखड़ बोले- मैंने भी 2 बार देखा, गलत नहीं



### खड़गे बोले- क्या अब अंबेडकर का नाम लेना भी अपराध हो गया

राज्यसभा नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस सांसद मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा, जब अमित शाह अंबेडकर के बारे में बात कर रहे थे, तो उन्होंने कहा आप लोग 100 बार अंबेडकर का नाम लेते हैं, अगर आपने इतनी बार भगवान का नाम लिया होता, तो आप 7 बार स्वर्ग गए होते।

इसका मतलब है कि बाबा साहेब अंबेडकर का नाम लेना अपराध है और उनका इरादा बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा बनाए गए संविधान का विरोध करना था। मैं उनके इस्तीफे की मांग करता हूं।




सम्पादकीय कार्यालयः-डी-38,चौमू हाउस,सी-स्कीम,जयपुर(राज.) 302001, बून्दी, झालावाड़, बांरा,बहरोड़,,सुजानगढ़, रावतभाटा,अजमेर, भीलवाड़ा, सवाईमाधोपुर, सीकर, झुन्झुनू,खाटूश्याम जी, निम्बाहेड़ा, चूरु, धौलपुर, जौधपुर, उदयपुर, चाकसू,टोंक निवाई, पीपलू, मालपुरा, उनियारा, अलिगढ़, देवली, कोटपुतली, शाहपुरा, भरतपुर में प्रसारित



## भजन गायक संजय मित्तल को मोहित टेलर और जय टेलर ने भगवान श्री राम की हाथ की कड़ाई बनी प्रतिमा भेट की

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** कोलकत्ता के प्रसिद्ध भजन गायक संजय मित्तल जी को श्री श्याम संकीर्तन कार्यक्रम में सम्मानित किया गया।रामाज रिसोर्ट और कुर्तीस के ऑनर मोहित टेलर और जय टेलर ने संजय मित्तल जी को एक दुपट्टा और भगवान श्री राम की हाथ की कढ़ाई बनी प्रतिमा भेंट की। इस अवसर पर काले हनुमान जी से गोपाल दास जी महाराज, ज्योत सेवा पंकज जी महाराज, गोपाल सैन एंड पार्टी, सुनील, दीपू, अरुण, ललित, चीनू टेलर और अन्य सम्माननीय लोग उपस्थित रहे। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए मंडल परिवार को बधाई दी गई।

# जनहित के मुद्दों पर विपक्ष अपनी आवाज हमेशा करता रहेगा मुखर : नेता प्रतिपक्ष जूली

## तानाशाह सरकार ने पुलिस और प्रशासन का किया दुरुपयोग

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के निर्देश पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा और नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली के नेतृत्व में केंद्र सरकार की जन विरोधी नीतियों, अमेरिका की अदालत में अदानी पर लगे भ्रष्टाचार के आरोपो, पूंजीपतियों को संरक्षण देने और मणिपुर में बढ़ती हिंसा के विरोध में जयपुर के शहीद स्मारक से राज भवन तक कांग्रेस कार्यकर्ताओं का कूच का कार्यक्रम था लेकिन तानाशाह सरकार के इशारे पर पुलिस और प्रशासन का दुरुपयोग कर शांतिपूर्वक विरोध स्वरूप किए जा रहे कूच को रोक दिया गया। नेता प्रतिपक्ष जूली ने बताया कि इतना ही नहीं सर्दी के हालातो के बीच कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर पानी की बौछारें कर उन्हें प्रताड़ित किया गया। जूली और डोटासरा के नेतृत्व में कांग्रेस केंद्र और राज्य सरकार पर पूरी तरह हमलावर नजर आई। जूली बोले देश की जनता के लिए किए जा रहे हैं उनके विरोध स्वरूप मार्च को दबाव के चलते रोक दिया गया लेकिन कांग्रेस पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता चुप नहीं बैठेगा और जनहित के मुद्दों पर अपनी आवाज को हमेशा मुखर करता रहेगा। जूली बोले देश और प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी की सरकार जन विरोधी नीतियां बना रही है। उन्होंने कहा कि अमेरिका की अदालत में अदानी पर तो भ्रष्टाचार के आरोप लग गए लेकिन देश की सरकार अपने उद्योगपति मित्रों को संरक्षण दे रही है। उन्होंने कहा कि मणिपुर सालों से जल रहा है लेकिन केंद्र सरकार को इसकी कोई चिंता नहीं है। उन्होंने कहा कि हमारी माताओं बहनों को निर्वस्त्र कर सड़कों पर दौड़ाया गया। मणिपुर में खुला तांडव हुआ लेकिन देश के पीएम वहां जाने का समय ही नहीं है। उन्होंने कहा कि मणिपुर के सीएम कहते हैं कि यह कोई पहली घटना नहीं है ऐसी सैकड़ों घटनाएं यहां हो चुकी है जहां डबल इंजन की सरकार है।जूली बोले कोरोना जैसे हालातों के बाद भी पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजस्थान प्रदेश के पेयजल संकट को दूर करने के लिए ईआरसीपी योजना को राजस्थान प्रदेश में शुरू किया जिसकी झूठी वाहवाही पर्ची वाली सरकार देश के पीएम से उद्घाटन करा कर लूटने में लगी है। उन्होंने कहा कि कल जयपुर में आयोजित हुई मोदी की सभा में भीड़ जुटाने के लिए नरेगा मजदूरों को मुख्यमंत्री के गृह जिले से भरकर लाया




जिसके वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे हैं। उन्हें कहा कि जब बस की बात ही नहीं है तो क्यों बुलाते हो और सारा खर्चा सरकार के नाम पर माँढ देते हो। जूली ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी लूट और झूठ की सरकार है केंद्र और राज्य में यह सरकार झूठ और लूट पर चल रही है। जूली बोले हमारे कार्यकर्ता आम जनता तक यह संदेश पहुंचाएंगे और कांग्रेस को आगे लाने में मदद करेंगे। उन्होंने कहा कि नर्मदा का पानी झुंझुनूं तक आ गया है। झुंझुनूं के लोग यहां बैठे हैं। बता दें कि पानी कहां आया है। पानी कहां मिल रहा है। सब लोग जान रहे हैं। आज इनके हालात पूरा देश जान चुका है। इस दौरान पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट, पूर्व मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास, शकुंतला रावत, वैभव गहलोत सहित हजारों की संख्या में कॉन्ग्रेस पार्टी के पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# एसके वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट का हुआ शेड्यूल लॉन्च

## 20 को हवामहल से होगी शुरुआत, तीन दिवसीय फेस्ट में 4 देशों के 100 से अधिक स्पीकर रखेंगे विभिन्न विषयों पर अपने बहुमूल्य विचार, बॉलीवुड अभिनेता राहुल देव,अभिनेत्री मुग्धा गोडसे व महिमा चौधरी की होगी ग्रैंड उपस्थिति

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में चौथे एसके वर्ल्ड हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट का शेड्यूल लॉन्च किया, जिसमें 33 से अधिक सेशंस को शोकेस किया गया है। 20 दिसंबर से शुरू हो रहे तीन दिवसीय हेल्थ एंड वेलनेस फेस्ट में यूके, अर्जेंटीना, जर्मनी सहित 4 देशों के 100 से अधिक देशी विदेशी स्पीकर भाग ले रहे हैं। इस फेस्ट में संगीत के साथ कंप्लीट हेल्थ, मेंटल वेलनेस और कॉर्पोरेट वेलनेस से जुड़ी कई वर्कशॉप होगी जिसमें आयुर्वेद एवं योगा की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी। फेस्ट की आधिकारिक शुरुआत 20 दिसंबर को जयपुर हेरिटेज के प्रतीक हवामहल से की जाएगी, यहां जयपुर घराने की कथक नृत्यांगना मनीषा गुलियानी प्रस्तुति देंगी। संस्कृति युवा संस्था और आईआईईएमआर



द्वारा एसके फाइनेंस के सहयोग से फेस्ट आयोजित किया जा रहा है जो कि को—पावर्ड बाय आईएनए सोलर है।

**बॉलीवुड सेलिब्रेटी से बनेगा समां :** फेस्ट की शेड्यूल लॉन्चिंग सेरेमनी में संस्कृति युवा संस्था के अध्यक्ष पं. सुरेश मिश्रा, एसके फाइनेंस के इंडिया हेड मार्केटिंग अंशुल जैन, आईएनए सोलर के एमडी विकास जैन, टाई इंडिया एंजेल्स और रेन के चेयरमैन महावीर प्रताप शर्मा, ईएचसीसी हॉस्पिटल में इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजी के निदेशक डॉ. संजीव शर्मा, योगाचार्य ढाकाराम जैविक टोकरी के फाउंडर और सीईओ करण सिंह तोमर, एडवोकेट कमलेश शर्मा, अष्ठवेदा के डायरेक्टर हरिराम रिणवा, डॉ. प्रमिला संजय, कंट्री डायरेक्टर फ्लीट फोरम जिनेवा-इंडिया,मजलिस—शाम ए शब्द के संस्थापक दीपा माथुर और अभिषेक मिश्रा, नितेश तिवारी सीनियर जनरल मैनेजर ग्रोथ एंड यूनिट हैड, इटरनल हॉस्पिटल, सांगानेर, विकास शर्मा, हैड सेल्स एंड मार्केटिंग, नारायणा हेल्थ, दीपक शर्मा, वाइस प्रेसिडेंट, जयपुर रनर्स क्लब, प्रवीण तिजारिया, जयपुर रनर्स क्लब प्रेसिडेंट, अरविंद सांगवान, फाउंडर, फिट योगा आदि मौजूद रहे। फेस्ट में नारायणा अस्पताल, इटरनल हॉस्पिटल, फोर्टिज हॉस्पिटल और अपेक्स हॉस्पिटल अपना सहयोग दे रहे हैं। कार्यक्रम में बॉलीवुड अभिनेता राहुल देव, अभिनेत्री मुग्धा गोडसे, महिमा चौधरी जैसे सेलिब्रेटी अपनी उपस्थिति दर्ज कराएंगे।

# टटलू गैंग का मुख्य सरगना गिरफ्तार, 6 नकली सोने की ईंट बरामद

## वारदात में प्रयुक्त कार भी जब्त, आधा दर्जन वारदातों का खुलासा

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** मुहाना थाना पुलिस ने टटलू गैंग के मुख्य सरगना को गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से पुलिस ने 6 नकली सोने की ईंट बरामद की है। पुलिस ने वारदात में प्रयोग लाई जा रही कार को भी जब्त किया है। पूछताछ में आरोपी ने आधा दर्जन वारदात करना कबूल किया है। यह गैंग अब तक लाखों की ठगी की वारदातों को अंजाम दे चुकी है। पुलिस के अनुसार जयपुर शहर में नकली सोने की ईंट को असली बताकर सस्ते में बेचने का झांसा देकर आरोपी जाल में फंसाकर ठगी करते है। इस मामले में इस गैंग के मुख्य सरगरा इरशाद को गिरफ्तार कर कार को जब्त किया गया है। आरोपी मुहाना



मंडी के आस-पास बैठकर भोले भाले लोगों को ठगी का शिकार बनाते है। इसी के तहत पुलिस ने योजना बनाकर बोगस ग्राहक बनाकर बदमाशों के पास भेजा और 2 लाख रुपए में सौदा तय होने पर पुलिस ने इशारा पाकर घेराबंदी कर आरोपी को दबोच लिया। आरोपी पिछले एक साल में 27-28 बार जयपुर में आकर रुका और 3-4 बार में करीब 20 लाख रुपए की ठगी की वारदातों को अंजाम दिया है। गैंग द्वारा जयपुर, गुजरात, महाराष्ट्र के लोगों के साथ ठगी की वारदात करना सामने आया है। आरोपी 29 वर्षीय इरशाद डीग भरतपुर का रहने वाला है।

# राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान द्वारा जयपुर शहर की कॉलोनियो और सोसाइटी में हुआ आमजन का बड़ी संख्या में प्रकृति परीक्षण

## शिविर में बड़ी संख्या में वृद्धजनों, महिलाओं का प्रकृति परीक्षण हुआ

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** देश का प्रकृति प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों द्वारा जयपुर शहर और आसपास के गांव में बड़ी संख्या में 25 दिसम्बर तक आम जन का प्रकृति परीक्षण किया जा रहा है। आयुर्वेद चिकित्सकों द्वारा बुधवार को जयपुर शहर की कॉलोनियों और सोसाइटी में वर्द्धजनो, महिलाओं और युवाओं का बड़ी संख्या में प्रकृति परीक्षण किया गया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के चिकित्सकों द्वारा झालाना डूंगरी स्थित वार्ड नंबर 139 में डिवाइन भारत चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा प्रकृति परीक्षण कैम्प आयोजित किया गया । कार्यक्रम का शुभारंभ नगर निगम चैयरमेन ओर स्थानीय वार्ड पार्षद लक्ष्मण सिंह नुनीवाल, राजा पार्क भाजपा मंडल अध्यक्ष राजेश कुमार शर्मा और लोकेश शर्मा द्वारा कैंप का शुभारंभ किया गया। अभियान के अंतर्गत अंबिकेश्वर





महादेव मंदिर मॉडल टाउन, आगरा रोड जयपुर भगवती गार्डन प्रकृति परीक्षण शिविर का आयोजन अंबिकेश्वर महादेव मंदिर समिति के संरक्षक ललित शर्मा, अध्यक्ष बनवारी लाल शर्मा दिनेश गुप्ता के सहयोग से किया गया। प्रकृति प्रशिक्षण अभियान के अंतर्गत आम जन को वात पित्त और कब से संबंधित प्रकृति परीक्षण के विषय में जानकारी दी गई और स्वास्थ्य के लिए इसके लाभ को बताया गया। राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के प्रशिक्षित चिकित्सा विशेषज्ञों की टीम द्वारा प्रतिभागियों का परीक्षण किया गया । जिसमें उन्हें उनकी विशिष्ट शारीरिक प्रकृति और उसके स्वास्थ्य पर प्रभावों को समझने में सहायता प्रदान की गई । इस कार्यक्रम में प्रतिभागियों के रजिस्ट्रेशन एवं रिपोर्ट हेतु प्रकृति परीक्षण मोबाइल ऐप का उपयोग किया गया, जिसमें प्रत्येक प्रतिभागी को उनकी प्रकृति का डिजिटल प्रमाणपत्र देने के साथ आयुर्वेदिक दवाओं का किट भी प्रदान किया गया ।

**शिविर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान से डॉक्टर राकेश नागर :** डॉक्टर ब्रह्म दत्त शर्मा, डॉ अनिल पुष्कर, डॉ सुमन शर्मा के साथ आयुर्वेद चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। छात्र नेता आकाश यादव ओर अमन कसाना द्वारा युवाओं और छात्रों को प्रकृति परीक्षण करवाने के लिए प्रोत्साहित किया गया। शिविर में राष्ट्रीय आयुर्वेद संस्थान के प्रशासनिक अधिकारी नरेश कुमार गुप्ता, जनसंपर्क अधिकारी विनोद सैन ने प्रकृति परीक्षण के लिए सहयोग करने वाली संस्थाओं कॉलोनीवासियों और समिति के पदाधिकारीयो का आभार जताया।

# ताशकंद में फिल्म अभिनेता राज कपूर पर परिसंवाद



बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** उज़्बेकिस्तान की राजधानी ताशकंद में फिल्म अभिनेता राज कपूर जन्म शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय परिसंवाद हुआ। लाल बहादुर शास्त्री संस्कृति केंद्र, भारतीय दूतावास ताशकंद एवं ताशकंद स्टेट यूनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज के संयुक्त तत्त्वावधान में आयोजित परिसंवाद का मुख्य विषय था फ्रहिंदी सिनेमा की वैश्विक लोकप्रियता और राज कपूरफ्र। उद्घाटन सत्र की अध्यक्षता उज़्बेकिस्तान में भारत की राजदूत स्मिता पंत ने की। ताशकंद स्टेट युनिवर्सिटी ऑफ ओरिएंटल स्टडीज की रेक्टर डॉ. गुलचेहरा ने स्वागत वक्तव्य तथा लाल बहादुर शास्त्री संस्कृति केंद्र के निदेशक सितेश कुमार ने भूमिका रखी। मुख्य अतिथि फ़िल्म निर्देशक उमेश मेहरा ने राज कपूर से जुड़े कई प्रसंगों को साझा किया। प्रोफेसर उल्फ़त मोहिबोवा ने राज कपूर और उज़्बेकिस्तान के रिश्तों की बारीक पड़ताल की । इस अवसर पर प्रयागराज, भारत से प्रकाशित होनेवाली प्रतिष्ठित यूजीसी केयर लिस्टेड शोध पत्रिका 'अनहद लोक' के राज कपूर विशेषांक का लोकार्पण भी किया गया। परिसंवाद में प्रस्तुत सभी शोध आलेखों को इस अंक के माध्यम से प्रकाशित किया गया है। कार्यक्रम में संयोजक डॉ मनीष कुमार मिश्रा, विजिटिंग प्रोफेसर, भारतीय सांस्कृतिक संबंध परिषद, हिंदी चेयर एवं डॉ निलोफर खोदेजेवा ने प्रस्ताविकी प्रस्तुत की। उज़्बेकिस्तान के उस्तादों को सम्मानित करने की योजना को शुरू करने की बात भारत की उज़्बेकिस्तान में राजदूत स्मिता पंत ने रखी। चार तकनीकी सत्रों की अध्यक्षता क्रमश: स्कूल ऑफ फॉरेन लैंग्वेजेज, जामिया मिल्लिया इस्लामिया विश्वविद्यालय के डॉ रिजवान और ताशकंद स्टेट युनिवर्सिटी के डॉ सिराजुद्दीन, मुंबई के सेंट जेवियर्स कॉलेज में एसोसिएट प्रोफेसर डॉ अवकाश जाधव, व्यंकटेश्वर कॉलेज, नई दिल्ली में इतिहास विभाग के अध्यक्ष प्रोफ़ेसर निर्मल कुमार तथा अनहद लोक पत्रिका की संपादक डॉ मधु रानी शुक्ला ने की। ऑनलाइन सत्रों के कुशल संयोजन में परवीन कुमार ने महती भूमिका निभाई। समापन सत्र में परिसंवाद रिपोर्ट डॉ मनीष कुमार मिश्रा ने प्रस्तुत की। डॉ निलोफर खोदेजेवा ने प्रतिभागियों के मंतव्य सुने। सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

## 'एमडीएच मेरे गांव की मिट्टी' जागरुकता अभियान के नागौर पहुंचने पर किसानों के लिए बड़ी घोषणाएं

# नागौर में पेस्टीसाइड टेस्ट लैब को जल्द स्थापित करेंगे : सुरेश राठी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** देश के किसानों को पेस्टीसाइड से होने वाले दुष्परिणामों से अवगत कराने और फसल की गुणवत्ता के साथ-साथ आय में इजाफा करने के लिए दिल्ली से नागौर पहुंचे 'मेरे गांव की मिट्टी' शुद्ध उगाओ, शुद्ध खिलाओं,' जागरुकता अभियान का एमडीएच परिवार के सुरेश राठी और पूरी टीम ने जोरदार स्वागत किया। इस मौके पर सुरेश राठी ने दो अति महत्वपूर्ण घोषणाएं देश भर के किसानों के लिए की। पहली धोषणा है कि एमडीएच उन किसानों को बाजार भाव से अतिरिक्त मूल्य देगा, जिनकी उपज विदेशी बाजार और देश के तय बाजार के मानकों के अनुसार होगी और जिनमें पेस्टीसाइड नहीं के बराबर पाया जाएगा। सुरेश राठी ने बताया कि एमडीएच ग्रुप, आईपीएम क्वालिटी के जीरा को सामान्य जीरा के मुकाबले 15 फिसदी और मेथी पत्ता पर 20 फीसदी तक बाजार भाव से अधिक मूल्य पर खरीद करेगा। इसके साथ ही राठी ने कहा कि आईपीएम ग्रुप के चेयरमैन राजीव गुलाटी की इच्छा है कि नागौर में फसल खरीद के समय पेस्टीसाइड टेस्ट की सुविधा नागौर में ही हो, जिसके लिए राजस्थान सरकार, जिला प्रशासन, और आईसीएआर से लैब स्थापित करने में आवश्यक सहयोग की अपील की गई। राजस्थान किसान आयोग के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद सी आर चौधरी ने कहा कि एमडीएच के जागरुकता अभियान को जन चेतना का अभियान बनाना है, जिससे देश का हर किसान जागरुक हो और आम जन को स्वस्थ अन्न मिले। नागौर जिलाधीश अरुण कुमार पुरोहित ने विश्वास दिलाया कि पेस्टीसाइड लैब टेस्ट के लिए प्रशासन हर संभव मदद के लिए तैयार है। अरुण कुमार ने बताया कि नागौर की कसूरी मेथी अपनी खुशबू, रंग और स्वाद के लिए दुनिया भर में जानी जाती है। आईसीएआर के डायरेक्टर डॉ विनय अग्रवाल ने कहा कि एमडीएच की पहल 'मेरे गांव की मिट्टी' एक सराहनीय कदम है। अगर किसान कम



पेस्टीसाइड के कृषि उत्पाद उगाएगा तो निश्चित तौर पर उसे फसल का बेहतरीन दाम भी मिलेगा और खेत की मिट्टी के तत्व भी बरकरार रहेंगे। जरूरत सिर्फ किसान के जागरुक होने की है, और आईसीएआर इस नेक काम में साथ है। भारत से वर्ष 2023-24 में मसालों का कुल निर्यात 4.46 अरब डॉलर का हुआ है, जिससे पता चलता है कि अगर मसाला इंडस्ट्री और सरकार मिलकर किसानों को पेस्टीसाइड को लेकर शिक्षित करें तो 2030 तक भारतीय मसाला कारोबार 20 अरब डॉलर का हो सकता है।

# सुशासन सप्ताह के तहत 19 दिसंबर को आयोजित होगा जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम

## कलक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक आयोजित होगा कार्यक्रम

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर ( का.स. )।** सुशासन सप्ताह के पहले दिन 19 दिसंबर, 2024 को जिला कलक्ट्रेट सभागार में प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जयपुर एवं जयपुर ग्रामीण जिला की जिला स्तरीय जनसुनवाई एवं समाधान कार्यक्रम आयोजित होगा। अतिरिक्त जिला कलक्टर श्रीमती कुंतल विश्नोई ने बताया कि गुरुवार को सुशासन सप्ताह का शुभारंभ होगा। जिसके तहत जनभावना के अनुरूप पारदर्शी एवं संवेदनशील वातावरण में आमजन की परिवेदनाओं एवं समस्याओं की सुनवाई एवं त्वरित समाधान के लिए आयोजित होने वाले जनसुनवाई कार्यक्रम में जिले के जनप्रतिनिधि एवं समस्त संबंधित विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी भाग लेंगे।

जिलास्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम में वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से मुख्य सचिव या प्रभारी सचिव भी जुड़ेंगे। जिले के सभी उपखण्ड अधिकारी सहित सभी ब्लॉक स्तरीय अधिकारी भी वीडियो कान्फ्रेंस के माध्यम से हिस्सा लेंगे। इस दौरान जिले के सभी विभागों के अधिकारी जनसुनवाई में भाग लेकर आमजन की समस्याओं का निस्तारण करेंगे। इससे पहले गुरुवार को ही जिला कलक्टर की अध्यक्षता में जिला जन अभियोग एवं सतर्कता समिति की बैठक प्रातः 10:30 बजे आयोजित की जायेगी। बैठक में समिति में दर्ज प्रकरणों पर गहनता से चर्चा की जायेगी।

# जिला प्रशासन का एक और अभियान : पीएम जीवन ज्योति और पीएम सुरक्षा बीमा योजना का महाअभियान शुरू

- अब हर वंचित व्यक्ति जुड़ेगा भारत सरकार की इन किफायती बीमा योजनाओं में
- सामाजिक सुरक्षा योजनाओं के लिए प्रशासन प्रतिबद्ध, कलक्टर ने राजीविका की बैंकर्स बैठक में दिए निर्देश

बढ़ता राजस्थान



**राजसमंद ( नि.स. )।** जिला प्रशासन ने प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना और प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना में समस्त वंचित नागरिकों को जोड़ने के लिए विशेष महाअभियान की शुरुआत की है। जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा, जो सामाजिक सुरक्षा योजनाओं को आम जन तक पहुंचाने के प्रति प्रतिबद्ध हैं, ने इस अभियान की शुरुआत करते हुए जिले में अधिक से अधिक नागरिकों को योजना से जोड़ने का लक्ष्य निर्धारित किया है।

प्रधानमंत्री जीवन ज्योति बीमा योजना भारत सरकार द्वारा लागू की गई एक महत्वाकांक्षी योजना है, जिसके तहत मात्र 436 रुपए वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख का जीवन बीमा कवर प्रदान किया जाता है। यह योजना 18 से 50 वर्ष की आयु के सभी बचत खाता धारकों के लिए लागू है। प्रीमियम की राशि खाताधारकों के बैंक खाते से ऑटो डेबिट के माध्यम से काटी जाती है। इसी तरह प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना भारत सरकार द्वारा 2015 में शुरू की गई एक महत्वपूर्ण सामाजिक सुरक्षा योजना है, जिसका उद्देश्य आम जनता को सस्ते और सुलभ दुर्घटना बीमा प्रदान करना है। इस योजना के तहत 18 से 70 वर्ष आयु के सभी भारतीय नागरिक 20 के वार्षिक प्रीमियम पर 2 लाख रुपए तक का दुर्घटना बीमा प्राप्त कर सकते हैं। आंशिक विकलांगता की स्थिति में 1 लाख का कवर दिया जाता है।

योजना का प्रीमियम लाभार्थी के बैंक खाते से ऑटो डेबिट सुविधा के माध्यम से काटा जाता है। इस महाअभियान के तहत प्रशासन का उद्देश्य है कि जिले के सभी पात्र नागरिकों को इस योजना का लाभ मिल सके। खासतौर पर उन वंचित और जरूरतमंद लोगों को जो अभी तक इस योजना का हिस्सा नहीं बने हैं। जिला प्रशासन के प्रयासों के तहत विभिन्न विभागों जैसे कृषि, राजीविका, पंचायती राज और राजस्व विभाग को सक्रिय रूप से शामिल किया गया है। आने वाले दिनों में विशेष शिविरों के माध्यम से इन दोनों योजनाओं में लोगों को जोड़ा जाएगा। साथ ही कलक्टर शीघ्र ही विभागों की वीसी लेंगे। जिला कलक्टर असावा ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस योजना का लाभ उठाएं और अपने जीवन को सुरक्षित बनाएं। साथ ही, यह सुनिश्चित करने के लिए कि योजना का लाभ अधिकतम लोगों तक पहुंचे, प्रशासन विभिन्न जागरूकता अभियान भी चला रहा है। यह महाअभियान सामाजिक सुरक्षा के क्षेत्र में एक मील का पत्थर साबित होगा और जिले के नागरिकों के जीवन स्तर को बेहतर बनाने में मदद करेगा।

**जिला स्तरीय बैंकर्स कार्यशाला में किया आह्वान :** राजीविका के तत्वावधान में जिला स्तरीय बैंकर्स कार्यशाला का आयोजन जिला परिषद सभागार भवन राजसमंद में किया गया।

जिला कलक्टर बालमुकुंद असावा, जिला परिषद मुख्य कार्यकारी अधिकारी बृजमोहन बैरवा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी व जिला परियोजना प्रबंधक राजीविका डॉ. सुमन अजमेरा, डीडीएम नाबार्ड आशीष जैन, अग्रणी जिला प्रबंधक प्रेम शंकर जीनगर, आरसेटी निदेशक दीपक गहलोत द्वारा माँ शारदे के दीप प्रज्वलित करते हुए बैंकर्स कार्यशाला का शुभारंभ किया गया।

## शीतलहर से बचाव के लिए जिला कलक्टर ने जारी की एडवाइजरी

# शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, कानों की लोब, नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति रहे सजग : जिला कलक्टर

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली( बिल्लूराम सैनी ) ।** शीतकालीन मौसम में जिले में सामान्य से न्यूनतम तापमान से शीतलहर व पाला पड़ने की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल ने एडवाइजरी जारी करते हुए आमजन बचाव रखने की अपील की गई। साथ ही आदेश जारी करते हुए विभागवार निर्देशों की पालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**आमजन शीतलहर से पहले क्या करें :** जिला कलक्टर ने आमजन से सर्दियों के कपड़े पर्याप्त मात्रा में पहनने तथा आपातकालीन आपूर्तियों के लिए सभी जरूरी सामान तैयार रखने की एडवाइजरी जारी की गई।

**शीतलहर के दौरान क्या करें :** जितना संभव हो, घर के अंदर रहें। ठंडी हवा से बचने के लिए कम से कम यात्रा करें। अपने शरीर को सुखाकर रखें। यदि कपड़े गीले हो जाएँ, तो उन्हें तुरंत बदलें। इससे शरीर की उष्मा बनी रहेगी। मौसम की ताजा जानकारी के लिए रेडियो सुनें, टीवी देखें, समाचार पत्र पढ़ें। नियमित रूप से गर्म पेय पिएं। बुजुर्गों और बच्चों का विशेष ख्याल रखें। शीतदंश के लक्षणों जैसे उंगलियों, पैर की उंगलियों, कानों की लोब और नाक की नोक पर सुन्नता, सफेदी या पीलेपन के प्रति सजग रहें। शीतदंश से प्रभावित हिस्से की मालिश न करें। इससे अधिक नुकसान हो सकता है। शीतदंश से प्रभावित शरीर के हिस्सों को गुनगुने पानी में डालें। कंपकंपी को नजरअंदाज न करें - यह एक महत्वपूर्ण अग्रिम संकेत है कि शरीर गर्मी खो रहा है। कंपकंपी महसूस होने पर तुरंत घर लौटें।

## धाकड़ परिवार की ओर से हॉस्पीटल परिसर में आज से 15000 वस्त्रों का नि:शुल्क वितरण

बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर(दिनेश गोठवाल)।** इस साल सर्दी का प्रकोप बहुत ज्यादा है और गरीब लोग काफी तकलीफ का सामना कर रहे हैं। गरीब लोगों को इस हाड़ कंपाने वाली सर्दी में बिना ऊनी वस्त्रों के काम करना पड़ रहा है। उनकी इस तकलीफ को देखते हुए धाकड़ परिवार की ओर से 19 दिसम्बर से महाराणा भूपाल सार्वजनिक चिकित्सालय के ओपीडी के बाहर तीन दिवसीय 15000 वस्त्र वितरण कर्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। धाकड़ गार्डन के निदेशक डी.पी.धाकड़ ने बताया कि सूरजदेवी एवं भेरूलाल धाकड की स्मृति में आयोजित उक्त कार्यक्रम इन वस्त्रों में पुरुष,महिला,बच्चों को कोट, स्वेटर, जैकेट, टीशर्ट,पेंट,शर्ट वितरीत किये जायेंगे।

अंजुला धाकड़ ने बताया कि उन्होंने बताया कि कोई भी जरूरतमंद पुरुष,महिला व बच्चें 19 से 21 दिसंबर तक प्रात: 11 बजे से सायं 4 बजे' के बीच उपरोक्त स्थान से नि:शुल्क प्राप्त कर सकते हैं। उदयपुर के सभी सेवाभावी लोगों का आव्हान किया कि वे न तीन दिनों में कभी भी 10 मिनिट के लिए कार्यक्रम स्थल पर आ कर अपने हाथों से 10 जरूरतमंद लोगों को वस्त्र पहना कर इस महा वस्त्रदान अभियान में अपना अमूल्य सहयोग प्रदान करें।

## श्री नाकोडा जी जाने वाले 51 पद यात्रियों का किया सम्मान



बढ़ता राजस्थान

**उदयपुर(दिनेश गोठवाल)।** श्री नाकोडा पार्श्व भैरव कृपा संस्थान उदयपुर द्वारा उदयपुर से नाकोडा जी पैदल जाने वाले 51 पद यात्रियों का जैन विधि से सम्मान कर विदाई दी। संस्थान के राकेश धनावत ने बताया कि इस अवसर पर महेन्द्र चोरडिया,राजकुमार,अरविन्द चण्डालिया,विनोद परमार आदि सदस्य उपस्थित थे। संस्थान अध्यक्ष श्रीपाल मुणेत ने सभी यात्रियों को श्रीफल देकर यात्रा की मंगलमय कामना की। श्री नाकोडा भैरव मित्र मंडल के अध्यक्ष नितेश धनावत व सुधिर दशोरिया ने बताया कि मंडल द्वारा यह द्वितीय पैदल आयोजित की गई है जो करीब 31 दिसम्बर तक श्री नाकोडा तीर्थ पंहुचेगी।

# विहिप का धर्म रक्षा निधि संग्रह अभियान प्रारम्भ

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी ) ।** विश्व हिन्दू परिषद द्वारा धर्म रक्षा निधि संग्रह अभियान प्रारम्भ किया गया। जिलाध्यक्ष डॉ. अश्वनी गोयल ने बताया कि कोटपूतली में धर्म की रक्षा के लिए विहिप से जुड़े और संगठन के शुभचिंतकों, समाजसेवी, व्यवसायी वर्ग से विहिप के पदाधिकारी संपर्क कर धर्मरक्षा निधि समर्पण का सहयोग लेंगे। विश्व हिन्दू परिषद द्वारा वर्ष में एक बार धर्म रक्षा निधि के लिए समाज में सम्पर्क कर धन संग्रह का कार्य किया जाता है। प्राप्त राशि से विश्व हिंदू परिषद के द्वारा विभिन्न सेवा कार्य किये जाते हैं। क्योंकि किसी भी संगठन को चलाने में धन बहुत ही महत्वपूर्ण होता है। सहयोग हेतू 500 से 2000 तक नगद तथा 2000 से अधिक राशि चैक द्वारा स्वीकार की जायेगी। जिला संयोजक नेमीचंद हिन्दू ने बताया कि विहिप द्वारा गौरक्षा, गौसेवा, एकल विद्यालय, सेवा केंद्र, संस्कार शाला, धर्मान्तरण रोकना, घर वापसी, पूर्णकालिक कार्यकर्ता निर्माण आदि महत्वपूर्ण धार्मिक, सामाजिक, राष्ट्र हित कार्यो हेतु वर्ष में एक बार धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान चलाता है। जिससे संगठन और धर्म के कार्य को निरंतर मजबूती मिलती रहे। वर्तमान परिस्थिति में धर्म की रक्षा कर समाज को एकजुट रखने की विशेष आवश्यकता है। ताकी धर्म विरोधी और राष्ट्र विरोधी ताकतें हमारे राष्ट्र को कमजोर ना कर सके। कोटपूतली जिले के निवासी समाज के संपन्न लोगों से विहिप आह्वान करती है कि वे आगे आकर धर्म रक्षा निधि समर्पण अभियान में बढ़ चढकर सहयोग करें। नगर मंत्री तूफान सोनी ने बताया कि गत वर्ष विहिप ने हिन्दू नववर्ष कार्यक्रम, भगवा ध्वज यात्रायें, सत्संग, मिलन, शस्त्र पूजन, सेवा कार्य, बलोपासना केंद्र, विभिन्न हिन्दू हित आंदोलन, धरना, ज्ञापन आदि कार्यक्रम समाज के सहयोग से सम्पन्न किये। टोली में जिला मंत्री महावीर सिंह, रिंकू लखेरा, अरुण सैनी, धर्मवीर कुमावत आदि मौजूद रहे।

## जिला अभिभाषक संघ की कार्यकारिणी का विस्तार

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** जिला अभिभाषक संघ कोटपूतली-बहरोड़ के नवनिर्वाचित अध्यक्ष एड. उदयसिंह तंवर ने अपनी कार्यकारिणी का विस्तार किया है। कार्यकारिणी में एड. विजय सैनी को संयुक्त सचिव, एड. चेतराम रावत को संगठन सचिव, एड. ओमप्रकाश सैनी तृतीय को पुस्तकालय सचिव, एड. नवीन कुमार मीणा को संगठन सह सचिव, एड. रेखा चतुर्वेदी को सांस्कृतिक सचिव, एड. विकास कुमार मीणा को कार्यालय प्रभारी व एड. मुकेश कुमार यादव को सोशियल मीडिया प्रभारी व संघ का प्रवक्ता नियुक्त किया है। उपरोक्त नियुक्ति पर बड़ी संख्या में अधिवक्ताओं ने हर्ष व्यक्त करते हुये बधाई दी।

## भीम गोमती ब्यावर हाईवे फोर लाइन में कस्बे में ओपन ब्रिज से जुड़ा मामला

# हाईवे संघर्ष समिति के आह्वान पर संपूर्ण कस्बा बंद

# बंद को लेकर सुरक्षा की दृष्टि से भारी पुलिस बल पहुंचा भीम

बढ़ता राजस्थान




**राजसमंद ( सुरेश बागोरा )।** राजसमंद मे गोमती ब्यावर फोर लाइन हाईवे पर भीम कस्बे में ओपन ब्रिज की मांग को लेकर हाईवे संघर्ष समिति के संगठन द्वारा विरोध प्रदर्शन का बुधवार को तीसरा दिन था। वही संगठन ने ओपन ब्रिज की मांग को लेकर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय के सामने धरना प्रदर्शन कर बुधवार को संपूर्ण रूप से भीम कस्बे का बंद का किया गया था। आह्वान बंद के दौरान आपातकालीन सेवाएं भी दोपहर 2 तक बंद रही। वही भीम में ओपन ब्रिज को लेकर राजस्थान की डिप्टी सीएम दिया कुमारी के सांसद कार्यकाल में भी आगमन पर कस्बे की जनता को ओप नब्रिज का आश्वासन दिया गया था। लेकिन बंद ब्रिज बनाया जा रहा है। उसी के विरोध में आक्रोशित व्यापारीयों का प्रतिनिधि मंडल द्वारा 15 तारीख को डिप्टी सीएम दिया कुमारी के राजसमंद दौरे पर आने के दौरान भी ओपन ब्रिज की मांग का मुद्दा रखा गया था। तब भी डिप्टी सीएम ने आश्वासन दिया। वहीं प्रदर्शन कर्ताओं ने मुख्य बाजार के बीच टेंट लगाकर धरना शुरू किया।

# रोटरेक्ट क्लब द्वारा डोनेश ड्राइव आयोजित

बढ़ता राजस्थान




**उदयपुर ( दिनेश गोठवाल )।** रोटरेक्ट क्लब ऐश्वर्या द्वारा विंटर क्लॉथ डोनेशन ड्राइव के अंतर्गत शीतकालीन वस्त्र दान अभियान आयोजित किया गया। प्रोग्राम चेयर रोटरेक्टर किशोर कुमार ने बताया कि इस अभियान में जरूरतमंद लोगों के लिए स्वेटर, जैकेट और कंबल एकत्रित किए गए एवं जुग्गी झोपड़ियों के आसपास के परिवारों में वितरण किया गया। क्लब अध्यक्ष रोटरेक्टर शमील शेख ने कहा कि इस कड़कड़ाती सर्दी में जरूरतमंदों को गर्म कपड़ों का दान करना चाहिए, इस पहल का उद्देश्य सर्दी से बचाव करने के लिए जरूरतमंदों तक गर्म कपड़े पहुँचाना हैं। इस अभियान का दूसरा चरण दिसम्बर के अंतिम सप्ताह में आयोजित किया जाएगा। अभियान में रोटरेक्टर प्रियल जोशी, शैलेन्द्र कुमार, प्रितम सिंह, खुश्मिता सिंह, दीक्षिता प्रजापत, एवं अन्य सम्मिलित रहें।

## नौनीहालो ने गटकी स्वरण प्राशन्न की बूंदे

बढ़ता राजस्थान

**साहवा ( नि.स. )।** बुधवार को राजकीय आयुर्वेदिक औषधालय पूंनसीसर में पुष्य नक्षत्र में इम्यूनिटी बूस्टर डोज स्वरण प्राशन्न करवाया गया बच्चों में हर प्रकार के रोगों के प्रति रोग प्रतिरोधक क्षमता विकसित करने का नवाचार शुरू किया गया आगामी 3 माह मे निरंतर पिलाने का लक्ष्य रखा गया आज लगभग 140 बच्चों को स्वर्ण प्राशन करवाया गया। वैद्य नारायदत्त शर्मा ने बताया कि एलोपैथी में टीकाकरण किया जाता है वह कुछ विशेष बीमारियों के लिए होता है किंतु स्वरण प्राशन्न संस्कार अपने आप में संपूर्ण रोगों से लड़ने की क्षमता पैदा करता है इस अवसर पर विद्यालय के समस्त स्टाफ व ग्रामीणजन उपस्थित रहे।




**OFFICE OF GRAM PANCHAYAT BHUWALA PS DHOD**

NO:- 222 DATE:-18/12/2024

**Notice Inviting Bid**

Bids for APURAN CHARDIWARI NIRMAN KARY SAMSAAN GHAT GRAM PANCHAY-AT BHUWALA 2024-25 are invited from inter-ested bidders up to 18:00 PM on 26.12.2024 other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in, http://eproc.rajasthan.gov.in) of the state.

NIB:-PIR2425A0246

UBN:- PIR2425WSOB00232

**SARPANCH GP BHUWAL** **VDO GP BHUWALA**

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुण्डोता, पं. स. जालसू, जयपुर**

कमांक / ग्रा.पं. मुण्डोता / निर्माण / निविदा/2024-25/389 दिनांक : 12.12.2024

**खुली निविदा (विज्ञापन) सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के पत्रांक 386-388 दिनांक 10.12.2024 द्वारा पंचायत समिति जालसू की अधीनस्थ ग्राम पंचायत मुण्डोता में निर्माण कार्यों हेतु ग्रामीण विकास एवं पंचायतीराज विभाग के आदेश क्रमांक 2059 दिनांक 21.09.2012 के तहत नियम 181 में विभिन्न कार्यों के लिये मुहरबन्द निविदा के माध्यम से पंजीकृत सखम श्रेणी ए, बी, एवं सी तथा डी व ई श्रेणी के संवेदकों से निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्मो/ संवेदकों निजका जी.एस.टी. के अन्तर्गत पंजीकृत होना आवश्यक है। पंजीकृत सक्षम श्रेणी की फर्मों/ संवेदकों से, निर्माण कार्यों हेतु जिसका विवरण व शर्तों निर्धारित प्रपत्र में वेबसाईट http://sppp.rajasthan.gov.in पर ऑनलाईन है, निर्माण कार्यों हेतु निविदा आंमत्रित की जाती है। जिनके NIB code PKU2425A0103 and UBN is: PKU2425WSRC00382, PK2425WSRC00383, PK2425WSRC00384 विस्तृत जानकारी http://sppp.rajasthan.gov.in पर देखी व डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

**सरपंच ग्राम पंचायत मुण्डोता, पं.स. जालसू, जयपुर** **ग्राम विकास अधिकारी ग्राम पंचायत मुण्डोता, पं.स. जालसू, जयपुर**

**DIPR/C/12992/2024**

**कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग खण्ड टोंक**

क्रमांक:-अअ टोक/जन. स्वा./निविदा/2024-25/ दिनांक

**निविदा सूचना 65-73/2024-25 के लिये नोट प्रकाशन**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से इस खण्ड के अधीनस्थ निम्न कार्यों हेतु सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से मुहरबन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा प्रपत्र इस कार्यालय से निविदा में अंकित दिवस तक किसी भी कार्य दिवस को निविदा शुल्क राशि नकद जमा करवाकर प्राप्त किये जा सकते हैं। डाउनलोड किये गये निविदा प्रपत्रों का निविदा शुल्क खजांची को नकद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट से धरोहर राशि के साथ जमा कराना आवश्यक होगा अन्यथा निविदा स्वीकार नहीं की जायेंगी।

| **निविदा का कार्य** | : | **खण्ड टोंक के अधीन विभिन्न कार्य** | |
|---|---|---|---|
| NIB | : | PHE2425A3284 | |
| UBN No. | : | 1. PHE2425SSOB06963 | 2. PHE2425SSOB06964 |
| | | 3. PHE2425WSOB06965 | 4. PHE2425WSOB06966 |
| | | 5. PHE2425WSOB06967 | 6. PHE2425WSOB06968 |
| | | 7. PHE2425WSOB06969 | 8. PHE2425WSOB06970 |
| | | 9. PHE2425WSOB06971 | |
| निविदा बेचने की तारीख | : | 19.12.2024 सायं 6.00 बजे तक | |
| निविदा शुल्क जमा कराने की तारीख | : | 19.12.2024 सायं 6.00 बजे तक | |
| धरोहर राशि जमा कराने की तारीख | : | 20.12.2024 सायं 3.00 बजे तक | |
| निविदा प्राप्त करने की तारीख | : | 20.12.2024 सायं 3.00 बजे तक | |
| निविदा खोलने की तारीख | : | 20.12.2024 सायं 3.30 बजे तक | |

संवेदक Rajasthan public procurement portal वेबसाईट से उक्त निविदा का विवरण प्राप्त कर सकते है।

**कालूराम मीना**
**अधिशाषी अभियन्ता**
**जन स्वास्थ्य अभियांत्रिक विभाग,खण्ड टोंक**

## सम्पादकीय

### श्रीलंका ने चीन की बजाय भारत को चुना, सत्ता में आते ही राष्ट्रपति दिसानायके की बदली धारणा

पड़ोसी के रूप में भारत और श्रीलंका के बीच केवल कूटनीतिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि आपसी सहयोग के स्तर पर भी संबंधों की एक मजबूत कड़ी रही है। मगर पिछले कुछ समय से बदलती भू-राजनीतिक तस्वीर में श्रीलंका में चीन के प्रभाव का विस्तार होता दिखा है। हाल ही में जब वहां के संसदीय चुनाव में श्रीलंका के राष्ट्रपति अनुरा कुमार दिसानायके के नेतृत्व वाले गठबंधन को भारी जीत मिली तो इस धारणा को और बल मिला कि अब शायद चीन को वहां अपने पांव और फैलाने का मौका मिलेगा। मगर सत्ता में आने के बाद अब जिस तरह दिसानायके ने अपने विदेश दौरे के लिए सबसे पहले भारत को चुना, उससे कई संकेत उभरते हैं। यों भी कोई देश कूटनीतिक स्तर पर भले ही दुनिया भर में अपने संपर्कों का विस्तार करे, लेकिन बहुत कुछ इस पर भी निर्भर करता है कि अपने पड़ोसी देशों के साथ उसके संबंध कैसे हैं। इस लिहाज से श्रीलंका के राष्ट्रपति दिसानायके के भारत दौरे की अपनी अहमियत है। दरअसल, करीब दो वर्ष पहले जब श्रीलंका घोर आर्थिक संकट से जूझ रहा था और वहां अराजकता जैसे हालात पैदा हुए, तब भी भारत ने उस स्थिति से उबरने में अपनी ओर से हर स्तर पर सहयोग किया था। श्रीलंका के राष्ट्रपति ने इस सहयोग को याद करते हुए एक तरह से भारत के प्रति आभार जताया और साफ शब्दों में यह आश्वासन दिया कि वे अपने देश की जमीन का इस्तेमाल भारत के खिलाफ नहीं होने देंगे। यह भारत के लिए एक राहत भरा संदेश है, क्योंकि सीमापार के इलाकों में स्थित ठिकानों से संचालित आतंकी गतिविधियों का दंश भारत ने लंबे समय से झेला है।

इसके अलावा, भारत और श्रीलंका ने अपनी साझेदारी को विस्तार देने के लिए भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाते हुए रक्षा सौदे को जल्द अंतिम रूप देने का संकल्प लिया और बिजली ग्रिड कनेक्टिविटी और बहु-उत्पाद पेट्रोलियम पाइपलाइन स्थापित करके ऊर्जा संबंधों को मजबूत करने का भी फैसला लिया है। आर्थिक और ऊर्जा क्षेत्र में साझेदारी के साथ ही साइबर सुरक्षा के लिए नए मोर्चे पर काम करने के साथ-साथ आतंकवाद, तस्करी और संगठित अपराधों के खिलाफ साझा लड़ाई के लिए भी सहयोग को विस्तार दिया जाएगा। कहा जा सकता है कि एक विकट दौर से निकल कर श्रीलंका अब अपनी स्थिति में सुधार के लिए ठोस प्रयास कर रहा है। इस क्रम में भारत के साथ संबंधों के नए अध्याय से भविष्य को लेकर बेहतर उम्मीदें पैदा होती हैं। गौरतलब है कि अनुरा कुमार दिसानायके जनता विमुक्ति पेरामुना यानी जेवीपी के सबसे अहम नेता रहे हैं और उन्होंने वामपंथी दलों के गठबंधन नेशनल पीपल्स पावर यानी एनपीपी के तहत चुनाव लड़ा था। एनपीपी का भारत विरोधी रुख छिपा नहीं रहा है। इसलिए यह आशंका स्वाभाविक थी कि दिसानायके के सत्ता में पांव मजबूत होने के बाद क्या श्रीलंका की नीति बदलेगी और उसके कदम चीन की ओर बढ़ेंगे! मगर यह भी तथ्य है कि विदेश नीति के मामले में श्रीलंका अब तक गुटनिरपेक्षता की राह पर चलता आया है।

# मकर संक्रांति पर खतरनाक चीनी मांझा सरकार को अभी से जागृत होने की जरुरत है

**आज भारत समेत दुनिया के कई देशों में पतंगबाजी की प्रतियोगिताएं आयोजित की जाती हैं, लेकिन पतंगबाजी का सबसे पुराना प्रमाण चीन में मिलता है। हान राजवंश के शासनकाल में पतंगों का सैन्य उपयोग भी होता था। वहां के सैन्य कमांडरों ने दुश्मन सेना की स्थिति और दूरी का पता लगाने के लिए पतंगों का भी इस्तेमाल किया। कहा जाता है कि पतंगबाजी भी चीन के रास्ते भारत पहुंची है।**

**अशोक भाटिया**

हमें केवल चीन से ही नहीं चीनी मांझे से भी दूर रहना है। 15 जनवरी को मकर संक्राति है । मकर संक्रांति तिल गुड़ की मिठास के साथ पतंगबाजी के उत्साह से भरा पर्व है। इस पर्व पर पतंग उड़ाने की परंपरा है ।पूरा बाजार पतंगों से पटता जा रहा है। ऐसे में अभी से भी पतंग उड़ाने की शुरुवात हो चुकी हो । ये आप भी जानते हैं कि कैसे देश वासियों में पतंग उड़ाने का जुनूनी शौक है। देश में कैसे मकर संक्राति के मौके पर पूरा आसमान विभिन्न आकारों की रंग-बिरंगी पतंगों से भर जाता है, महाराष्ट्र में तो अभी से लेकर जनवरी तक यह शौक फ़रमाया जाता है। ये किसी भी छिपी नहीं है। पतंगबाजी का यह शौक आज इसलिए खतरनाक होता जा रहा है क्योंकि पतंगबाज चीनी मांझा का इस्तेमाल कर रहे हैं और यह मांझा न सिर्फ पतंग बल्कि लोगों की जिंदगी भी डोर भी काट रहा है।

गत वर्ष ही घर आने-जाने के दौरान मुंबई के डिंडोशी पुलिस में तैनात एक पुलिसकर्मी का गला मांझे से कट गयाथा , जिससे उसकी मौत हो गई इन शिकायतो के बाद ही पिछले दिनों में शहर के कम से कम पांच पुलिस स्टेशनों ने चीनी मांझा बेचते, स्टॉक करते या उपयोग करते हुए पकड़े गए व्यक्तियों के खिलाफ मामले दर्ज किए । गौरतलब हो कि खेरवाड़ी पुलिस के अधिकार क्षेत्र में कांस्टेबल समीर जाधव की जान भी चली गई थी जब वकोला फ्लाईओवर से लटके चीनी मांझे से उनका गला कट गया। जवाब में खेरवाड़ी पुलिस ने आईपीसी की धारा 304-ए के तहत एक अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ स्वत- संज्ञान लेते हुए मामला दर्ज किया। इस दुखद घटना के बाद पुलिस ने चीनी मांझा की बिक्री और खरीद में शामिल लोगों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के अपने प्रयास तेज कर दिए । लोगों का कहना है कि यह त्वरित कार्यवाई हुई है जबकि चीनी मांजा तो वर्षों से बाज़ार में बिक रहा है । नायलॉन की डोर से पतंग उड़ाते हुए पकड़े गए दो भाइयों को खेरवाड़ी पुलिस ने पकड़ लिया और उन्हें डोर बेचने वाले दुकानदार को भी गिरफ्तार कर लिया है । बांगुर नगर पुलिस ने 56 वर्षीय एक महिला को बेचने के इरादे से मांझा जमा करने के आरोप में हिरासत में लिया। इसके अतिरिक्त डिंडोशी पुलिस ने 19 वर्षीय व्यक्ति पर मामला दर्ज किया मालवणी पुलिस ने 36 वर्षीय व्यक्ति पर मामला दर्ज किया, और सहार पुलिस ने मांजा बेचने के लिए 70 वर्षीय व्यक्ति पर मामला दर्ज किया। सभी आरोपी व्यक्तियों पर भारतीय दंड संहिता की धारा 336 के तहत आरोप लगाए गए हैं ।कुछ समय पूर्व चीनी मांझे की चपेट में आने से अभिनव नाम का एक लड़का बुरी तरह घायल हो गया, जिसके बाद उसे आनन-फानन में अस्पताल में भर्ती कराया गया। यह लड़का अभी भी अस्पताल में भर्ती है जहां उनकी हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। ऐसा नहीं है इस तरह की ये पहली घटनाए है। कई सालों से इस तरह की कई दर्दनाक घटनाएं हो चुकी है। पिछले वर्ष भी बाइक पर सवार एक व्यक्ति चीनी मांझा से उस समय घायल हो गया जब वह फ्लाईओवर से गुजर रहा था। बाइक चलाते समय मांझा उसके गले में लिपट गया। मांझा की चपेट में आने से उसके गले में करीब 2 इंच गहरा घाव हो गया। इस मामले में गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज किया गया। चाइनीज मांझा से हुआ यह पहला हादसा नहीं था । चाइनीज मांझा न सिर्फ इंसानों के लिए बल्कि पशु-पक्षियों के लिए भी बहुत खतरनाक है और हर साल सैकड़ों पक्षी इसमें फंसकर अपनी जान गंवा देते हैं। दरअसल पतंगबाजी का मजा लेने वाले बच्चे व बड़े आपस में पतंग को लड़ाकर उसका मजा लेते हैं। पतंग लड़ाने के लिए लोग डोर को कटने से बचाने के लिए मजबूत धागे के लिए चाइनीज मांझे का इस्तेमाल करते हैं। यह मांझा सादे धागे के मुकाबले सस्ता और मजबूत होता है। इस कारण इसकी मांग ज्यादा रहती है। डिमांड के कारण दुकानदार प्रतिबंध के बावजूद भी चोरी छिपे बेचते हैं। अब आपके मन में भी यह सवाल उठ रहा होगा कि आखिर यह मांझा इतना खतरनाक क्यों है और एक पतला धागा लोगों की जान कैसे ले सकता है? इसका कारण यह है कि पतंगबाजी के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला सामान्य मांझा कपास का बना होता है, लेकिन चीनी मांझा नायलॉन और अन्य सिंथेटिक सामग्री से बना होता है। यह मांजा कांच, लोहे के पाउडर और कई अन्य रसायनों के साथ लेपित है। इस वजह से मांझा और भी तीखा और जानलेवा हो जाता है। चाइनीज मांझा साधारण मांझा की जगह स्ट्रेचेबल होता है यानी टूटने की बजाय खिंचता रहता है। इतना ही नहीं चीनी मांझा में धातु के चूर्ण के प्रयोग से यह विद्युत का सुचालक होता है, अर्थात इसमें से करंट प्रवाहित हो सकता है और इसलिए बिजली के झटके का खतरा रहता है, लेकिन इसके खतरों से वाकिफ होने के बावजूद आज बाजार में इसकी काफी मांग है, क्योंकि जब लोग पतंग उड़ाते हैं तो चाहते हैं कि उनकी पतंग न कट जाए और वे दूसरों की ज्यादा से ज्यादा पतंगें काट सकें।



साल 2017 में हृत्नज्ञ यानी नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल ने इस मांझा पर पूरी तरह से रोक लगा दी थी। पर्यावरण विभाग के तहत 10 जनवरी 2017 को एक अधिसूचना जारी की गई थी, जिसके अनुसार पतंगबाजी के लिए नायलॉन, प्लास्टिक और किसी भी तरह की सिंथेटिक सामग्री पर पूर्ण प्रतिबंध है। इसके अलावा कांच, धातु या अन्य नुकीली चीजों से बने धागों पर भी पतंग उड़ाने पर रोक लगा दी गई है। नियम के मुताबिक, सूती धागे से बने धागों से पतंग उड़ाई जा सकती है, लेकिन इनमें भी किसी न किसी तरह का धागा होता है, तेज वस्तुओं का प्रयोग नहीं करना चाहिए। इन नियमों का उल्लंघन कड़ी सजा के साथ दंडनीय है। अगर कोई ऐसा करते पाया जाता है तो उसे 5 साल तक की कैद और एक लाख रुपये तक के जुर्माने से भी दंडित किया जा सकता है। इतने सख्त नियम होने के बावजूद आज देश भर में में चीनी मांझा का कारोबार फलफूल रहा है। व्यवसायी कानून की धज्जियां उड़ा रहे हैं और इन घातक मांझा को लोगों को बेच रहे हैं, और खरीदने वालों की कोई कमी नहीं है। मांझा के व्यापारी पुलिस को चकमा देने के लिए हाईटेक तरीके अपना रहे हैं और इसके लिए फेसबुक जैसे सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का इस्तेमाल कर रहे हैं। यह मांजा इतना खतरनाक होता है कि अगर तेज रफ्तार से चलने वाला व्यक्ति इसकी चपेट में आ जाए तो यह न केवल त्वचा या नसों को बल्कि उसकी मांसपेशियों को भी काटकर हड्डियों तक पहुंच सकता है। डॉक्टरों का कहना है कि प्रतिबंध के बावजूद चीनी मांझे के पीड़ितों की संख्या में लगातार इजाफा हो रहा है।

## आज का राशिफल

हमारे अनुभवी ज्योतिषियों की टीम के अनुसार आप कई विविध लक्ष्यों को पूरा करेंगे। क्या आप यह जानना चाहते है कि आपके जीवन के ऐसे कौनसे क्षेत्र है, जहां आपके सितारे बुलंद रहेंगे और दूसरी तरफ, अपको किस बातों से सावधान रहना चाहिए। हम न सिर्फ हमारे काम में और जटिल मुद्दों को सुलझाते वक्त सकारात्मक ऊर्जा को महसूस करेंगे, बल्कि पारम्परिक संबंधों में भी, जहां यह स्थानान्तरण हमें संताए और बातचीत में लाभ प्रदान करेगा

**मेष**
विद्यार्थी अभ्यास में उत्कृष्ट प्रदर्शन कर पाएंगे। स्नेहीजनों और मित्रों के साथ मुलाकात होगी, जिससे मन बेहद खुश रहेगा। शारीरिक स्वास्थ्य भी अच्छा रहने की उम्मीद है। मानसिक एकाग्रता के लिए अपने गुस्से पर संयम रखें।

**वृष**
किसी धार्मिक स्थल या मांगलिक कार्यक्रम में शामिल हो सकते हैं। शारीरिक रूप से अस्वस्थ रहने तथा कार्य सफलता प्राप्त करने में विलंब होने से आपको निराशा हो सकती है। आज किसी नए काम का आरंभ न करें।

**मिथुन**
आज कार्यभार की अधिकता के कारण शिथिलता रहेगी। योग, ध्यान और आध्यात्मिकता का सहारा लेकर मन की शांति पर ध्यान दें। आज का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेग। शारीरिक और मानसिक रूप से आप खुशी का अनुभव करेंगे।

**कर्क**
आज आपको मुश्किलों का सामना करना पड़ सकता है। आज के दिन निर्धारित किए हुए कार्य पूरे होंगे। भाग्य आपका साथ देगा। शारीरिक तथा मानसिक स्वस्थता आपको प्रसन्न रखेगी। किसी यात्रा पर जाने का कार्यक्रम बन सकता है। आज का दिन आनंद-प्रमोद में गुजरेगा।

**सिंह**
आज का दिन प्रतिकूलताओं से भरा रहने के संकेत हैं। शारीरिक ताजगी का आज अभाव रहेगा और मानसिक रूप से भी चिंता बनी रहेगी। पत्नी के साथ कलह का प्रसंग बन सकता है, जिससे मन विचलित रहेगा। अन्य लोगों के साथ अनबन हो सकती है।

**कन्या**
आपके व्यवहार से आज किसी के मन को ठेस पहुंच सकती है। व्यवहार को भी संयमित रखें। वैचारिक नकारात्मकता से दूर रहें। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। मन ग्लानि से भरा रहेगा। विद्यार्थियों को विद्याप्राप्ति में अवरोध उत्पन्न हो सकता है। स्वादिष्ट भोजन का स्वाद ले सकेंगे।

**तुला**
मित्रों और परिजनों के साथ प्रवास या पर्यटन स्थल पर घूमने-फिरने का आनंद उठा सकेंगे। स्वादिष्ट भोजन का स्वाद ले सकेंगे। आज आपको वाहन सुख भी मिलेगा। आपके मान-सम्मान और लोकप्रियता में वृद्धि होने के संकेत हैं।

**वृश्चिक**
आज आपको क्रोध पर संयम बरतने की सलाह दी जाती है। अत्यधिक क्रोध के कारण आपके काम और संबंधों के बिगड़ने की आशंका है। मानसिक रूप से व्यग्रता और बेचैनी के कारण किसी काम में आपका मन नहीं लगेगा।

**धनु**
हर काम में यश प्राप्त होने का योग बन रहा है। हालांकि खर्च की मात्रा अधिक रहने की आशंका है, इसका ख्याल रखें। आज रचनात्मकता और कला संबंधी प्रवृत्तियों के लिए दिन श्रेष्ठ है। अपनी रचनात्मकता से सभी को प्रभावित कर सकते हैं।

**मकर**
व्यवसाय में आज का दिन लाभदायी रहने की संभावना है। कार्यालय में सहकर्मियों का सहयोग भी प्राप्त होगा। आज के दिन मानसिक रूप से पूर्ण स्वस्थता का अनुभव होगा। आज कार्यभार की अधिकता के कारण शिथिलता रहेगी।

**कुंभ**
मानसिक रूप से भी प्रसन्नता बनी रहेगी। आज आपको धार्मिक प्रवास से मानसिक खुशी मिलेगी। संबंधों में हो रही भावना आपके मन को द्रवित कर देगी। परिवार में क्लेशमुक्त वातावरण न हो, इसके लिए वाणी पर संयम रखें।

**मीन**
माता के स्वास्थ्य की चिंता रहेगी। स्थायी संपत्ति के कामों में सावधानी बरतें। आज का दिन आनंद में गुजरेगा। विरोधियों के समक्ष विजय का स्वाद प्राप्त कर सकेंगे। प्रत्येक काम में सफलता मिलेगी। स्वजनों के साथ भी आज भेंट होगी। आपको विरोधियों पर विजय मिलेगी।

## शख्सियत

**बढ़ता राजस्थान**

नमस्कार साथियों हमारी आज के कॉलम के स्टार हैं राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी श्री भारत भूषण गोयल 13 अक्टूबंर सन 1975 को भरतपुर जिले जन्में गोयल बेहद सुलझे हुए अधिकारी के रूप में जाने जाते हैं। हालांकि उतार चढ़ाव सभी के जीवन में आते हैं कोई उनसे उतर जाता है कोई उभर जाता है। आज उप निदेशक, महिला अधिकारिता विभाग, जयपुर के पद को सुशोभित कर रहे हैं। इससे पूर्व ये विशेषाधिकारी भूमि नगर विकास न्यास, अलवर रहे। सहायक निदेशक, लोक सेवाऐं, प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग, टोंक। उपखण्ड अधिकारी, देवली टोंक। सहायक निदेशक, लोक सेवाऐं प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग जैसलमेर। उपखण्ड अधिकारी, शाहपुरा जयपुर। उपखण्ड अधिकारी, चुरू। उप रजिस्ट्रार, भिवाड़ी अलवर। उप रजिस्ट्रार, पंजीयन एवं मुद्रांक विभाग अलवर।

तहसीलदार भिवाड़ी, अलवर। तहसीलदार, रामगंजमंडी कोटा। एएफएसओ, वन विभाग जोधपुर। तहसीलदार,कोटा रहे हैं। अलवर विशेषाधिकारी नगर विकास न्यास के पद पर रहते हुए लोगों को बड़ी संख्या में पट्टे वितरित किए। सरकार की कल्याणकारी योजनाओं को आमजन तक पहुँचाने में बहुत बेहतरीन तरीके से कार्य संपादित किया। दैनिक बढ़ता राजस्थान की टीम इनके उज्जवल भविष्य की कामना करती है।



श्री भारत भूषण गोयल
( राजस्थान प्रशासनिक सेवा के अधिकारी )

**रूपक शर्मा**

## आज का इतिहास

### 19 दिसंबर की महत्त्वपूर्ण घटनाएँ

- किंग हेनरी द्वितीय 1154 में इंग्लैंड के सम्राट बने।
- अमेरिका में मौसम विज्ञान सोसायटी की 1919 में स्थापना हुयी।
- जर्मन सीरियल किलर फ्रिट्ज हार्मैन को हत्या की एक श्रृंखला के लिए 1924 में मौत की सजा सुनाई गई।
- महान् स्वतन्त्रता सेनानी राम प्रसाद बिस्मिल, अशफाक उल्ला खां और रोशन सिंह को 1927 में अंग्रेजों ने फाँसी दे दी।
- जर्मन तानाशाह एडोल्फ हिटलर ने 1941 में सेना की पूरी कमान अपने हाथ में ले ली।
- ऑपरेशन विजय के तहत भारतीय सैनिकों ने 1961 में गोवा के बॉर्ड में प्रवेश किया।
- ब्राजील के शहर रियो दी जेनेरियो से 1983 में फुटबॉल के फीफा विश्व कप की चोरी हो गई।
- चीन एवं ब्रिटेन के मध्य 1984 में 1997 तक हांगकांग चीन के वापस करने संबंधी समझौते पर हस्ताक्षर।
- अमर्त्य सेन को 1998 में बांग्लादेश ने मानद नागरिकता से नवाजा, डेनवर (अमेरिका) में
- आयोजित विश्व विकलांग स्कीइंग में शील कुमार (भारत) सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी घोषित।
- 443 वर्षों तक पुर्तगाली उपनिवेश में रहने के बाद 1999 में मकाऊ का चीन को हस्तांतरण।
- ऑस्ट्रेलिया ने 2000 में वेस्टइंडीज को हराकर लगातार 13वां टेस्ट मैच जीता।
- संयुक्त राज्य अमेरिका ने 2003 में कश्मीर समस्या को संयुक्त राष्ट्र प्रस्तावों के तहत हल करने की पाकिस्तान की मांग छोड़ने का स्वागत किया।
- अफगानिस्तान में तीन दशक बाद 2005 में लोकतांत्रिक पद्धति से चुनी गयी देश की पहली संसद की पहली बैठक आयोजित।
- शैलजा आचार्य को 2006 में नेपाल ने अपना भारत में नया राजदूत नियुक्त किया।
- टाइम पत्रिका ने 2007 में रूस के राष्ट्रपति ब्लादिमीर पुतिन को पर्सन आफ़ द ईयर के खिताब से नवाजा।
- केनरा बैंक, एचडीएफसी व बैंक ऑफ राजस्थान ने 2008 में आवास ऋण सस्ता करने की घोषणा की।
- पार्क ग्युन हे 2012 में दक्षिण कोरिया की पहली महिला राष्ट्रपति बनी।

### 19 दिसंबर को जन्मे व्यक्ति

- मानवाधिकारों के लिए संघर्ष करने वाले अमेरिकी नेता मार्टिन लूथर किंग सीनियर का जन्म 1897 में हुआ।
- भारतीय सिनेमा के प्रसिद्ध चरित्र अभिनेता ओम प्रकाश का जन्म 1919 में हुआ।
- भारत की प्रथम महिला राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल का जन्म 1934 में हुआ।
- पूर्व क्रिकेटर नयन मुंगया का जन्म 1969 में हुआ।
- ऑस्ट्रेलिया के क्रिकेट खिलाड़ी एवं कप्तान रिकी पोंटिंग का जन्म 1974 में हुआ।
- अमरीकन फुटबॉल के खिलाड़ी जेक प्लमर का जन्म 1974 में हुआ।
- अमरीकन अभिनेता जेक गाइलनहाल का जन्म 1980 में हुआ।

### 19 दिसंबर को हुए निधन

- 1848 से 1856 तक भारत के गवर्नर जनरल लार्ड डलहौजी का निधन 1860 में हुआ।
- महान् स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं, बल्कि उच्च कोटि के कवि, शायर, अनुवादक, बहुभाषाविद् व साहित्यकार राम प्रसाद बिस्मिल का निधन 1927 में हुआ।
- भारत के प्रसिद्ध स्वतंत्रता सेनानी अशफ़ाक़ उल्ला ख़ाँ का निधन 1927 में हुआ।
- भारत की आज़ादी के लिए संघर्ष करने वाले क्रांतिकारियों में से एक ठाकुर रोशन सिंह का निधन 1927 में हुआ।
- ज्ञानपीठ पुरस्कार सम्मानित और प्रसिद्ध गुजराती साहित्यकार उमाशंकर जोशी का निधन 1988 में हुआ।

## विशेष आलेख

# कोई बताए तो सही कि क्या कमी है 'एक देश एक चुनाव' में

**आर.के. सिन्हा**



'एक देश एक चुनाव' के सपने को साकार करने की तरफ देश बढ़ रहा है। बेशक,लगातार चुनाव देश की प्रगति में बाधा बन रहे हैं। भारत में 'एक देश-एक चुनाव' का विचार एक ऐसा विषय है जिस पर अलग-अलग लोगों की अलग-अलग राय है। कुछ लोगों का मानना है कि इससे देश को कई फायदे होंगे, वहीं कुछ लोग इसके कुछ नुकसान भी बताते हैं। पर ये सच है कि बार-बार चुनाव कराने में काफी पैसा खर्च होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस खर्च को काफ़ी हाद थे कम किया जा सके । चुनावों में सरकारी कर्मचारियों और सुरक्षा बलों की भारी संख्या में तैनाती करनी पड़ती है। जाहिर है, बार-बार चुनाव होने से कामकाज में बाधा तो आती ही है साथ ही संसाधनों का भारी दुरुपयोग भी होता है। एक साथ चुनाव कराने से इस समस्या को दूर काफ़ी हद तक कम किया जा सकता है। पूर्व राष्ट्रपति राम नाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति की सिफारिशों के बाद सरकार एक देश- एक चुनाव की तरफ तेजी से बढ़ रही है। इससे लोकसभा, विधानसभा, नगर निकाय और पंचायत चुनाव सभी एक साथ होंगे। यह सब 100 दिनों के अंदर ही संपन्न होगा। सरकार का मानना है कि इससे देश की जीडीपी में 1-1.5 प्रतिशत की वृद्धि होगी। केंद्र सरकार इस मुद्दे पर आम सहमति बनाना चाहती है। यह मामला किसी एक दल का नहीं, बल्कि पूरे देश के हित में है। यह सबको पता है कि देश में बार-बार चुनाव होने से जनता और सरकारी अधिकारियों का समय और संसाधन बर्बाद होता है। एक साथ चुनाव कराने से यह सब नहीं होगा। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक स्थिरता में सुधार आएगा, क्योंकि सरकार को बार-बार चुनावों की चिंता नहीं करनी पड़ेगी। इसके साथ ही एक साथ चुनाव होने से प्रशासन पर दबाव कम होगा और वे अपने काम पर अधिक ध्यान केंद्रित कर पाएंगे। तो आप कह सकते हैं कि 'एक देश, एक चुनाव' से कई मसलों का हल हो जाएगा। चुनावों की अवधि कम हो जाने से, शासन और विकास कार्यक्रमों पर ध्यान केंद्रित किया जा सकेगा। एक देश, एक चुनाव भाजपा और नरेंद्र मोदी का पुराना एजेंडा है। प्रधानमंत्री बनने के बाद से ही मोदी जी इसकी वकालत करते रहे हैं। अपने दूसरे कार्यकाल में 2 सितंबर 2023 को कोविंद कमिटी बना कर उन्होंने पहला कदम बढ़ाया था। निश्चित रूप से बार-बार चुनाव होने से सरकारें नई नीतियों और योजनाओं को लागू करने में झिझकती हैं। एक साथ चुनाव होने से सरकारों को स्थिरता मिलती है और वे बेहतर ढंग से काम कर पाती हैं। एक बात और कि बार-बार चुनाव होने से राजनीतिक दल विकास के मुद्दों से भटक जाते हैं और चुनाव जीतने पर ही ध्यान केंद्रित करते हैं। एक साथ चुनाव होने से राजनीतिक दलों को विकास पर ध्यान केंद्रित करने का अधिक अवसर मिलता है। 'एक देश-एक चुनाव' के विपक्ष में तर्क में कुछ पिलपिले तर्क आ रहे हैं। जैसे कि राष्ट्रीय चुनावों के साथ-साथ राज्यों के चुनाव होने से क्षेत्रीय दलों को राष्ट्रीय दलों के साथ प्रतिस्पर्धा करने में कठिनाई हो सकती है। कुछ लोगों का मानना है कि एक साथ चुनाव कराने से लोकतंत्र कमजोर हो सकता है क्योंकि इससे राष्ट्रीय स्तर पर एक ही राजनीतिक दल का दबदबा हो सकता है। यह सब तर्क कमजोर हैं। दुनिया के कई देशों में अलग-अलग चुनाव व्यवस्थाएं हैं। कुछ देशों में एक साथ चुनाव होते हैं, जबकि कुछ देशों में अलग-अलग समय पर चुनाव होते हैं। स्वीडन, बेल्जियम और दक्षिण अफ्रीका जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव एक साथ कराए जाते हैं। संयुक्त राज्य अमेरिका, कनाडा और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों में राष्ट्रीय और स्थानीय चुनाव अलग-अलग समय पर होते हैं। बहरहाल, एक देश-एक चुनाव से देश के आम जनमानस में राष्ट्र की अवधारणा सशक्त होगी। भारत में साल 1967 तक लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए चुनाव एक साथ ही होते थे। साल 1947 में आज़ादी के बाद भारत में नए संविधान के तहत देश में पहला आम चुनाव साल 1952 में हुआ था। उस समय राज्य विधानसभाओं के लिए भी चुनाव साथ ही कराए गए थे, क्योंकि आज़ादी के बाद विधानसभा के लिए भी पहली बार चुनाव हो रहे थे। उसके बाद साल 1957, 1962 और 1967 में भी लोकसभा और विधानसभा के चुनाव साथ ही हुए थे। यह सिलसिला पहली बार उस वक़्त टूटा था जब केरल में साल 1957 के चुनाव में ईएमएस नंबूदरीबाद की वामपंथी सरकार बनी। साल 1967 के बाद कुछ राज्यों की विधानसभा जल्दी भंग हो गई और वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया, इसके अलावा साल 1972 में होनेवाले लोकसभा चुनाव भी समय से पहले कराए गए थे। साल 1967 के चुनावों में कांग्रेस को कई राज्यों में विधानसभा चुनावों में हार का सामना करना पड़ा था। बिहार, उत्तर प्रदेश, राजस्थान, पंजाब, पश्चिम बंगाल और ओडिशा जैसे कई राज्यों में विरोधी दलों या गठबंधन की सरकार बनी थी। इनमें से कई सरकारें अपना कार्यकाल पूरा नहीं कर पाईं और विधानसभा समय से पहले भंग हो गई थी। यह भी माना जा रहा है कि एक साथ चुनाव होने से मतदाता भागीदारी में वृद्धि हो सकती है क्योंकि लोगों को बार-बार मतदान करने की आवश्यकता नहीं होगी। कुल मिलाकर बात यह है कि 'एक देश एक चुनाव' को दलगत आधार पर नहीं देखा जाना चाहिए। इस पर हर स्तर पर खुल कर ईमानदारी से चर्चा होनी चाहिए। उसके बाद ही किसी अंतिम निर्णय पर पहुंचा जाना चाहिए। अगर इसे भाजपा या मोदी जी के किसी एंजेडे के रूप में देखा गया तो यह सही नहीं होगा। अभी तक जो विपक्षी नेता 'एक देश एक चुनाव' के विचार का विरोध कर रहे हैं, उन्हें अपने दिल पर हाथ रखकर पूछना चाहिए कि क्या उन्हें बार-बार चुनावी रणभूमि में उतरना पसंद है?

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक व प्रकाशक श्रीमती कमलेश विजयवर्गीय द्वारा बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस,हमीदपुरा रोड खण्डवा,निवाई टोंक (राज.) से मुद्रित एवं 185/ 116 ''प्रतीक्षा'' सेक्टर-18, प्रताप नगर सांगानेर, जयपुर से प्रकाशित, संपादक-तनुजा पठान*। प्रधान संपादक-राम बिलास विजयवर्गीय मो. 9414242258, 9214048888,जयपुर फोन नं.0141-2796794,795 टोंक कार्यालय-बाईपास निवाई, टोंक फोन नं.01432-244881 निवाई 01438-222201,202,203 अलवर कार्यालय-मेहताब सिंह का नोहरा,अलवर मो. 7733000123,कोटा कार्यालय-छावनी मेन रोड,कोटा मो.9414823448 । ई मेल-badhatarajasthan@yahoo.com *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार

# पीएम के कार्यक्रम में जयपुर जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं की कार को ट्रक ने मारी टक्कर

## भाजपा महामंत्री दीनदयाल मथुरिया जयपुर रैफर, तीन अन्य भी घायल,स्टेट हाईवे 123 की घटना, चार जने घायल

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राज्य में भजन सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने पर जयपुर के दादिया में आयोजित पीएम नरेन्द्र मोदी के कार्यक्रम में सवाईमाधोपुर से शिरकत करने जा रहे कार्यकर्ताओं की कार को एक ट्रक ने टक्कर मार दी। इससे कार अनियंत्रित हो गई। इस दौरान कार में सवार चार जने घायल हो गए। घटना के बाद एबुलेंस की सहायता से सभी को सामान्य चिकित्सालय पहुंचाया। यहां प्राथमिक उपचार के बाद एक जने को जयपुर रैफर कर दिया। जानकारी के अनुसार सुबह 6 बजे सुरजीत सिंह, जिला मंत्री दीनदयाल मथुरिया, भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष श्रीचरण महावर, शहर मंडल उपाध्यक्ष अविनाश चौधरी, भाजपा कार्यकर्ता जयप्रकाश सांवरिया, अविनाश शर्मा, गोवर्धन सोनी कार में सवार होकर दिल्ली-मुबई एक्सप्रेस वे से जयपुर जा रहे थे। इस दौरान कुश्तला टोल प्लाजा के पास तेज गति से आ रहे ट्रक ने कार को टक्कर मार दी। इसमें सवार चार भाजपा कार्यकर्ता घायल हो गए। इनमें जिले के भाजपा महामंत्री दीनदयाल मथुरिया निवासी शहर रामलीला मैदान को गंभीर हालत में प्राथमिक उपचार के बाद जयपुर रैफर कर दिया। इनके अलावा जयप्रकाश सांवरिया निवासी आईएचएस कॉलोनी, अविनाश चौधरी बांकी माता मंदिर शहर, सुरजीत वर्मा निवासी आलनपुर भी घायल हो गए। इनमें से अविनाश चौधरी को भी प्राथमिक उपचार के बाद एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहीं सुरजीत वर्मा व जयप्रकाश सांवरिया को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी। घटना के बाद हाइवे पर लोगों की भीड़ जमा हो गई।

शहर से भी भाजपा कार्यकर्ता सहित अन्य लोग मौके पर पहुंच गए। इससे काफी देर तक यातायात प्रभावित रहा। मौके पर पहुंची कुश्तला पुलिस की मदद से क्रेन मंगवाई और ट्रक व कार को हाइवे से हटवाया। पुलिस ने ट्रक को जब्त कर लिया।



# पिकअप और मोटरसाइकिलों में भिड़ंत, दो की मौत, चार घायल

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** स्टेट हाईवे 123 पर लगभग शाम 4 बजे खण्डार के समीप सांप खाड के समीप गत दिवस एक पिकअप और मोटर साइकिलों के बीच भिडंत हो गई। हादसे में दो व्यक्तियों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों के अनुसार एक पिकअप बालेर से खण्डार की ओर जा रही थी। अचानका उसका टायर फटने से वह सामने से आ रही मोटरसाइकिलों से टकरा गई। इस दौरान पिकअप भी पलटा खा गई। पिकअप में मध्य प्रदेश के लोग बैठे हुए थे। दुर्घटना में हरिमोहन पुत्र श्रीनारायण गुर्जर निवासी बिचपुरी गुजरान व एक अज्ञात व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं प्रहलाद पुत्र रामस्वरूप गुर्जर निवासी खण्डार, गणेश पुत्र हरिमोहन गुर्जर निवासी विचपुरी गुजरान, रूपसिंह व एक अज्ञात व्यक्ति घायल हो गए। इनमें से तीन गंभीर घायलों को खण्डार सामुदायिक अस्पताल से सवाईमाधोपुर के लिए रैफर कर दिया।

**इनका कहना है:** पिकअप और मोटसाइकिलों की दुर्घटना में दो व्यक्तियों की मौत हो गई एवं चार व्यक्ति घायल हुए हैं। घायलों का प्राथमिक उपचार करवाकर रैफर करवा दिया है। मामले की जांच की जा रही है।

**श्याम सुन्दर, सब इंस्पेक्टर, थाना खण्डार**

# तीन दिवसीय गैर आवासीय गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** राष्ट्रीय पोषण कार्यक्रम के तहत बुधवार को टोंक एवं पीपलू ब्लॉक की 258 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को पोषण भी पढ़ाई भी का तीन दिवसीय गैर आवासीय गुणवत्तापूर्ण प्रशिक्षण का आयोजन गंगा जमुना गार्डन टोंक में आयोजित किया गया। टोंक ग्रामीण बाल विकास परियोजना अधिकारी प्रशिक्षण की नोडल अधिकारी किरण मीणा ने बताया कि पोषण कार्यक्रम का उद्देश्य केंद्रों में दिये जाने वाले पूरक पोषाहार, शाला पूर्व शिक्षा गतिविधियों का डिजिटलाइजेशन किया जाना है। इस दौरान चंद्रा जोशी एवं प्रशिक्षकों की टीम मौजूद रही।

# छोटे बच्चों के गिरने की घातक दुर्घटनाओं से बचाव के लिए हैल्पलाइन स्थापित

बढ़ता राजस्थान

**सवाई माधोपुर ( नि.स. )।** कमाण्डेंट राज्य आपदा प्रतिसाद बल, राजस्थान जयपुर द्वारा खुले एवं परित्यक्त बोरवेल/ट्यूबवेल में छोटे बच्चों के गिरने की घातक दुर्घटनाओं से बचाव के लिए एसडीआरएफ राजस्थान जयपुर द्वारा हैल्पलाईन (कन्ट्रोल रूम) स्थापित की गई है। सहायक कलक्टर रूबी अंसार ने बताया कि आमजन उनके क्षेत्र में या उनके आस-पास किसी भी स्थल पर कोई खुला या परित्यक्त बोरवेल/ट्यूबवेल देखे तो तुरन्त हैल्पलाईन नंबर 0141-2759903 अथवा व्हाट्सएप नंबर 8764873114 पर सूचना दें। साथ ही मौके के फोटोग्राफ्स मय स्थान का विवरण जैसे गांव/स्थान, तहसील थाना क्षेत्र का नाम एवं जिला अंकित करें। एसडीआरएफ द्वारा इस प्रकार की सूचना प्राप्त होने पर स्थानीय पुलिस प्रशासन को सूचित कर ऐसे ट्यूबवेल्स को बन्द कराने की तत्काल कार्यवाही की जाएगी।

# राष्ट्रीय अन्य पिछडा वर्ग वित्त एवं विकास निगम द्वारा जागरूकता शिविर का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** राष्ट्रीय अन्य पिछडा वर्ग वित्त एवं विकास निगम के सहयोग से बुधवार को प्रातः 11 बजे से सायं 4 बजे तक सफाई कर्मचारी, वाल्मीकी समुदाय, अनुसुचित जाति वर्ग, दिव्यांग, अन्य पिछडा वर्ग, तथा अनुसूचित जनजाति गर्व के युवक एवं युवतियों को स्वरोजगार उपलब्ध करवाये जाने के लिए जागरूकता शिविर का आयोजन सांसद कार्यालय, जिला परिषद् ग्रामीण विकास प्रकोष्ठ, परिसर, टोंक में किया गया।

# वाहन पार्किंग सहित अन्य के किए टेंडर, 16 से 22 जनवरी तक आयोजित होगा मेला

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** समीपवर्ती चौथकाबरवाड़ा कस्चौबे है चौथ माता का लक्खी मेला 16 जनवरी से शुरू होगा। मेले की तैयारी को लेकर चौथ माता ट्रस्ट धर्मशाला सहित प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। वहीं मेले में लगने वाले आइटम भी मेला मैदान में पहुंचने लगे हैं। इसके साथ ही पंचायत प्रशासन की ओर से वाहन पार्किंग सहित अन्य टेंडर प्रक्रिया देने का कार्य शुरू कर दिया है। बता दें कि इस बार मेला 16 से 22 जनवरी तक आयोजित होगा। ऐसे में पंचायत प्रशासन द्वारा मेला मैदान की साफ सफाई करवाने के साथ ही दुकानें आवंटित को लेकर जल्द प्रकिया शुरू कि जाएगी। सरपंच सीता सैनी ने बताया कि चौथ माता मेले को लेकर तैयारियां की जा रही है। पंचायत प्रशासन द्वारा वाहन पार्किंग का टेंडर जारी कर दिया गया है। इसके साथ ही रोशनी का सहित अन्य टेंडर आगामी आयोजित होने वाली बैठक में दिए जाएंगे। मेले में दूरदराज से आने वाले चौथ माता यात्रियों के लिए रैन बसेरा सहित अन्य व्यवस्था पंचायत की ओर से की जाएगी। इधर चौथ माता ट्रस्ट मेले की तैयारी में जुट गया है। चौथ माता ट्रस्ट द्वारा यात्रियों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए सीसीटीवी कैमरे तथा निजी होमगार्ड लगाए जायेंगे। इसके साथ ही यात्रियों के विश्राम के लिए रेन बसेरा भी बनाया जाएगा।

**20 को होगी आगामी बैठक:** चौथ माता मेले को लेकर मंगलवार को आयोजित विशेष बैठक में वाहन पार्किंग का टेंडर जारी किया गया है। सरपंच सीता सैनी ने बताया कि वाहन पार्किंग का कमल गुर्जर को टेंडर जारी कर व्यवस्था करने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं आगामी 20 दिसंबर को आयोजित होने वाली बैठक में अन्य तैयारियों पर चर्चा की जाएगी।

# सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत 20 दिसम्बर को मालपुरा में आयोजित होगा शिविर

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( नि.स. )।** भारत सरकार के प्रशासनिक सुधार एवं समन्वय विभाग व जन अभियोग निराकरण विभाग के संयुक्त तत्वावधान में 19 से 24 दिसम्बर तक आयोजित होने वाले सुशासन सप्ताह के अन्तर्गत ब्लाक स्तरीय शिविर का आयोजन 20 दिसम्बर शुक्रवार को मालपुरा में होगा। जिला कलक्टर की ओर जारी आदेशानुसार 19 से 24 दिसम्बर तक प्रशासन गांवो की ओर ब्लाक स्तरीय शिविरो का आयोजन होना है।

जिसमें मालपुरा ब्लाक का ब्लाक स्तरीय शिविर 20 दिसम्बर शुक्रवार को पंचायत समिति सभागार में आयोजित होगा। इस शिविर के लिए जिला कलक्टर की ओर से मालपुरा में आयोजित होने वाले शिविर के लिए उपखण्ड अधिकारी अमित कुमार चौधरी को प्रभारी एवं विकास अधिकारी अभिमन्यू चौधरी को सह प्रभारी बनाया है।

# ट्रैक्टर के पलटने से चालक की मौत, आक्रोशित ग्रामीणो ने लगाया जाम





बढ़ता राजस्थान

**नटवाड़ा( नि.स. )।** कस्बे में स्टेट हाईवे 122 पर नटवाड़ा-शिवाड़ बाईपास पर धोलाई तालाब के पास बुधवार की सुबह ट्रैक्टर के पलटने से चालक की मौके पर ही मौत हो गई । हादसे के बाद ग्रामीण आक्रोशित हो गए और उन्होंने जाम लगा दिया। वे नारेबाजी करते हुए उच्चाधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़ गए। इसके बाद पुलिस उपाधीक्षक व निवाई उपखंड अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा समझाइश कर मामला शांत किया। इससे एक घंटे तक आवागमन बाधित रहा। पुलिस ने निवाई अस्पताल में पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया तथा ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में लेकर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की।

बरोनी थानाधिकारी मानवेन्द्र सिंह ने बताया कि बुधवार सुबह मंडावर निवासी ट्रैक्टर चालक रामसिंह गुर्जर(22) पुत्र राजाराम गुर्जर ट्रैक्टर से बरोनी से मंडावर जा रहा था। जैसे ही वो नटवाड़ा मेँ बाईपास तिराहे पर पहुंचा तभी ट्रैक्टर-ट्रॉली के पलटने से चालाक रामसिंह की ट्रैक्टर के नीचे दबने से मौके पर ही मृत्यु हो गई। कुछ देर बाद ही ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। ग्रामीणों ने नारेबाजी करते हुए जाम लगा दिया। सूचना पर बरोनी थानाधिकारी मय जाप्ते के मौके पर पहुंचे और समझाइश का प्रयास किया लेकिन ग्रामीण उच्चाधिकारियों को बुलाने की मांग पर अड़ गए। इसके बाद पीपलू पुलिस उपाधीक्षक अरविंद गुप्ता व उपखंड अधिकारी सुरेश कुमार हरसोलिया मौके पर पहुंचे और समझाइश कर मामला शांत कराया। बाद में शव का निवाई अस्पताल में पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया।

# उपकारागृह गंगापुर सिटी का मासिक निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का लिया जायजा

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जयपुर एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर के निर्देशानुसार समीक्षा गौतम सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सवाई माधोपुर ने बुधवार को उपकारागृह गंगापुर सिटी का मासिक निरीक्षण किया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सचिव ने मौके पर उपस्थित जेलर सुखबीर सिंह से उपकारागृह में बंदियों की संख्या, बंदियों को प्रदान भोजन, पेयजल एवं चिकित्सकीय सुविधाओं के संबंध में पूछताछ की गई। साथ ही बंदियो से वार्ता कर उनके मुकदमो, संबंधित थाना एवं न्यायालय, परिजनों से मिलने के समय आदि के संबंध में पूछताछ की। उपकारागृह प्रबंधन द्वारा बंदियों को प्रदान की जाने वाली सुविधाएं संतोषजनक पाई गई, बंदियों द्वारा उन्हें प्रदान की जाने वाली सुविधाओं के संबंध में कोई शिकायत नहीं की गई। दौराने निरीक्षण कुल 80 बंदी उपस्थित पाए गए। साथ ही सचिव समीक्षा गौतम द्वारा उपकारागृह परिसर में स्थित प्रिजन लीगल एड क्लीनिक का विजिट किया गया तथा उपस्थित अधिकार मित्र से प्रिजन लीगल एड क्लीनिक के माध्यम से बंदियो को उपलब्ध करवाई जा रही निशुल्क विधिक सलाह एवं सहायता के संबंध में पूछताछ की गई। निरीक्षण के दौरान सचिव समीक्षा गौतम ने राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली द्वारा 70 वर्ष से अधिक उम्र के बंदियों एवं लाइलाज बीमारी से पीड़ित बंदियों के लिए संचालित अभियान ष्स्पेशल कैंपेन फॉर ओल्ड प्रिजनर्स एण्ड टर्मिनली इल प्रिजनर्सष् के संबंध में बंदियों को जानकारी प्रदान की, साथ ही 70 वर्ष से अधिक उम्र के बंदियों एवं लाइलाज बीमारी से पीड़ित बंदियों की पहचान कर प्रारूप ए तैयार करने एवं उनकी जानकारी संकलित करने के संबंध में कार्यवाही की। इस अवसर पर डिप्टी न्याय रक्षक वीरेंद्र कुमार वर्मा, अधिकार मित्र मुकेश कुमार गुर्जर एवं कंपाउंडर गयूर अहमद एवं उपकारागृह स्टाफकर्मी उपस्थित रहे।



# शैक्षणिक स्तर में सुधार व गुणवत्ता पूर्ण परीक्षा परिणाम को लेकर दिए आवश्यक दिशा निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** अतिरिक्त जिला कलक्टर विनोद कुमार मीणा ने खंड मुख्य शिक्षा अधिकारी व गणित विषय के अध्यापको के साथ आवश्यक बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।

जिला कलक्टर डॉ.सौम्या झा के निर्देशानुसार बुधवार को एडीएम मालपुरा विनोद कुमार मीणा की अध्यक्षता में आवश्यक बैठक आयोजित हुई। बैठक में खंड मुख्य शिक्षा अधिकारी मंजू मीणा सहित क्षैत्र के गणित विषय के अध्यापक मौजुद रहे। बैठक में एडीएम मीणा ने बताया कि जिला कलक्टर डॉ. सौम्या झा शिक्षा के क्षेत्र में अपनी नवाचार योजना के अन्तर्गत विशेषकर गणित विषय में विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार एवं गणित विषय के गुणवत्ता पूर्ण परीक्षा परिणाम प्राप्ति के लिए विशेष योजना संचालित की गई है। इस योजना में विद्यार्थियों को एनसीईआरटी के गणित विषय में अध्ययन हेतु विद्यार्थियों को दी जाने वाली विषय सामग्री के बारे में विस्तार से जानकारी देकर इनके श्रेष्ठ तरीके से हल करने के बारे में जानकारी दी जानी है।

एडीएम मीणा ने जिला कलक्टर झा द्वारा शुरू की गई नवाचार योजना के बारे में विस्तार से जानकारी दी।

साथ ही विद्यार्थियों के शैक्षणिक स्तर में सुधार के साथ साथ गुणवत्ता पूर्ण परीक्षा परिणाम को लेकर आवश्यक दिशा निर्देश प्रदान किए।



# चारागाह से अतिक्रमण हटाने की मांग, एडीएम के आश्वाशन पर धरना एक घंटे बाद समाप्त

बढ़ता राजस्थान

**गंगापुरसिटी ( अब्दुल माहिर )।** जिले के वजीरपुर उपखण्ड क्षेत्र के मेड़ी गांव में मनबढ़ो ने चारागाह भूमि पर अतिक्रमण कर फसल की बुवाई करदी। इससे गांव के मवेशियों के लिए चारे के संकट खड़ा हो गया। गांव की चारागाह भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराने की मांग को लेकर जिला मुख्यालय पहुंचे ग्रामीण कलक्ट्रेट कार्यालय के बाहर टेंट लगाकर धरने पर बैठ गए। धरना पर बैठे ग्रामीणों का एक प्रतिनिधिमंडल बनेसिंह मीणा के नेतृत्व में अतिरिक्त जिला कलक्टर रामकिशोर मीणा से मिला। उन्होंने अतिक्रमियों को नामजद करते एडीएम को बताया कि प्रशाशन की ओर से पूर्व में अतिक्रमण हटाने के बावजूद इन लोगों ने मेड़ी गांव के खसरा नम्बर 1501 ओर 1606 की लगभग 50 बीघा चारागाह भूमि पर पुनः अतिक्रमण कर लिया है। सरसो फसल की बुवाई करदी है। इससे जानवरों को चराने की दिक्कत हो गई है। जानवर ले जाने पर झगड़ा करने पर आमादा रहते हैं। पूर्व में प्रशाशन ने सात दिन में इन्हें बेदखल करने का आश्वाशन दिया था, लेकिन अभी भी काबिज है। इस लिए जब तक चारागाह भूमि अतिक्रमण मुक्त नहीं होगी, भूख हड़ताल पर रहेंगे। इस पर एडीएम मीना ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि 2 जनवरी तक हर हाल में अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। इस पर ग्रामीण धरना समाप्त कर चले गए।

**इनका कहना है:** हमने पूर्व में भी इन पर कार्रवाई कर सिविल कारावास से दण्डित किया था। फिर से अतिक्रमण की शिकायत मिली है। शीघ्र ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। सरकारी भूमियों पर अतिक्रमण करने वालों पर कार्रवाई होगी।

रामकिशोर मीना, एडीएम गंगापुरसिटी

### यह है मामला

धरना देकर बैठे बनेसिंह, चेतराम, भरत, हरसहाय, रामरूप, कृपाल, मेवाराम आदि ने एडीएम को लिखित ज्ञापन में बताया कि वजीरपुर ततहसील क्षेत्र के मेडी गांव के खसरा नम्बर 1501 व 1606 पर गांव के ही कुछ लोगों ने अतिक्रमण कर रखा है। इस पर सात गह की पाटोर बनी है। जिसे हटाने के लिए प्रशाशन दो बार सात-सात दिन का समय दे चुका है। 50 बीघा जमीन पर फसल बुवाई कर कब्जा कर रखा है। इससे पूर्व प्रशाशन ने पहले 22 फरवरी फिर 11 सितंबर को अतिक्रमियों को बेदखल कर फसल को नष्ट कर दिया था। अतिक्रमियों को पुनः अतिक्रमण का दोषी मानते हुए 60-60 दिन के सिविल कारावास से दण्डित किया था। इसके बावजूद आरोपियों ने फिर से अतिक्रमण कर लिया। इनमें से कई लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट है, लेकिन यह लोग खुले घूम रहे हैं। यदि उनकी मांग 2 जनवरी तक पूरी नहीं कि गई तो 3 जनवरी को फिर से धरना देकर बैठेंगे।

# धर्मेन्द शर्मा कनिष्ठ लेखाकार बने

## टोरड़ी सरपंच की पुत्री रूद्राक्षी का खिलाड़ी कोटे से उपकारापाल के पद पर हुआ चयन

बढ़ता राजस्थान

**मालपुरा ( कृष्णचन्द्र विजय )।** मालपुरा के खादी भण्डार में सेवा दे रहे राम अवतार शर्मा के कनिष्ठ पुत्र धर्मेन्द शर्मा का कनिष्ठ लेखाकार के पद पर चयन हुआ। वहीं क्षैत्र की टोरड़ी ग्राम पंचायत के सरपंच हेमेन्द्र सिंह की होनहार निशानेबाज पुत्री रूद्राक्षी खंगारोत का राजस्थान कारागार अधिनस्थ सेवा नियम के अन्तर्गत उप कारापाल के पद पर चयन हुआ। राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से कनिष्ठ लेखाकार पदो पर नियुक्ति के लिए कट आफ मार्क्स की सूची जारी की। इस सूची स्थानीय निवासी व मालपुरा के खादी भण्डार में वर्षो से सेवा दे रे राम अवतार शर्मा के कनिष्ठ पुत्र धर्मेन्द्र शर्मा का चयन होने पर सम्पूर्ण परिवार में खुशी का माहोल है। वहीं शर्मा के कनिष्ठ लेखाकार बनने पर शर्मा के मित्र, रिश्तेदार, समाजबंधु बधाई दे रहे हैं। गौरतलब है कि राम अवतार शर्मा के एक पुत्र नन्दकिशोर शर्मा पुलिस विभाग में सेवाऐं प्रदान कर रहे हैं। इधर क्षेत्र की ग्राम पंचायत टोरड़ी के सरपंच हेमेन्द्र सिंह की शूटिंग में गोल्ड मेडलिस्ट होनहार एवं प्रतिभाशाली पुत्री रूद्राक्षी खंगारोत का राजस्थान कारागार अधिनस्थ सेवा नियम के अन्तर्गत उप कारापाल के पद पर चयन होने पर सम्पूर्ण परिवार सहित समूचे ग्राम पंचायत क्षेत्र के लोगो हर्ष है। ग्राम पंचायत क्षेत्र के लोग अपने सरपंच की होनहार व प्रतिभाशाली पुत्री खंगारोत द्वारा उप कारापाल के पद पर चयन होकर क्षेत्र का नाम रोशन करने के लिए बधाई और शुभकामनाऐं दे रहे हैं।





### जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा आज जिला स्तरीय जनसुनवाई करेंगी



बढ़ता राजस्थान

**टोंक, ( का.स. )।** जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा गुरुवार को प्रातः 11 बजे भारत निर्माण राजीव गांधी सेवा केंद्र, टोंक में जिला स्तरीय जनसुनवाई करेंगी। जिला कलेक्टर डॉ. झा ने सभी अधिकारियों को जनसुनवाई में उपस्थित रहने के निर्देश दिए हैं।

# मृतक आश्रित नियुक्त कम्प्यूटर टंकण परीक्षा हेतु 5 जनवरी तक करें आवेदन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर( नि.स. )।** मृतक आश्रित अनुकम्पा नियुक्ति नियम 1996 के अंतर्गत अनुकम्पा नियुक्ति पर नियुक्त कनिष्ठ सहायकों की कम्प्यूटर टंकण परीक्षा हेतु आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। जिले में विभिन्न विभागों में मृतक आश्रित अनुकंपा नियुक्ति नियमों के तहत नियुक्त ऐसे कनिष्ठ सहायक जिनकी नियुक्ति को अभी 3 वर्ष पूर्ण नहीं हुये हैं वे कम्प्यूटर टंकण परीक्षा हेतु 5 जनवरी 2025 तक अपने आवेदन पत्र अपने कार्यालय अध्यक्ष द्वारा प्रमाणित कराकर परीक्षा शुल्क 500 का डी.डी/चैक जिला कलक्टर कार्यालय में जमा करा सकते हैं। आवेदन पत्र जिला कलक्टर कार्यालय की बेवसाइट www.dholpur.rajasthan.gov.in से डाउनलोड करके प्राप्त किये जा सकते हैं।

# पुलिस की कार्रवाई, ट्रेलर चालक गिरफ्तार,अवैध रूप से बजरी परिवहन करते ट्रेलर व ट्रैक्टर-ट्रॉली जब्त

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** मलारना डूंगर क्षेत्र में अवैध बजरी खनन व परिवहन पर कार्रवाई करते हुए थाना पुलिस ने अलग-अलग स्थानों से बजरी परिवहन करते दो वाहन जब्त कर एक चालक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपी ट्रेलर चालक देवकिशन उर्फ डीके (23) पुत्र ताराचंद गुर्जर निवासी देवली थाना बौंली है। पुलिस के अनुसार क्षेत्र में अवैध बजरी खनन की रोकथाम के लिए दो अलग-अलग टीमें थाना क्षेत्र में गश्त कर रही थीं। तड़के चार बजे के लगभग हेड कांस्टेबल प्रतिपल जाप्ते के साथ कोटा-लालसोट मेगा हाइवे पर भाड़ौती मोड़ पर अवैध रूप से बजरी परिवहन करने वाले वाहनों की निगरानी कर रहे थे। इस दौरान भाड़ौती की तरफ से आया एक ट्रेलर पुलिस के सामने से तेज रफ्तार में निकल गया। संदेह होने पर पुलिस ने पीछा कर ट्रेलर को मलारना चौड़ पुलिस चौकी के सामने रुकवाया। चालक को उतारकर चेक किया तो ट्रेलर में बनास बजरी भरी थी। रॉयल्टी, रवन्ना या बजरी परिवहन का कोई वैध दस्तावेज नहीं मिला।



# सुशासन सप्ताह : प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान का 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक होगा आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/डीग।** जिले में प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग, भारत सरकार व जन अभियोग निराकरण विभाग, राजस्थान सरकार के निर्देशानुसार सुशासन सप्ताह- प्रशासन गांव की ओर - 2024 अभियान के अंतर्गत 19 दिसंबर से 24 दिसंबर तक पंचायत समितिवार जन शिकायतों के निस्तारण एवं राजकीय विभागों द्वारा दी जारी सेवाओं की तत्काल प्रदायगी सुनिश्चित करने के लिए शिविरों का आयोजन किया जाएगा। सुशासन सप्ताह - प्रशासन गांव की ओर 2024 अभियान के नोडल अधिकारी जिला परिषद के अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी मोहन सिंह ने बताया कि दिनांक 19.12.2024 से 24.12.2024 तक जिले में आमजन के परिवेदनाओं के त्वरित निस्तारण के लिए डीग, कुम्हेर, कामां, नगर और पहाड़ी में प्रात: 11 बजे से शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि जिला मुख्यालय पर 23 दिसंबर को जिला प्रशासन द्वारा किए गए नवाचारों एवं प्रयासों की जानकारी आमजन के साथ साझा करने के लिए कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा।

# निजी विद्यालयों में एसएसपी जिला समान परीक्षा कमेटी ने घटक विद्यालयों की समान परीक्षा का आयोजन

बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** राजस्थान में गैर सरकारी शिक्षण संस्थानों के सबसे बड़े संघ स्कूल शिक्षा परिवार राजस्थान गत सत्र 2023 24 से कक्षा एक से आठवीं तक की परीक्षाओं का आयोजन जिला समान परीक्षा कमेटियों के तहत करवा रहा है। इस वर्ष भी सत्र 2024 25 की अर्द्धवार्षिक परीक्षाओं का आयोजन एसएसपी जिला समान परीक्षा कमेटी भरतपुर के सानिध्य में दिनांक 18 दिसंबर 2024 से संपूर्ण जिले के घटक विद्यालयों की समान परीक्षा का आयोजन सफलता पूर्वक किया जा रहा है। जिला समान परीक्षा कमेटी के सहसंयोजक एवं पेपर एडिटर आर एस योगी ने बताया की एसएसपी संगठन जिला भरतपुर के लगभग सभी विद्यालय इस बार इस परीक्षा में समान रूप से सम्मिलित हो रहे हैं । योगी ने बताया कि परीक्षा को व्यवस्थित एवं सफल बनाने के लिए भरतपुर जिले में संगठन के कुल 10 ब्लॉक निर्धारित किया गया, प्रत्येक ब्लॉक के अंदर 5 दु5 संग्रहण केंद्र बनाए गए । प्रत्येक संग्रहण केंद्र से उस क्षेत्र के अधीन आने वाले विद्यालयों का नामांकन संकलित किया गया एवं परीक्षा प्रश्न पत्र पैकेट का वितरण सफलतापूर्वक किया गया। उक्त उक्त परीक्षा को गुणवत्तापूर्ण, श्रेष्ठ ,निजी विद्यालयों के उच्च स्तर के अनुसार बनाने का पूरा प्रयास किया गया है। इस परीक्षा के आयोजन इन विद्यालय में अध्ययन हजारों लाखों विद्यार्थियों को उनके शैक्षणिक सुधार करने का एक स्वर्णिम अवसर प्रदान करेगा।

# पानी के लिए 2007 से किया जा रहा है संघर्ष अब मूर्त रूप ले रहा है : पंडित रामकिशन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( नि.स. ) ।** पूर्वी राजस्थान के पानी की समस्या को लेकर कल जयपुर में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री द्वारा इआरसीपी और पीकेसी के उद्घाटन और घोषणा करने को लेकर भरतपुर के पूर्व सांसद पंडित रामकिशन और किसान नेता इन्दल सिंह जाट ने राजस्थान सरकार को धन्यवाद दिया है। पूर्व सांसद पंडित रामकिशन एवं किसान नेता इन्दल सिंह ने वयान जारी कर कहा है कि हम जिस पानी के लिये वर्ष 2007 से लगातार संघर्ष कर रहे थे वो संघर्ष अब जनता के हित में मूर्त रूप लेने जा रहा है , जिसका लाभपूर्वी राजस्थानकी जनता को मिलेगा ।उन्होंन इआरसीपी बनाने के लिये पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे को भी धन्यवाद दिया जबकि योजना को आगे बढ़ाने और निर्माण कार्य कराने के लिये पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलौत का भी धन्यवाद किया । उन्होंने कहा कि राज्य के मुख्यमंत्री बनते ही भजनलाल शर्मा ने सबसे पहले इआरसीपी पीकेसी का मध्यप्रदेश और केन्द्र के साथ मिलकर पानी का समझौता किया था , समझौता करने के लिये राज्य के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को भी धन्यवाद दिया। उन्होंने कहा कि भरतपुर डीग के तीन बाँधों बंध बारैठा अजान और सीकरी बाँध को फिलहाल शामिल किया गया है बाकी बाँधों को भी शामिल करना चाहिये। पूर्व सांसद पंड़ित रामकिशन और इन्दल सिंह ने कहा कि इस योजना में चम्बल और उसकी सहयोगी नदियों के पानी को सूखे बाँध और नदियों में लाया जायेगा। उन्होंने सरकार से माँग की कि बाढ़ के पानी के लिये भी भरतपुर जिले को योजना बननी चाहिये ताकी यहाँ समूचित सिंचाई और पेयजल का प्रबंध हो सके। उन्होंने प्रथम चरण की समय अवधि को भी घटाने का सुझाब दिया तथा सूखी पड़ी बाणगंगा नदी , रुपारेल और गम्भीर में प्रथम चरण के तहत पानी लाने की जरूरत बताई। उन्होंने कहा कि वैसे ही ये योजना काफी लेट हो चुकी है अब इस को पूरा करने के लिये तेजी से निर्माण कार्य होने चाहिये।

# मंगला आरती के वक्त मंदिरों के खुलने में आया समय का परिवर्तन

## सर्दी का असर शुरू होते ही राधे कृष्णा भी नजर आने लगे ऊनी वस्त्रों में, पुजारी लगा रहे गरम - गरम व्यंजनों का भोग



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** जैसे-जैसे तापमान में गिरावट होने लगी है। उससे आम जनजीवन प्रभावित होने लगा है। उसके साथ ही मंदिरों में शीतलहर से बचने के लिए मंदिर के पुजारी भगवान की प्रतिमाओं को ऊनी वस्त्र पहनाने लगे हैं। भक्त और भगवान के बीच में आस्था की डोर भावना से बंधी होती है। इसी भावना से भक्त भगवान की सेवा से जुड़ा रहता है। जिस प्रकार हर मनुष्य को सर्दी में ठंड का एहसास होता है इसी प्रकार भक्त मंदिरों में देव प्रतिमाओं के अंदर भी बही एहसास करते हैं। कस्बे की पंचायती मंदिर, शिवगंज मंडी मंदिर, बामडा हनुमान मंदिर, छीपी मंदिर, सैन मंदिर, उषा मंदिर व अन्य मंदिरों में देव प्रतिमाएं गर्म कपड़ों में नजर आने लगी है। गुनगुने पानी से स्नान के साथ मेवाओं का भोग, केसर दूध, गरम हलवा, गुड़ के साथ बाजरे का खिचड़ा, तिल की गजक के साथ सुबह शाम भगवान की प्रतिमाओं को भोग लगाया जाता है।

# विश्व स्तरीय यू कैन मेटल मैथ की विश्वस्तरीय प्रतियोगिता में प्रथम तीन में स्थान बनाकर भरतपुर का नाम किया रोशन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( नि.स. ) ।** पुष्प वाटिका कॉलोनी स्थित यूसीएमएएस सेंटर से 15 बच्चों ने दिल्ली विश्वविद्यालय में आयोजित अंतरराष्ट्रीय यूसीएमएएस मेंटल मैथ की विश्व स्तर प्रतियोगिता में भरतपुर जिले का नाम पूरे विश्व में रोशन किया। सभी बच्चों ने विश्व स्तर पर अपने हुनर का प्रमाण दिया। सेंटर के डायरेक्टर लोकेश शर्मा ने बताया की इस प्रतियोगिता में खुश पंडित,आस्था, कौस्तुभ, अभिषेक और वैष्णवी चैंपियन बने है तथा परी( मॉड्यूल चैंपियन) बनी है और पूर्वा , आर्यव,रुद्रा, तनवी , स्वप्निल, वंशिका, अक्षिता, गर्वित, नित्या ने विश्व स्तर प्रतियोगिता में टॉप 3 में अपनी जगह बनाकर पूरे भरतपुर जिले का नाम रोशन किया।

इस प्रतियोगिता में 30 देशों से करीब 6,000 बच्चों ने भाग लिया था जिसमें सभी बच्चों को 8 मिनट में गणित के 200 सवाल करने थे। सभी बच्चों ने अपनी कामयाबी का श्रेय अपने अध्यापक पुष्प वाटिका कॉलोनी सेंटर के डायरेक्टर लोकेश शर्मा को दिया। संस्था के डायरेक्टर लोकेश शर्मा एवं सभी होनहार विद्यार्थियों का सम्मान श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ समाज सेवक कौशलेश शर्मा के नेतृत्व में एवं विभिन्न सामाजिक संगठनों द्वारा पटका माला व सील्ड देकर सम्मानित किया। संस्था के पन्द्रह विद्यार्थियों ने भाग लिया जो सभी अंतरराष्ट्रीय व राष्ट्रीय स्तर पर पुरस्कृत हुए। पुरस्कृत में नौ बालिकाएं भी हैं ।सभी ने बच्चों को आशीर्वाद व शुभकामनायें दी ।कार्यक्रम के अंत में संस्था के डायरेक्टर लोकेश शर्मा का माला पटका व विहारी जी का प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर समता आंदोलन के जिलाध्यक्ष केदारनाथ पाराशर ने कहा कि प्रतिभासंपन्न बालक बालिकाओं को बिना किसी भेद-भाव के आगे बढ़ने के अवसर दिए जाएं।

जिससे देश उन्नति के शिखर पर पहुंच सकें। इस अवसर पर श्री ब्राह्मण सभा के पूर्व जिलाध्यक्ष कौशलेश शर्मा,समता आन्दोलन के जिलाध्यक्ष व सेवानिवृत्त प्रधानाचार्य केदारनाथ पाराशर,सेवानिवृत्त सहायक अभियन्ता देवकीनंदन शर्मा,डायट अतिरिक्त निदेशक कमल किशोर शर्मा ,सेवानिवृत्त सहायक लेखाधिकारी ईश्वरी प्रसाद शर्मा, सेवानिवृत्त अमीन रामेश्वर दयाल शर्मा, तिलक नगर ब्राह्मण समाज के वरिष्ठ समाज सेवी पंडित वनवारी लाल,समता आंदोलन के अशोक कुमार सारस,एल आई सी के लाल चंद शर्मा,अन्नपूर्णा रसोई संचालक विष्णुदत्त शर्मा,मुकेश तिवारी,संजय शर्मा एवं अभिभावक उपस्थित हुए । कार्यक्रम के अंत में लोकेश शर्मा ने आभार व्यक्त किया।

# श्री अग्रसेन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में सात शिविर आयोजित

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर/बयाना ( सत्यप्रकाश अग्रवाल )।** बुधवार को कस्बे के श्री अग्रसेन कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वाधान में सात दिवसीय विशेष शिविर के अंतर्गत स्वच्छ भारत-विकसित भारत' को लेकर एनएसएस के लक्ष्य गीत के साथ शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि प्रबंध समिति अध्यक्ष विनय अग्रवाल तथा विशिष्ट अतिथि अधिवक्ता मुरली मोहन गुप्ता रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉलेज प्राचार्य डॉ. बरखा तोमर ने की।

मुख्य अतिथि ने स्वयंसेविकाओं को बताया कि विकसित भारत 2047 का उद्देश्य साल 2047 तक भारत को पूर्ण विकसित और समृद्धशाली राष्ट्र बनाना है। विकसित भारत का मुख्य उद्देश्य हर भारतीय के जीवन स्तर में सुधार लाना है। जिससे सभी को समान अवसर और सुविधाएँ मिल सकें। भारत को एक वैश्विक शक्ति बनाने के लिए यह आवश्यक है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस विजन में नागरिको को सशक्त बनाना, भारत की जीडीपी को 3.4 ट्रिलियन डॉलर से बढ़ाकर, 30 ट्रिलियन डॉलर करना, आर्थिक विकास, सामाजिक प्रगति, पर्यावरणीय स्थिरता और सुशासन सहित विकास के विभिन्न पहलुओं को शामिल करना है। विकसित भारत के चार स्तंम्भ है युवा, गरीब, महिलाएं, और अन्नदाता किसान है।

एनएसएस प्रभारी मंजू अग्रवाल ने स्वंयसेविकाओं को सात दिन तक चलने वाले विशेष शिविर की रूपरेखा के बारे में बताया गया कि गोद लिये गॉव तथा शहर में लोगों को केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं को घर-घर तक पहुँचाना, नवाचार को प्रोत्साहित करना, बैंकिंग सुविधा, स्वच्छता रैली, मतदाता जागरूकता आदि कार्यक्रम संचालित किये जायेंगे। इस मौके पर संकाय सदस्य डॉ. दिलीप गुप्ता, डॉ. कुमार गौरव, रितु मित्तल, अविनाश गुप्ता, विष्णु गोयल सहित स्वंयसेविका अन्नु, गीतिका, नेहा, शिवानी, कल्पना, महक आदि मौजूद रही।

# रोगियों को घर जैसी मिले सुविधा

## चिकित्सालय की साफ सफाई के लिए सभी कर्मचारियों को दे जुम्मेदारी



बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** उपखंड मुख्यालय के स्वतंत्रता सेनानी पाण्डेय् केहरी सिंह सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र का प्रदेश मुख्यालय से आए चिकित्सादल ने निरीक्षण किया, निरीक्षण में व्यवस्थाएं एवं कमियो को देखकर प्रभारी अधिकारी को दिशा निर्देश दिए, साफ-सफाई की व्यवस्था को लेकर टीम द्वारा प्रभारी को निर्देशित किया गया कि इसके लिए चिकित्सालय के प्रत्येक कर्मचारी को अलग-अलग जिम्मेदारी दें जिससे साफ सफाई रहे। रोगियों को चिकित्सालय में घर जैसी सुविधा उपलब्ध हो सके। इस अवसर पर प्रभारी अधिकारी डॉ दीपक शर्मा खंड मुक्त चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर योगेश कुमार महिला रोग विशेषज्ञ डॉक्टर संतोष गुर्जर बीपीएम हुकम सिंह नर्सिंग ऑफिसर चंद्रशेखर पांडे उपस्थित रहे।

# सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कैम्पेन गुरुवार से

बढ़ता राजस्थान

**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** प्रशासनिक सुधार विभाग द्वारा प्राप्त निर्देशानुसार 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2024 तक जिले में गुड गवर्नेस के अन्तर्गत 'सुशासन सप्ताह-प्रशासन गांव की ओर कार्यक्रम' का आयोजन किया जा रहा है ।सुशासन सप्ताह का मुख्य उददेश्य आमजन को दी जाने वाली सेवाओं मे सुधार लाना एवं उनकी समस्याओं को दूर करना है। सप्ताह दौरान पंचायत, तहसील स्तर पर विशेष कैम्प, इवेंट का आयोजन कर आमजन की परिवेदनाओं राजस्थान संपर्क पेर्टल पर दर्ज, सीपीग्राम पोर्टल की परिवेदनाओं का निस्तारण किया जायेगा। जिला कलक्टर कल्पना अग्रवाल के अनुसार राज्य में 19 से 24 दिसम्बर 2024 तक प्रशासन गांव की ओर अभियान 2024 के अंतर्गत सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर शिविर आयोजित किये जायेंगे। इन शिविरों में जन शिकायतों के निस्तारण एवं विभिन्न विभागों द्वारा दी जा रही सेवाओं की तत्काल प्रदायगी सुनिश्चित की जानी है। साथ ही उक्त अवधि के दौरान संपर्क पोर्टल पर अधिकतम प्रकरणों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण किया जाना है। इसके लिये संबंधित उपखंड अधिकारियों को नोडल अधिकारी तथा विकास अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।19 दिसम्बर को पंचायत समिति सभागार बहरोड व नीमराना में, 20 दिसम्बर को पंचायत समिति सभागार पावटा व विराट नगर, 24 दिसम्बर को पंचायत समिति सभागार बानसूर में प्रशासन गांवों की ओर शिविर आयोजित किये जायेंगे।

# जयपुर कृषि विभाग की टीम नें किया कस्टम हायरिंग केन्द्रों का निरीक्षण

बढ़ता राजस्थान



**कोटपूतली ( बिल्लूराम सैनी )।** कृषि आयुक्तालय, जयपुर से आई टीम नें जिले की ग्राम सेवा सहकारी समितियों में स्थापित कस्टम हायरिंग केन्द्रों का निरीक्षण किया गया। टीम में आर.के. शर्मा (उपनिदेशक कृषि अभियांत्रिकी, कृषि आयुक्तालय) जयपुर के साथ संयुक्त निदेशक कृषि महेन्द्र कुमार जैन व सहायक निदेशक कृषि रामजी लाल यादव रहे। टीम द्वारा पंचायत समिति कोटपूतली के चर्तुभूज, चिमनपुरा व शुक्लावास, पंचायत समिति पावटा की द्वारिकपुरा तथा पंचायत समिति विराटनगर के बजरंगपुरा व खातोलाई कस्टम हायरिंग केन्द्रों का निरीक्षण किया गया ।निरीक्षण के दौरान कस्टम हायरिंग केन्द्रों को उपलब्ध कराये गये कृषि यंत्रों का भौतिक सत्यापन किया जाकर लाभान्वित होने वाले किसानों, किराये पर दिये गये कृषि यंत्रों से हुई आय की जानकारी प्राप्त की गई। उल्लेखनीय है कि कस्टम हायरिंग केन्द्रों को राज्य सरकार द्वारा अनुदान पर कृषि यंत्र उपलब्ध कराये जाते है जिन्हे इच्छुक किसानों को बाजार की किराये की दर से कम दर पर उपयोग हेतु उपलब्ध कराये जाते हे ।टीम द्वारा निरीक्षण के दौरान कस्टम हायरिंग केन्द्रो के प्रभारियों को योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार कर अधिकाधिक किसानों को जोड़ने के निर्देश दिये गये।

# 2047 तक देश को विकसित एवं समृद्धशाली राष्ट्र बनाना है




बढ़ता राजस्थान

**भुसावर ( यतेन्द्र पाण्डेय ) ।** विकसित भारत 2047 का उद्देश्य भारत को पूर्ण विकसित और समृद्धशाली राष्ट्र बनाना है मुख्य उद्देश्य पर प्रत्येक भारतीय के जीवन स्तर में सुधार लाना है ताकि सभी को समान अवसर और सुविधाएं मिल सके अपने देश को एक वैश्विक शांति बनाने के लिए आवश्यक है यह कहना है जीबी कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर दिनेश अवस्थी का डॉक्टर अवस्थी जीबी कॉलेज के सात दिवसीय विशेष एनएसएस के अवसर पर संबोधित कर रहे थे डां. अवस्थी ने कहा कि स्वच्छ भारत विकसित भारत को लेकर हमें हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इस भजन में सशक्त बनाना आर्थिक विकास सामाजिक प्रगति पर्यावरणीय स्थिरता एवं सुशासन सहित विकास के विभिन्न पहलुओं पर जन जागरण कर सभी को मुख्य धारा में लाना है। शिविर प्रभारी डॉक्टर उर्वशी पाराशर ने संबोधित करते हुए कहा कि हमें नवाचार को प्रोत्साहित करते हुए अपने द्वारा गोद लिए गए गांव व शहर को केंद्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जन कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचना है इस अवसर पर विष्णु कुमार मीणा सीमा शर्मा चंद्र मोहन मीणा मोहन सिंह सहित समस्त विद्यालय परिवार उपस्थित रहा।

# बानसूर पुलिस पर फायरिंग करने वाले आरोपियों की पुलिस ने परैड करवाई, न्यायालय में सभी आरोपियों को किया पेश



बढ़ता राजस्थान

**बानसूर ( धीरज मौर्य )।** थाना पुलिस द्वारा डकैती तथा लूट की योजना बनाने व पुलिस पर फायरिंग करने वाले आरोपियों की बाजार में परेड करवाई गई।

और सभी आरोपियों का मैडिकल करवाकर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां न्यायालय ने सभी आरोपियों का रिमांड दिया गया। थानाधिकारी सुरेंद्र मलिक ने बताया कि बानसूर क्षेत्र में किसी भी तरह का अपराध आरोपियों द्वारा नहीं करने दिया जाएगा। और अपराधियों को सौशल मिडिया पर फोलो करने वाले लोगों पर भी पुलिस के द्वारा कड़ी कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि एक दिन पहले क्रैशर लूटने की योजना बनाने वाले 6 आरोपियों को पुलिस गिरफ्तार करने गयी थी जिस पर आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग की थी। पुलिस ने बचाव में आरोपियों पर फायरिंग की थी ओर आरोपी कैंपर गाडी लेकर भागने लगे तथा आरोपियों की कैंपर गाडी एक पानी के टांके से टकराकर पलट गई थी ।जिसके पश्चात थानाधिकारी सुरेंद्र मलिक तथा कांस्टेबल मनोज सारण ने बहादुरी का काम करते हुए सभी आरोपियों को धर दबोचा था। पकड़े गए सभी आरोपियों पर अलग अलग थानो में काफी मुकदमे दर्ज हैं ।पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है।

# कथावाचक श्री जुगल किशोर जी महाराज ने कहा कि धर्म का सही मार्ग मोक्ष तक जाता है

बढ़ता राजस्थान



**अलवर ( का.स. )।** बुधवार को कथा में सुखदेव जी महाराज का आगमन हुआ राजा परीक्षित की सभा में और सुखदेव जी महाराज के उपदेश से राजा परीक्षित एक काल पर भी विजय प्राप्त कर लिए, तो हम अगर किसी सत्पुरुष की शरण में जाएंगे संतों की शरण ग्रहण करेंगे कोई सत्कर्म करेंगे तो हम लोगों का भी कल्याण होगा, और सुखदेव जी महाराज का जो उपदेश है वह कल्याणकारी उपदेश है यह परोपकार की भावना है हमारा सनातन धर्म सदियों से परोपकार करता चला रहा है किसी का हित हो किसी के जीवन की रक्षा हो उसके लिए सनातन धर्म हमेशा अग्रणी रहा है, इसी धारणा और भावना को लेकर के यह आयोजन चल रहा है जिसमें हम समस्त अलवर वासियों की कल्याण की भावना को लेकर इस कार्यक्रम की भूमिका को आगे बढ़ा रहे हैं कल ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र पर कथा होगी।

## बूंदी नगर परिषद की बोर्ड बैठक में 280 करोड़ रुपए के लोन और विकास कार्यो पर चर्चा

# बूंदी विधायक बोले ट्रिपल इंजन सरकार होने के बाद भी लोन क्यों? मुख्यमंत्री व लोकसभा अध्यक्ष से वार्ता कर अनुदान की करे मांग

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** नगर परिषद की बोर्ड बैठक में बूंदी के विकास को लेकर राज्य सरकार की गारंटी पर 280 करोड रुपए का लोन लेकर विकास की बैठक आयोजित हुई। बैठक में बूंदी विधायक हरिमोहन शर्मा, नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल, नगर परिषद आयुक्त संतलाल मक्कड़, उपसभापती लट्ठूर भाई, की उपस्थिति में बोर्ड बैठक का आयोजन किया गया। वरिष्ठ पार्षद टीकम जैन, वह मुकेश माधवन द्वारा विधायक व सभापति को पुष्प कुछ देकर बैठक की शुरुआत हुई। सभी पार्षद बूंदी के विकास को लेकर सहमत थे। मगर बीजेपी पार्षदों को नगर परिषद द्वारा लिए जा रहे लोन के बारे में ज्यादा जानकारी नहीं थी। इस पर विधायक हरिमोहन शर्मा ने बोलते हुए कहा कि पहले इस लोन प्रक्रिया को समझ लो उसके बाद प्रस्ताव पास करने की सहमति जताई जाए तो ज्यादा बेहतर होगा। इस पर हरिमोहन शर्मा ने बोलते हुए कहा कि ट्रिपल इंजन सरकार होने के बाद भी राज्य सरकार 280 करोड़ का नगर परिषद को लोन दिला रही है, इसका मतलब लोन चुकाना है जो 15 वर्ष में उसका ब्याज लगभग 150 करोड रुपए होगा, इसकी जगह अगर राज्य सरकार व कोटा बूंदी सांसद व लोकसभा स्पीकर ओम बिरला से लोन की जगह यह राशि अनुदान के रूप में ली जाए तो बूंदी के विकास के साथ-साथ नगर परिषद पर भी भार नहीं होगा। इस बात से समस्त कांग्रेसी पार्षदों ने सहमति जताई। विधायक ने कहा कि कांग्रेस सरकार के समय हमने 170 करोड रुपए का राज्य सरकार से अनुदान लिया था और विकास कार्य करवाए थे तो भाजपा सरकार क्यों अनुदान नहीं दे सकती। जिस पर नगर परिषद सभापति सरोज अग्रवाल ने भी इस पूरे मामले को मुख्यमंत्री व लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से इस राशि को अनुदान स्वरूप लेने का प्रस्ताव मुख्यमंत्री व लोकसभा अध्यक्ष के सम्मुख रखने की बात कही । बैठक में माइक पर बोलने को लेकर थोड़ी बहुत गहमा, गहमी पार्षदों में हुई । नगर परिषद कार्यवाहक सभापति सरोज अग्रवाल की यह पहले बोर्ड बैठक थी। पार्षद प्रेम प्रकाश एवरग्रीन ने बैठक में अपनी बात रखते हुवे कहा कि लंबे समय से नगर परिषद द्वारा पट्टे जारी नहीं किया जा रहे, जिससे नगर परिषद में आए तो हो ही नहीं रही साथ ही आम जनता को भी काफी परेशानी हो रही है राज्य सरकार द्वारा समस्त नगर परिषद व नगर पालिकाओं को आदेश दिए गए हैं कि जल्द से जल्द सभी को पट्टे दिए जाएं मगर बूंदी नगर परिषद पशासन लापरवाह होकर बैठा है, अगर जल्द ही पट्टे जारी नहीं किए गए तो आंदोलन की राह पकड़नी होगी, वही मुकेश माधवन पार्षद ने बोलते हुए कहा कि नगर परिषद की परिसीमा को फैलाया जाए कृषि उपज मंडी कुवारती की तरफ मार्केट बनाया जाए जिससे स्थानीय लोगों को आमदनी बढ़ सके। मेडिकल कॉलेज की तरफ भी परिसीमन को बढ़ाकर मार्केट डवलप किया जाए, नैनवा रोड व चित्तौड़ रोड की तरफ भी परिसीमन को बढ़ाया जाए । पार्षद टीकम जैन ने बोलते हुए कहा कि राज्य सरकार अगर अनुदान स्वरूप नगर परिषद को 300 करोड रुपए देती है तो सभी पार्षद बूंदी के विकास में एकजुट होकर साथ देगे। उन्होंने कहा कि सफाई व्यवस्थाओं के लिए भी राशि



आवंटन की जाए जिस पर अरुण शर्मा ने बोलते हुए कहा कि 5 करोड रुपए इस प्रस्ताव में सफाई व्यवस्था के लिए निर्धारित किए गए हैं। बैठक कुंभ स्टेडियम सब हाल में 3-20 पर शुरू हुई जो 4-12 पर खत्म हुई । इस दौरान पार्षद देवराज गुर्जर, शांति सोनी, मोनिका शेरगड़िया, ममता शर्मा, गोलू नायक, संध्या रावल, विजय सिंह गहलोत, माला भूटानी, रमेश हाडा, रवि गौतम , सहित सभी पार्षद मौजूद रहे ।

## महात्मा गोपालराम महाविद्यालय की छात्रा को मिली स्कूटी तो खिले बेटी के चेहरे

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** बुधवार को स्थानीय महात्मा गोपालराम महाविद्यालय की छात्रा हरिओम तिवारी की पुत्री रिमझिम तिवारी को कालीबाई भील मेधावी छात्रा स्कूटी योजना के तहत स्कूटी मिलने पर कालेज के निदेशक कमल शर्मा ने छात्रा का मीठा मुँह करवाकर उज्वल भविष्य की कामना की गई। निर्देशक ने छात्रा को यातायात नियमों का पालन करने के निर्देश दिए । पढ़ाई के साथ-साथ यातायात के नियमों का भी ध्यान रखना बहुत जरूरी है, जिससे आगे कोई दुर्घटना न हो। इसके लिए छात्रा को हेलमेट और ड्राइविंग लाइसेंस अनिवार्य



रूप से साथ रखने के लिए भी निर्देश दिया गया जब भी स्कूटी चलाए हेलमेट पहन कर की चलाए। छात्रा ने कहा कि कालीबाई भील सरकार द्वारा योजना में स्कूटी दी गई है । जिससे कि अब उन्हें आगे उच्च शिक्षा के लिए कॉलेज आने जाने में बसों में धक्के खाने की बजाय स्कूटी से आने-जाने में सुविधा रहेगी । इस दौरान महाविद्यालय के सुरेश शर्मा ,गोविंद सहाय ,रविन्द्र कुमार ,श्याम सिंह,मीनाक्षी शर्मा ,रानू चौधरी कपीश मालव, निशांत गंगवाल तोलाराम सिद्धार्थ नरेंद्र कुमार ,सुरेश मालव कौशल्या मीणा इत्यादि मौजूद रहे।

## रामगंजमंडी से कोटा महोत्सव (उपखंड स्तर) की शुरूआत

### लोक कलाओं का भव्य प्रदर्शन, स्थानीय प्रतिभाओं को मिला मंच

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** उपखंड स्तरीय कोटा महोत्सव की शुरूआत बुधवार को रामगंजमंडी के गोवर्धनपुरा स्थित माताजी मंदिर प्रांगण में हुई। इस आयोजन में क्षेत्रीय लोक कलाओं और सांस्कृतिक धरोहर का अद्भुत प्रदर्शन हुआ जिसे देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। उपखंड अधिकारी नीता वसीटा ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत नंदिनी शर्मा द्वारा प्रस्तुत गणेश वंदना से हुई, जिसने पूरे माहौल को भक्ति और श्रद्धा से भर दिया। इसके बाद रिंकु यादव ने अपनी सुरीली आवाज में एकल लोकगीत प्रस्तुत किया, जबकि एमवीवी विद्यालय के विद्यार्थियों ने अपनी अद्भुत प्रस्तुति से समूह लोकनृत्य की छटा बिखेरी। महोत्सव में "लोकल टैलेंट हंट" के तहत स्थानीय प्रतिभाओं ने अपनी प्रस्तुतियों से दर्शकों का मन मोह लिया। इसके अलावा, नॉर्थ ज़ोन कल्चरल सेंटर और त्रिनेत्र कथक एकेडमी के कलाकारों ने अपनी शानदार प्रस्तुतियों से सभी को प्रभावित किया। कार्यक्रम का समापन नगर पालिका द्वारा आयोजित भव्य आतिशबाजी से हुआ।

**कनवास में आज सांस्कृतिक प्रस्तुतियां और आतिशबाजी :** कोटा महोत्सव के अंतर्गत गुरुवार को उपखंड कनवास के मौरुकलां पंचायत दरा मैदान में सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन होगा। कार्यक्रम सायं 4 से रात्रि 8 बजे तक चलेगा। उपखंड अधिकारी अंजना सहरावत ने बताया कि महोत्सव में स्थानीय लोक कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी जाएंगी, जो क्षेत्रीय परंपराओं और कला को प्रदर्शित करेंगी। कार्यक्रम में नॉर्थ ज़ोन




कल्चरल सेंटर के कलाकार दल भी अपनी विशेष प्रस्तुतियों के साथ शामिल होंगे। इसके अलावा, त्रिनेत्र कथक एकेडमी के कलाकारों द्वारा कथक नृत्य की प्रस्तुति मुख्य आकर्षण का केंद्र होगी। कार्यक्रम के अंत में भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया जाएगा। उपखंड अधिकारी ने सभी नागरिकों से इस आयोजन में शामिल होकर स्थानीय कला और संस्कृति को प्रोत्साहन देने की अपील की है।

### कोटा विकास प्राधिकरण की तृतीय बैठक

## इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट के लिए 1062 करोड़ का ऋण लेगा केडीए

बढ़ता राजस्थान

**कोटा, ( का.स. )।** कोटा विकास प्राधिकरण की तृतीय बैठक बुधवार को प्राधिकरण अध्यक्ष डॉ. रविन्द्र गोस्वामी की अध्यक्षता में केडीए सभा कक्ष में आयोजित की गई। बैठक में कोटा के इन्फ्रास्ट्रक्चर डवलपमेंट एवं सड़क नेटवर्क में सुधार के लिए नेशनल कैपिटल रीजन प्लानिंग बोर्ड (एनसीआरपीबी) से एक हजार 62 करोड़ रूपये का ऋण लिए जाने का अनुमोदन किया गया। बैठक में हाउसिंग एण्ड अर्बन डवलपमेंट कॉर्पोरेशन (हुडको) से कंसल्टेंसी कार्य करवाए जाने के प्रस्ताव को भी स्वीकृति दी गई। हुडको की कंसल्टेंसी में एमबीएस हॉस्पिटल के कैम्पस का मास्टर प्लान एवं नवीनीकरण, ऑडिटोरियम का निर्माण, मिनी सचिवालय, स्टेडियम, स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्स का नवीनीकरण, जिला परिषद के नवीन मीटिंग हॉल, ईडब्ल्यूएस/एलआईजी/एमआईजी, अफोर्डेबल आवासों का निर्माण, नवीन ग्रीनफील्ड एयरपोर्ट के सामने फ्लाईओवर का निर्माण, धर्मपुरा रोड़ पर, राष्ट्रीय राजमार्ग पर अण्डरपास का निर्माण, मुख्य सड़कों जैसे बूंदी रोड, बारां रोड, झालावाड़ रोड, नान्ता रोड, कैथून रोड, रावतभाटा रोड का सौन्दर्यकरण का कार्य, विभिन्न पार्कों के सौन्दर्यकरण, संविधान पार्क का निर्माण, कोटड़ी तालाब एवं रायपुरा तालाब एवं किशोर सागर तालाब के सौन्दर्यकरण के कार्य की डीपीआर तैयार की जाएगी। डीपीआर अनुमोदित होने के बाद आवश्यक ऋण राशि के लिए प्राधिकरण द्वारा हुडको में आवेदन किया जाएगा। बैठक में शहर के दुर्घटना संभावित स्थलों एवं ब्लैक स्पॉट के चिन्हीकरण के लिए केन्द्रीय सड़क अनुसंधान संस्थान (सीएसआईआर) नई दिल्ली को कंसल्टेंसी कार्य की स्वीकृति दी



गई। सीएसआईआर द्वारा दी गई प्रोजेक्ट रिपोर्ट के आधार पर केडीए कार्य करेगा। प्राधिकरण की विभिन्न शाखाओं में कार्य व्यवस्थार्थ कंसल्टेंट नियुक्त का प्रस्ताव भी बैठक में अनुमोदित किया गया। बैठक में नगर निगम कोटा दक्षिण के महापौर राजीव अग्रवाल, जिला कलक्टर बूंदी अक्षय गोदारा, केडीए सचिव कुशल कोठारी, उप सचिव हर्षित वर्मा, भूमि अवाप्ति अधिकारी मालविका त्यागी, निदेशक अभियांत्रिकी रविन्द्र माथुर सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## राष्ट्रीय स्तर की रनर आयशा खान का कोटा में स्वागत, मौलाना आजाद परिवार के प्रतिनिधिमंडल ने भी बढ़ाया हौसला

बढ़ता राजस्थान

**अंता ( शफीक मंसूरी )।** कोटा की रहने वाली वाली रनर बेटी आयशा खान अपने घर लौटीं तो रेलवे स्टेशन पर बड़ी संख्या में स्थानीय लोगों ने उनका स्वागत किया और उन्हें दुआओं और मोहब्बत से नवाजा । ओडिशा के भूवनेश्वर मे 39वां राष्ट्रीय एथलेटिक्स सिल्वर मेडल जीत कर आयी आयशा खानम के स्वागत के लिए मौलाना आजाद मानव सेवा संस्थान परिवार के अध्यक्ष शेख बहादुर अली ओर महिला कोर्डिनेटर फरीदा शेख ने आयशा खानम के आवास पर पहुंच शाल ओढाकर स्मृति चिन्ह भेंट कर प्रशस्तिपत्र देकर फूल माला पहनाकर स्वागत किया ओर हौसला बढ़ाते हुए कहा कि आयशा खान बेटियों और बहनों




के लिए प्रेरणा का स्त्रोत बनेंगी और जिस तरह आज आयशा खान ने कोटा सम्भाग का नाम रोशन किया है, इसी तरह बाकी लड़कियां भी हिम्मत के साथ आगे बढ़ेंगी और हर क्षेत्र में तरक्की करने के साथ ही देश और राष्ट्र के निर्माण में अपनी भूमिका निभाएंगी। संस्थान के अध्यक्ष शेख बहादुर सचिव नवीन अग्रवाल ने कहा, हम जल्द ही देखेंगे की आयशा खान अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में देश का नाम रोशन करेंगी । मालूम हो कि कोटा के छावनी के मरहूम अब्दुल रहीम की एक दुर्घटना में मौत हो गई थी और अब उनकी बेटी आयशा ने अपने पिता के सपने को पूरा करने के लिए ओडिशा के भुवनेश्वर में 39वां राष्ट्रीय एथलेटिक्स सिल्वर मेडल जीता है।

## बहुप्रतीक्षित निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ फोरलेन सड़क निर्माण के लिए 197.20 करोड़ की निविदा जारी

### विधायक कृपलानी के प्रयास लाए रंग, क्षेत्रवासियों को अगले 2 वर्षों में मिलेगा फोरलेन सड़क का लाभ

बढ़ता राजस्थान



**निम्बाहेड़ा( नि.स. )।** पूर्व स्वायत्त शासन मंत्री एवं विधायक श्रीचंद कृपलानी के प्रयासों से बहुप्रतीक्षित निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ टू लेन सड़क को राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अपने पहले ही बजट में फोरलेन सड़क में क्रमोन्नत करने की घोषणा की थी। फोरलेन में क्रमोन्नत होने की घोषणा के साथ ही विधायक कृपलानी इस सड़क के शीघ्र निर्माण कार्य आरंभ करवाने के लिए प्रयासरत हैं। इस संबंध में विधायक कृपलानी के प्रयासों से राजस्थान राज्य सड़क विकास एवं निर्माण निगम लिमिटेड (आरएसआरडीसी) द्वारा निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ सड़क मार्ग पर टू लेन से फोरलेन सड़क निर्माण के लिए 197.20 करोड़ की ई-निविदा जारी कर दी है। टेंडर प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उक्त सड़क के निर्माण को आगामी 2 वर्ष में पूर्ण किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि राजस्थान सरकार ने अपने पहले ही बजट में विधायक कृपलानी की अनुशंषा पर इस बहुप्रतीक्षित सड़क निर्माण के लिए 325 करोड़ रुपये स्वीकृत करने की घोषणा की थी, जिसमें सड़क निर्माण के साथ ही मुआवजा राशि भी सम्मिलित हैं। निम्बाहेड़ा-मंगलवाड़ टू लेन सड़क के फोरलेन में क्रमोन्नत पश्चात निविदा प्रक्रिया शुरू होने पर विधायक श्रीचंद कृपलानी ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं वित्त मंत्री दीया कुमारी के प्रति आभार व्यक्त किया है, वहीं इस सड़क मार्ग के निर्माण प्रक्रिया आरम्भ होने पर क्षेत्रवासियों सहित भाजपा पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने विधायक कृपलानी को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

## शिविर के पश्चात सीएचसी जजावर, देइखेड़ा का किया औचक निरिक्षण

बढ़ता राजस्थान

**बूंदी ( अनन्त दाधीच )।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग द्वारा गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाओं को सुगम करने के उद्देश्य से जिला बूँदी में मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। और इसी को लेकर बुधवार को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.ओ पी सामर ने बताया कि बुधवार 18 दिसम्बर को खण्ड नेनवा की पीएचसी समीधी में आयोजित शिविर का निरिक्षण डा. सामर के द्वारा किया गया, इस दौरान डिप्टी सीएमएचओ डॉ कमलेश शर्मा भी साथ रहे । सीएमएचओ डॉ सामर ने बताया कि जिले में लग रहे इन शिविरों में आमजन बड़ी संख्या में उपस्थित हो रहे है और बड़ी संख्या में मरीज उपचार के लिए पंजीकरण भी करवा रहे है । और शिविर में गर्भवती महिलाओं की प्रसव पूर्व जांच, गर्भवती महिलाओं का टीकाकरण किया गया वही , योग्य दम्पत्ति को परिवार कल्याण के साधन उपलब्ध करवाए जा रहे हे , कैटरेक्ट के चिन्हित मरीज, मरीजों की मधुमेह, रक्तचाप के मरीज, नाक-कान व गला के मरीजों की स्क्रीनिंग की गई। और इसके अतिरिक्त अन्यों को भी जांच एवं उपचार दिया गया।

### शुक्रवार को यहां आयोजित होंगे आयुष्मान आरोग्य शिविर

सीएमएचओ डॉ. ओ पी सामर ने बताया कि शुक्रवार को दबलाना, नमाना, घाट का बराना, गुडा देवजी, एवं बरुधन मै मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य शिविर आयोजित किए जाएंगे।



### सीएचसी जजावर, देइखेड़ा का औचक निरिक्षण किया

बुधवार को शिविर के निरिक्षण के पश्चात सीएमएचओ डॉ सामर ने सीएचसी देइखेड़ा और सीएचसी जजावर का औचक निरिक्षण कर वहा की स्वास्थ्य सेवाओं का हाल जाना । उन्होंने वहा स्वास्थ्य योजनाओं सहित निशुल्क दवा, जाँच योजना एवं सफाई व्यवस्था, बायोमेडिकल वेस्ट, लेबर रूम शौचालय सहित स्टॉफ की उपस्थिति की जानकारी ली एवं भर्ती मरीजों से मिल रही सेवाओं की जानकारी ली उन्होंने प्रभारी को संस्थान मै आमजन को सम्पूर्ण स्वास्थ्य सेवाऐ उपलब्ध करवाने के निर्देश दिए और निरिक्षण के दौरान सामने आई कमियों को सुधारने के लिए पाबंद किया।

## पंचायत समिति की साधारण बैठक आयोजित

बढ़ता राजस्थान

**केशोरायपाटन( सुनील मेघवाल )।** केशोरायपाटन पंचायत समिति की साधारण बैठक पंचायत समिति विकास अधिकारी,प्रधान वीरेंद्र सिंह हाड़ा, विधायक सीएल प्रेमी, एसडीएम दीपक खटाना की अध्यक्षता में शुरू हुई। बैठक में स्कूलों के खेल मैदानो में अतिक्रमण, विद्युत विभाग के लापरवाही से माधुराजपुरा में बीच सड़क पर खंबे से जान जाने के बाद भी खंबा नहीं हटाया गया, पंचायत समिति सदस्य देव किशन मीणा ने बालोद पंचायत में सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल द्वारा 17 वर्ष पहले अपनी पत्नी को पंचायत सहायक में लगाने का आया मामला सामने पंचायत समिति सदस्य देवकिशन मीणा ने बोर्ड बैठक में उठाया मामला , सरपंचों और पंचायत समिति सदस्य जिला परिषद सदस्य द्वारा ज्यादातर मामले स्कूलों में अतिक्रमण, जलदाय विभाग, शौचालय विद्युत विभाग, गांवो में सड़क बनाने की मांग को लेकर, सरपंचों के मामले उठाएं।

इस मौके पर पंचायत समिति सदस्य, सरपंच जिला परिषद सदस्य और विद्युत विभाग जलदाय विभाग पीडब्ल्यूडी विभाग के अधिकारी मौजूद रहे ।

## साप्ताहिक हाट के दौरान लगा जाम,बेतरतीब लगे ठेलों से लगता है जाम ,पंचायत प्रशासन की अनदेखी



बढ़ता राजस्थान

**चौमहला ( आबिद हुसैन )।** झालावाड़ जिले के चौमहला कस्बे में वैसे तो आए दिन जाम लगना आम बात है। लेकिन हर बुधवार को कस्बे में लगने वाले साप्ताहिक हाट के दौरान लगने वाले ठेलों को व्यवस्थित रूप से लगाना जिससे ट्रैफिक प्रभावित न हो यह जवाबदारी पंचायत प्रशासन की है।लेकिन खेद का विषय है इस और पंचायत का कोई ध्यान नही है जिसकी अनदेखी से यातायात जाम हो जाता है । जिसके चलते कभी कोई हादसा हो सकता है पंचायत प्रशासन झंडा चोक कोलवी रोड व मेंन बाजारों में लगने वाले सब्जी व फल फ्रूट के ठेलों को सब्जीमंडी में भेझे जंहा अन्य सब्जी वाले दुकान लगाते है , जाम लगने की मुख्य वजह यही है इसी कारण सब्जी मंडी इस जगह से हटाई गई थी । लेकिन पंचायत प्रशासन द्वारा जाम की समस्या को गंभीरता से नही लेने के कारण ही कत्रिम जाम की स्थिति निर्मित हो रही है यही स्थिति आड़ा बाजार में भी है जंहा कोई भी चार पहिया वाहन का निकलना भी मुश्किल है, जंहा रोड को अतिक्रमण से मुक्त करवाना अति आवश्यक है । पंचायत प्रशासन सज्ञान लेकर नगर की साफ सफाई व अतिक्रमण पर ध्यान दे।

# धौलपुर-आगरा रेलवे खंड में आरसीसी बनेंगी बाउंड्री वॉल, 15 करोड़ खर्च होंगे

## 18 किलोमीटर के एरिया में होगा निर्माण

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर रेलवे ने आवारा और बेसहारा पशुओं से होने वाली दुर्घटनाओं से निजात पाने के लिए आगरा से धौलपुर तक जिन स्थानों पर रेलवे ट्रैक के पास बाउंड्री वाल नहीं है उन पर रेलवे द्वारा 15 करोड़ रुपए की लागत से आगरा से धौलपुर तक 18 किलोमीटर तक आरसीसी की बाउंड्री वॉल बनाने का निर्णय लिया है। जिसका कार्य शुरु कर दिया गया है। सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक तेज प्रकाश अग्रवाल ने मनिया-धौलपुर रेल खंड का निरीक्षण कर अवलोकन किया।

निरीक्षण के दौरान इस खंड में होने वाले कैटल रन ओवर (सीआरओ) अर्थात ट्रैक पर जानवरों के आने के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम पर जोर दिया और निर्माण कार्य शुरु होने से पहले पूरा जायजा लिया। बता दें कि धौलपुर-आगरा रेल खंड में भी ट्रैक के किनारे आरसीसी बाउंड्री बॉल फेंसिंग का कार्य शुरू कर दिया गया है। यह कार्य 15 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से 18 किलोमीटर में कराया जा रहा है। दीवार बनने के बाद रेल खंड में होने वाले कैटल रन ओवर (सीआरओ) पर रोकथाम लगाई जा सकेगी। आगरा मंडल में मनिया-धौलपुर रेल खंड में वर्ष 2023-24 में 69 कैटल रन ओवर हुए जो कि 15 दिसंबर 2024 तक 46 कैटल रन ओवर हुए हैं। धौलपुर. रेलवे की अधीन भूमि पर खड़ी मशीनें इनसे जल्द शुरू होगा काम। 6ग्रामीणों को भी कर रहे जागरुक... मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि कैटल रन ओवर (सीआरओ) के समाधान के लिए बहुआयामी प्रयास की जरूरत है। फील्ड में काम करने वाले रेलवे अधिकारियों को चाहिए कि वे कैटल रन ओवर प्रभावित क्षेत्रों के गांवों में स्थानीय निवासियों से मिलें और उन्हें मवेशियों को रेलवे ट्रैक से दूर रखने के विषय में प्रतिबंधित करें। उन्होंने बताया की संरक्षा व सुरक्षा के दृष्टिगत विभिन्न सेफ्टी ड्राइव चलाई जा रही है। जिनके माध्यम से मनिया-धौलपुर रेल खंड के आसपास के गाँव में कैटल रन ओवर (सीआरओ) की रोकथाम हेतु ग्रामीणों को जागरूक किया जा रहा है। धौलपुर स्टेशन पर अमृत भारत स्टेशन के तहत चल रहे नवनिर्मित कार्यों का भी निरीक्षण किया। आए दिन ट्रेन के सामने पशु आने से होती थीं दुर्घटनाएं काकूके रेलवे सूत्रों के अनुसार आए दिन रेलवे ट्रैक पर बेसहारा पशुओं के आ जाने के कारण दुर्घटनाओं में वद्धि हो रही थी। इसी को देखते हए रेलवे प्रशासन द्वारा ये कदम उठाया है जिससे हादसों पर अंकुश लगाया जा सके। उन्होंने बताया दुर्घटनाओं के कारण लंबी दूरी की गाड़ियों को भी काफी देर तक यहां रुकना पड़ता था जिससे रेलवे का टाइम स्लॉट बिगड़ता था।




### सीवर लाइन और पेयजल पाइप लाइन योजना में लापरवाही का मामला

# एडीजे कोर्ट में लगातार दूसरे दिन हुई सुनवाई, 15 दिन में कार्य में सुधार के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर में विकास के लिए समर्पित पुनर्गठित पेयजल पाइप लाइन परियोजना और सीवेज लाइन परियोजना के काम में हो रही लापरवाही को लेकर शहर के दो युवाओं द्वारा 12 दिसंबर को विधिक सेवा के तहत दिए गए परिवाद पर दूसरे दिन बुधवार को एडीजे कोर्ट में सुनवाई की गई। एडीजे नीरज कुमार ने जलदाय विभाग और नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देश दिए की कार्य को लेकर जो भी समस्याएं सामने आ रही है। उनका 15 दिन मे समाधान किया जाए और नॉर्म्स के तहत पूरा काम हो। यदि उक्त कार्य में अभी भी लापरवाही सामने आई तो कड़ा रुख अपनाया जाएगा।

एडीजे कोर्ट में मामले को लेकर पैरवी कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रूप सिंह किलेदार ने बताया कि शहर में राज्य सरकार के द्वारा करोड़ो रूपये की लागत का पेयजल पाइप लाइन और सीवर लाइन का काम संवेदकों को दिया गया है। उक्त कार्य में ना तो नॉर्म्स की पालना हो रही है ना ही क्वालिटी पर ध्यान दिया जा रहा है। दोनों कार्यों के लिए संबंधित जलदाय विभाग और पीडब्ल्यूडी के साथ नगर पालिका के अधिकारी कोई ध्यान नहीं दे रहे हैं। ना ही कार्य को लिए लेकर जो टीम गठित की गई है वह मौके पर निरीक्षण करती है। इससे शहर के नागरिक परेशान हैं और बार-बार अधिकारियों से शिकायत की गई है। स्थानीय प्रशासन और जिला प्रशासन को भी अवगत कराया है।

लेकिन जब कहीं पर भी सुनवाई नहीं हुई तो शहर के युवा प्रमोद मुद्गल और उनके द्वारा यह परिवाद विधिक सेवा के तहत एडीजे कोर्ट में लगाया गया। जिस पर न्यायालय ने मंगलवार और बुधवार दो दिन लगातार सुनवाई करते हुए आमजन की सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए अधिकारियो को फटकार लगाई है। और जलदाय विभाग,पीडब्ल्यूडी एवं नगर पालिका के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए हैं 15 दिवस में उक्त सभी लापरवाही खत्म होनी चाहिए। रोड पर जहां गड्ढे हैं उन्हें मरम्मत किया जाना है साथ में आगे जो भी काम हो वह पूरे नॉर्म्स से होना चाहिए। एडीजे नीरज कुमार ने जलदाय विभाग के अधिकारियों, पीडब्ल्यूडी के अधिकारियों और नगर पालिका के अधिकारियों को कढ़े निर्देश दिए हैं।

# पाकिस्तान के 93 हजार सैनिकों ने किया था आर्मी के समक्ष सरेंडर

## जिला सैनिक विश्राम गृह पर पूर्व सैनिक सेवा परिषद ने मनाया विजय दिवस, वक्ता बोले- सैनिक देश का गौरव इन्हें याद रखें

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** अखिल भारतीय पूर्व सैनिक सेवा परिषद के तत्वावधान जिला सैनिक विश्राम गृह पर विजय दिवस मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ परिषद की ओर से दीप प्रज्वलन करते हुए शहीद स्मारक पर ध्वजारोहण व पुष्पांजलि अर्पित की गई। मुख्य अतिथि कैप्टन शिवराम सिंह, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी गम्भीर सिंह, सत्येन्द्र सिंह, अशोक सिंह, किसान संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष नत्थी सिंह, किसान संघ के जिला मार्गदर्शक कायम सिंह व भारत विकास परिषद के प्रांतीय प्रकल्प प्रभारी राजीव झा रहे। परिषद के प्रदेश सह संगठन सचिव प्रणव मुखर्जी ने 1971 भारत पाक युद्ध के बारे में जानकारी देते हुए कहा कि भारत ने 93 हजार पाकिस्तानी सैनिकों को घुटनों के बल झुकने व आत्मसमर्पण करने को मजबूर किया। किसान संघ के प्रांतीय उपाध्यक्ष नत्थी सिंह ने बताया कि सैनिक देश का गौरव हैं। नागरिकों का प्रयास होना चाहिए कि भारतीय सेना के गौरव को हमेशा याद रखें। कायम सिंह परमार ने कहा कि सैनिक भारतीय धारा को अक्षुण्य रखने में सबसे अग्रणी है। हमें इनका सम्मान करना चाहिए। परिषद के बाड़ी ईकाई के अध्यक्ष कैप्टन बनवारी सिंह, धौलपुर ईकाई अध्यक्ष सूबेदार मेजर रमेश सिंह परमार, कैप्टन अशोक सिंह परमार ने भी विचार व्यक्त किए। कवि राजवीर सिंह क्रांति, कवि सुरेन्द शर्मा ने आज रस की कविताएं पढ़कर लोगों में देश के प्रति जोश भर दिया। शहर में बाइक रैली निकाली गई। कार्यक्रम के दौरान वीरांगनाओं, युद्ध वीरों व अतिथियों का सम्मान किया गया। कार्यक्रम का समापन राष्ट्रगान के साथ किया गया।

इस अवसर पर रनवीर सिंह, सूबेदार जगदीश जगरिया, सूबेदार कैलाश चन्द्र शर्मा, सूबेदार राजेंद्र सिंह, सज्जन शर्मा, राहुल सैन, सुरेन्द्र शर्मा, कालीचरण बघेला, अजमेर सिंह, सूरज पाल, राजेश्वर सिंह, रामबीर सिंह, गोविंद शर्मा, रविन्द्र शर्मा, लक्ष्मी चंद, सुरेश सिकरवार, शिवदत्त, सुबे दार मेजर यशपाल सिंह, सुल्तान सिंह, मजबूर सिंह, रामवतार, पंकज कुमार, रामकिशन, राजेंश शर्मा, अजमेर सिंह, बनवारी सिंह, केदारनाथ गौड़, सूबेदार मेजर केदार बघेला, जोगेन्द्र सिंह, हरिओम सिंह, ऋषिकेश त्यागी, नरेंद्र सिंह, राजकिशोर, आदि मौजूद रहे।

# पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर फायरिंग

## चेहरे के पास फंसी गोली, मार्केट से सब्जी लेकर लौट रहा था घर

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर में पुरानी रंजिश को लेकर बदमाशों ने युवक पर फायरिंग कर दी। युवक के चेहरे के पास गोली लगी है। परिजनों ने युवक को गंभीर हालत में जिला अस्पताल पहुंचाया। गोली चेहरे के पास फंसी होने के बाद डॉक्टरों ने प्राथमिक इलाज के बाद जयपुर रेफर कर दिया है। मामला राजाखेड़ा उपखंड के सांवलिया पुरा गांव का है।

घायल युवक के भाई प्रवीन कुमार ने बताया कि उसका छोटा भाई पवन (18) पुत्र शिवराम मंगलवार शाम मछरिया से सब्जी लेने गया था, जहां से लौटते समय रास्ते में 6 लोगों ने उसके साथ मारपीट की। बदमाशों ने युवक पर फायरिंग कर दी। राजाखेड़ा थानाधिकारी वीर सिंह ने बताया कि मंगलवार रात को पुरानी रंजिश को लेकर 6 बदमाशों ने युवक से मारपीट कर फायरिंग की। युवक के चेहरे के पास गोली लगने की वजह से उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। युवक को जयपुर रेफर कर दिया गया है। थानाधिकारी वीर सिंह ने बताया कि घटना को लेकर मौके पर पुलिस जाब्ता तैनात किया गया है। एफएसएल टीम ने भी मौका मुआयना किया है। घटना के कारणों को लेकर जानकारी ली जा रही है।

# अस्पताल के बाहर अस्थाई दुकानों में तोड़फोड़

## हजारों रुपए के समान का हुआ नुकसान, असामाजिक तत्वों ने मचाया उत्पात

बढ़ता राजस्थान



**धौलपुर ( नि.स. )।** धौलपुर के कोतवाली थाना क्षेत्र में जिला अस्पताल के बाहर लगी अस्थाई दुकानों में असामाजिक तत्वों ने देर रात को तोड़फोड़ कर दी। दुकानों में हुई तोड़फोड़ से दुकानदारों को हजारों रुपए के सामान का नुकसान हुआ हैं। दुकानदारों ने दुकानों में हुई तोड़फोड़ को लेकर पुलिस को भी सूचना दी है। बाड़ी रोड स्थित जिला अस्पताल के बाहर हुई तोड़फोड़ को लेकर पीड़ित दुकानदारों ने बताया कि रात को वह अपनी अपनी दुकानों को बंद करके घर चले गए थे। सुबह के पहर जब दुकानदार वापस अपनी दुकानों पर आए, तो उन्हें उनकी अस्थाई दुकाने तहस-नहस मिली। दुकानदारों ने बताया कि रात के वक्त असामाजिक तत्वों ने अस्पताल के बाहर जमकर उत्पात मचाया है। जिन्होंने भारत राजपूत पुत्र भगवान सिंह, रामदास पुत्र कप्तान सिंह, राहुल पुत्र रामराज और तुलसा पत्नी हुकम सिंह की दुकान में तोड़फोड़ की हैं। तोड़फोड़ करने के साथ हड़ी असामाजिक तत्व दुकानों में रखे सामान को भी चुरा कर ले गए। सुबह अस्पताल पहुंचे दुकानदारों को जब घटना का पता चला तो उन्होंने पुलिस को भी सूचना दी। दुकानदारों के मुताबिक चोर उनकी दुकान में रखें सामान के साथ गैस सिलेंडर भी चुरा ले गए। दुकानों में हुई तोड़फोड़ की वजह से हजारों रुपए का नुकसान आंका जा रहा है।

# आरबीएसके के माध्यम से अस्पताल में लगा स्क्रीनिंग कैम्प

## 0 से 18 वर्ष के 175 बच्चों की हुई जाँच, 07 बच्चे मिले गंभीर बीमारी से पीड़ित

बढ़ता राजस्थान



**बाड़ी ( राजू शर्मा )।** शहर के सामान्य अस्पताल में बुधवार को आरबीएसके के तहत एक स्क्रीनिंग कैंप का आयोजन किया गया। उक्त कैंप में न्यूबॉर्न से लेकर 18 वर्ष तक के किशोर बच्चों की जांच एवं स्क्रीनिंग की गई। उक्त स्क्रीनिंग के दौरान सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक 175 ग्रामीण और शहरी क्षेत्र से आए बच्चों की जांच हुई। जिसमें 7 बच्चे गंभीर बीमारियों से पीड़ित पाए गए। इन बच्चों को उपचार एवं बड़ी जांचों के लिए एसएमएस अस्पताल जयपुर रैफर किया गया है। वहीं पांच बच्चों को जिला अस्पताल धौलपुर भेजा है। बाड़ी सामान्य अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधिकारी डॉ हरिकिशन मंगल ने बताया की चिकित्सा एवं स्वास्थ्य महकमा के आरबीएसके के माध्यम से यह स्क्रीनिंग कैंप लगाया गया। उक्त स्क्रीनिंग कैंप में न्यू बोर्न से लेकर 18 वर्ष तक के बच्चों के जांच की गई। इसके लिए धौलपुर मेडिकल कॉलेज से सहायक आचार्य डॉ सौरभ सिंह के साथ बाड़ी सामान्य अस्पताल के ईएनटी विशेषज्ञ डॉ महेश गुप्ता,दांतों के विशेषज्ञ डॉ संजय मीणा और बच्चों के लिए भी खुद मौजूद रहे। इस दौरान ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आरबीएसके के सदस्यों और टीम के द्वारा 175 बच्चों को जांच के लिए लाया गया। जिनके स्वास्थ्य की जांच के साथ स्क्रीनिंग की गई। इनमें से 07 बच्चे गंभीर बीमारियों से पीड़ित मिले। जिन्हें एसएमएस अस्पताल जयपुर भेजा है। पांच बच्चे सामान्य बीमारियों से पीड़ित थे जिनके लिए उच्च जांच और विशेषज्ञ चिकित्सकों की जरूरत थी। ऐसे में उन्हें जिला अस्पताल धौलपुर रेफर किया गया है। आरबीएसके के माध्यम से लगाए गए इस कैम्प में उपखंड के ब्लॉक चिकित्साधिकारी डॉ गब्बर मीणा भी मॉनिटरिंग के लिए मौजूद रहे।

# सफाई व्यवस्था को लेकर ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन

## पिछले 7 दिनों से बंद पड़ी सफाई व्यवस्था, विरोध के हरकत में आया प्रशासन

बढ़ता राजस्थान

**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** धौलपुर की सैंपऊ ग्राम पंचायत की अनदेखी के चलते कस्बे की सफाई व्यवस्था चौपट बनी हुई है। पिछले 7 दिनों से बाजार और सार्वजनिक स्थानों की बंद पड़ी सफाई व्यवस्था बुधवार से भले ही पंचायत प्रशासन के द्वारा शुरू करा दी है, लेकिन कस्बे के पुराने तहसील भवन के सामने शाही जामा मस्जिद, नृसिंह जी मंदिर और बांके बिहारी मंदिर के सामने काफी समय से पड़े कचरे के ढेर पड़े होने के बावजूद सफाई नहीं कराई हैं।

कस्बे में गंदगी को देख स्थानीय लोगों के द्वारा पंचायत एवं उपखंड प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी कर प्रदर्शन किया गया। लोगों ने पंचायत पर आरोप लगाते हुए बताया कि लंबे समय से सफाई नहीं करने की वजह से कचरे के ढेर पर आवारा पशुओं को मुंह मारते हुए देखा जा सकता हैं। आवारा पशुओं का जमावड़ा होने की वजह से राहगीरों एवं स्कूली बच्चों को हमेशा आवारा पशुओं का डर बना रहता हैं। कई बार निराश्रित गोवंश के आक्रामक होने पर स्कूल जाने वाले बच्चों एवं राहगीर गुस्से का शिकार होते हुए देखे जा सकते हैं। स्थानीय लोगों ने पंचायत प्रशासन पर तुष्टिकरण की राजनीति करने का आरोप लगाते हुए कहा कि कई बार सरपंच को कहने के बावजूद कचरे की सफाई नहीं कराई गई हैं। बुधवार को हुए प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे।



# धौलपुर जिले को मिली दो नई 108 एम्बुलेंस : कलेक्टर और सीएमएचओ ने सैंपऊ और नादनपुर के लिए किया रवाना

बढ़ता राजस्थान




**धौलपुर ( राजू शर्मा )।** राज्य सरकार का एक वर्ष पूरा होने पर पूरे राजस्थान में आयुष्मान एंबुलेंस सेवा के तहत 101 एंबुलेंस दी गई हैं। इनमें से दो एंबुलेंस धौलपुर जिले के लिए भेजी गई हैं।

सोमवार को धौलपुर पहुंची दोनों 108 एंबुलेंस को जिला कलेक्टर श्रीनिधि बीटी और सीएमएचओ जयंती लाल मीणा ने हरी झंडी दिखाकर सैंपऊ और नादनपुर के लिए रवाना किया। 108 एंबुलेंस सेवा के प्रदेश उपाध्यक्ष शैलेंद्र पचौरी ने बताया कि धौलपुर जिले में पहले से 12 एंबुलेंस और एक बाइक एंबुलेंस मौजूद थी। उन्होंने बताया कि राज्य सरकार के 1 वर्ष पूरा होने पर धौलपुर जिले को दो नई एंबुलेंस दी गई हैं, जिसके बाद धौलपुर जिले में 14 एंबुलेंस और एक बाइक एम्बुलेंस उपलब्ध हो गई है। धौलपुर जिले को मिली दोनों नई एंबुलेंस सोमवार को जिला कलेक्ट्रेट पहुंची, जहां से जिला कलेक्टर और सीएमएचओ ने हरी झंडी दिखाकर दोनों एंबुलेंस को सैंपऊ और नादनपुर के लिए रवाना किया। धौलपुर 108 प्रभारी आशुतोष शर्मा के निर्देश पर नादनपुर वाली एंबुलेंस को ईएमटी बीके कुशवाहा और पायलट मनीष कंसाना लेकर रवाना हुए।

वहीं, सैंपऊ के लिए दी गई 108 एंबुलेंस को ईएमटी देवेश तिवारी और पायलट शैलेंद्र पचौरी लेकर रवाना हुए। नादनपुर बीहड़ी क्षेत्र है, जहां लंबे समय से लोगों को एंबुलेंस की दरकार थी, जिसे सरकार ने पूरा कर दिया है।

# 3 सीबीईओ, एडीपीसी, डीईओ प्रारंभिक सहित 155 पद प्रधानाचार्यों के रिक्त, विभागीय कार्यों के साथ शिक्षा की गुणवत्ता पर असर

बढ़ता राजस्थान

**बाड़ी (राजू शर्मा)।** धौलपुर शिक्षा विभाग में सीबीईओ, एडीपीसी, डीओ प्रारंभिक सहित 155 पद प्रधानाचार्य के रिक्त चल रहे हैं। एक जनवरी को सीबीईओ के रिटायर होने के बाद जिले में शिक्षा विभाग की कमान संभालने वाला मुख्य जिला शिक्षा अधिकारी का पद भी रिक्त हो जाएगा। अधिकारियों से लेकर प्रधानाचार्यों के रिक्त पद होने के कारण अधिकारी से लेकर अध्यापकों को अतिरिक्त चार्ज दे रखा है। एक अधिकारी पर अतिरिक्त चार्ज होने के कारण काम का भार बढ़ रहा है। जिससे विभाग के कार्य पेडिंग हो रहे है। अधिकारियों की पद रिक्त होने के कारण अच्छे से मॉनिरिटिंग नहीं हो पा रही हैं। ऐसे ही अध्यापकों पर प्रधानाचार्यों का अतिरिक्त चार्ज होने पर अध्यापक बच्चों की पढ़ाई कराने पर ध्यान नहीं दे पा रहे हैं।

यह पद खाली : जिले में एडीपीसी और जिला शिक्षा अधिकारी, प्रारंभिक का पद रिक्त पड़ा है। ब्लॉक में मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी धौलपुर, बाड़ी और राजाखेड़ा पद खाली पड़ा है। जिले के 328 माध्यमिक स्कलों में से155 पद रिक्त प्रधानाचार्य रिक्त पड़े हुए है।

# एक्सपोजर विजिट का आयोजन

## पहली बार बैठे उड़न खटोले में

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** समग्र शिक्षा चित्तौड़गढ़ की ओर से इस वर्ष भी विशेष आवश्यकता वाले बालक बालिकाओं की एक्सपोजर विजिट आयोजित कराई गई। यह अन्तर जिला भ्रमण माउण्ट आबु एवं उदयपुर में आयोजित किया गया।

अतिरिक्त जिला परियोजना समग्र शिक्षा चित्तौड़गढ प्रमोद कुमार दशोरा ने बताया की समग्र शिक्षा की गतिविधि समावेशी शिक्षा अन्तर्गत विशेष आवश्यकता वाले बालक बालिकाओं को शिक्षा, समाज एवं बाहरी वातारण के ज्ञान हेतु प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी एक्सपोजर विजिट का आयोजन किया गया। इस शैक्षणिक भ्रमण में आरपीडब्ल्यूडी एक्ट 2016 में वर्णित 21 प्रकार की श्रेणी के बालक बालिका उनके अभिभावक ने दल प्रभारी संदर्भ व्यक्ति कैंछ के साथ भाग लिया। सहायक परियोजना समन्वयक एवं समावेशी शिक्षा जिला प्रभारी डॉ. लीला चतुर्वेदी ने बताया की लोकेश नारायण शर्मा कार्यक्रम अधिकारी समावेशी शिक्षा ने दल प्रभारी, शुभम सहायक दल प्रभारी का निर्वहन करते हुए दो दिवसीय भ्रमण का नेतृत्व किया। इनके अनुसार हेमेन्द्र कुमार सोनी संदर्भ व्यक्ति सीडब्ल्यूएसएन ने भ्रमण में समन्वयन का कार्य करते हुए विशेष आवश्यकता वाले बालक बालिकाओं को राजस्थान राज्य भारत स्काउट गाइड राज्य प्रशिक्षण केन्द्र पर एडवेंचर, देलवाडा मंदिर, नक्की झील, राजकीय संग्राहलय, रघुनाथ मंदिर, टॉड रॉक, ब्रम्हा कुमारी संग्राहलय, उनी बाजार, प्राकृतिक स्थल, भारत माता मंदिन, टैंक, भ्रमण के दौरान रोज पार्क विभिन्न प्रकार के गुलाब की जानकारी के साथ झुले, चक्करी का भी बच्चों ने भरपुर आनंद लिया। उदयपुर में फतह सागर किनारे स्थित नीमच माता हेतु रोप वे से पहाडी तक पहुच कर पूरे उदयपुर का दर्शन किया। पश्चिम सांस्कृतिक स्रोत द्वारा संचालित भारतीय संस्कृति केन्द्र शिल्पग्राम में राजस्थान लोक संस्कृति के नृत्य, कठपुलती नृत्य, टेराकोटा संग्राहलय, ग्रामीण संस्कृति, लुप्त होते साधन, वाद्य यंत्र, लकडी, मिट्टी, जूट, बंधेज, प्रबंधन आदि कार्यो, अन्य राज्य की संस्कृति से परिचित हुए।

# 19 से 24 दिसंबर तक मनाया जाएगा सुशासन सप्ताह

## शिकायतों एवं लंबित मामलों का किया जाएगा निस्तारण - जिला कलक्टर के निर्देश

बढ़ता राजस्थान

**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** भारतीय प्रशासन की प्रभावशीलता को बढ़ावा देने और नागरिक सेवाओं की बेहतर पहुंच सुनिश्चित करने के लिए प्रशासनिक सुधार एवं लोक शिकायत विभाग कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा 19 से 24 दिसंबर तक गुड गवर्नेंस सप्ताह 2024 के तहत प्रशासन गांवों की ओर शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

जिला कलक्टर आलोक रंजन ने बताया कि इस सप्ताह के दौरान 'प्रशासन गांव की ओर – 2024' अभियान के तहत विशेष शिविर आयोजित किए जाएंगे। इन शिविरों का मुख्य उद्देश्य जन शिकायतों का त्वरित निस्तारण करना और विभिन्न सरकारी विभागों द्वारा प्रदान की जा रही सेवाओं की तात्कालिक उपलब्धता को सुनिश्चित करना है। इस दौरान ब्लॉक स्तरीय जनसुनवाई कार्यक्रम भी आयोजित किया जाएगा।

# फुलेरा के खारडा मोहल्ले में नालियां के अभाव मे फैल रहा कीचड़

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा( नि.स. ) ।** कस्बे के सब्जी मंडी रोड स्थित खारडा मोहल्ले में बेनाड़ा भवन के सामने गंदे पानी के निकास के लिए नाली नहीं होने से गंदा पानी सड़क पर आ जाने से आस–पास के स्थानीय निवासियों के साथ–साथ राहगीरो को भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी सुनील भागवानी ने बताया कि बहुत दिनों से नाली नहीं होने से आस पास के लोग कचरा डालकर चले जाते हैं। जिससे संक्रमण और मलेरिया जैसी बीमारियां होने का अंदेशा रहता है। उक्त समस्या को लेकर स्थानीय पार्षद व पालिका प्रशासन से यहाँ पर नालि निर्माण किये जाने का आग्रह किया है।

# सर्दी से सब्जियों में नुकसान की आशंका, जौ और गेहूं की फसल को हो सकता है फायदा

बढ़ता राजस्थान

**फुलेरा( नि.स. ) ।** कस्बे सहित आसपास के गांवों में इन दिनों सर्दी तेज होने से जनजीवन प्रभावित हुआ है। किसान कमलेश जाखड, सुरेश यादव, गणैश यादव सहित अन्य किसानो ने जानकारी देते बताया कि क्षेत्र में पिछले दो–तीन दिनों से शीतलहर चलने व पाला पड़ने से टमाटर, मटर, मिर्च आदि सब्जियों सहित सरसो की फसल को नुकसान होने की संभावना बनी हुई है। दूसरी ओर सर्दी तेज पड़ने से जौ, गेहूं आदि फसलों को फायदा हो सकता है।सिचांई की पाइप लाइन में बर्फ जम गई। किसान सब्जियों को बचाने के लिए तिरपाल आदि से ढककर बचाव कर रहे हैं। सर्दी पड़ने से ग्रामीणों की दिनचर्या में बदलाव देखने को मिला है और शीतलहर चलने से लोगों को दिनभर गर्म कपड़ों का सहारा लेना पड़ रहा है। वही बाजारो मे भी सन्नाटा सा छाया रहता है।

# सांसद सी.पी.जोशी ने की केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री से भेंट

बढ़ता राजस्थान



**चित्तौड़गढ़, ( नि.स. )।** चित्तौड़गढ़ सांसद सी.पी.जोशी ने बुधवार को केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी से दिल्ली में भेंट कर संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ से जुड़े सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से जुड़े विभिन्न विषयों को लेकर चर्चा की। सांसद जोशी ने गडकरी को संसदीय क्षेत्र चित्तौड़गढ़ के लिये जनता की बहुप्रतिक्षित मांग चित्तौड़गढ़ रिंग रोड़ एवं उदयपुर रिंग रोड़ के लिये आभार व्यक्त करते हुये कहा कि इससे कोटा की तरफ से आने वाले वाहनों को भीलवाड़ा की तरफ जाने में काफी सुविधा मिलेगी एंव चित्तौड़गढ़ के लिये रिंग रोड़ भी बन जायेगा जिससे शहर के मध्य से जाने वाले भारी भरकम एवं व्यस्ततम ट्राफिक से निजात मिलेगी। इसके साथ ही सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय के द्वारा विगत वर्षों में राजमार्गों को लेकर दी गयी सौगातों जैसे की सिक्स लेन, नवीन राष्ट्रीय राजमार्ग, बाईपास को लेकर आभार व्यक्त किया। इसके साथ ही सांसद जोशी ने बताया की आजादी के पश्चात से अब तक जितनी सड़कों का निर्माण केन्द्रीय सड़क अवसंरचना निधि से नही हो पाया था, उससे कहीं ज्यादा सड़को का निर्माण विगत के 10 वर्षों के दौरान मोदी सरकार में हुआ हैं, जिसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिल रहा हैं। इसके अलावा सांसद जोशी ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय से जुड़ी मांगों सें भी मंत्री गडकरी को अवगत करवाया जिस पर उन्होनें शीघ्र से उनको करवाने का सकारात्मक आश्वासन दिया।

# जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर:13 कंपनियों ने लिया भाग, 1825 युवा शामिल, 964 को मिली नई राह

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** कौशल नियोजन एवं उद्यमिता विभाग के तत्वावधान में आयोजित जिला स्तरीय रोजगार सहायता शिविर में उत्साह और संभावनाओं की लहर देखने को मिली। यह शिविर युवाओं के लिए रोजगार के अवसर तलाशने और नई संभावनाओं को साकार करने का मंच बना।

इस ऐतिहासिक शिविर में 13 प्रतिष्ठित कंपनियों ने भाग लिया, जिनमें कई प्रमुख नियोजक राज्य और राज्य के बाहर से शामिल हुए। शिविर के दौरान कुल 1825 युवाओं ने इंटरव्यू में हिस्सा लिया और अपनी योग्यता का प्रदर्शन किया। इनमें से 964 युवाओं को शॉर्टलिस्ट किया गया, जो रोजगार पाने के एक कदम और करीब पहुंच गए। शिविर की अध्यक्षता करते हुए शंकर सिंह रावत (विधायक, ब्यावर) ने कहा, यह शिविर युवाओं के लिए नए रास्ते खोलने और आत्मनिर्भर बनने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ऐसे आयोजन न केवल रोजगार देते हैं, बल्कि युवाओं में आत्मविश्वास और समर्पण की भावना भी बढ़ाते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित जवाजा पंचायत समिति के प्रधान गणपत सिंह ने भी युवाओं को प्रोत्साहित किया और कहा कि यह शिविर स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने का एक बेहतरीन प्रयास है।

आईटीआई ब्यावर के प्रिंसिपल ने शिविर की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा, यह शिविर केवल रोजगार के अवसर प्रदान करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह प्रशिक्षार्थियों को एक नई दिशा और प्रेरणा देता है। भविष्य में ऐसे और शिविर आयोजित कर युवाओं को और अधिक अवसर दिए जाएंगे।

शिविर में शामिल युवाओं ने भी इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि यह उनके करियर के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कंपनियों के साथ सीधे बातचीत करने और अपने कौशल को प्रदर्शित करने का यह अवसर उनके लिए बेहद खास रहा।

जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला स्तरीय फर्टिलाईजर डिस्ट्रीब्यूशन

# रेगुलेटरी टॉस्क फोर्स व जिला कृषि विकास समिति की प्रथम बैठक सम्पन्न

## जिला कलेक्टर डॉ. महेन्द्र खडगावत ने लघु काश्तकारों को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ने का अवसर प्रदान करने के दिये निर्देश, ऑर्गेनिक खेती को दे बढ़ावा

बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे लघु या छोटे काश्तकारों को प्रोत्साहित कर आगे बढ़ने का अवसर दें एवं योजनाओं से ज्यादा से ज्यादा लाभान्वित करें। उन्होंने ऑर्गेनिक खेती को भी बढ़ावा देने की बात कही । जिला कलेक्टर ने विभाग के अधिकारियों से जिले में फसल खराबे की जानकारी ली साथ ही कहां कि कृषकों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना का क्लेम नियत समय पर दिलवाना सुनिश्चित करें। उन्होंने वर्ष खरीफ व वर्ष 2024 रबी की पूर्ण प्रगति में सूची प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राज्य स्तर पर पत्र लिखकर विशेष दल द्वारा सभी योजनाओं का भौतिक सत्यापन करवाया जाएगा । उन्होंने कृषि विभाग से जुड़े विभिन्न अनुदान सब्सिडी इत्यादि की बारीकी से समीक्षा कर निर्देश दिए कि जिले के पात्र कृषकों को सरकारी योजनाओं का प्रचार प्रसार कर जानकारी दे। जिला कलक्टर द्वारा विभागीय अधिकारियों को गुण नियन्त्रण में प्रगति लाने के निर्देश दिये एवं जिले में अन्य वर्षों की तुलना में अच्छा उत्पादन होने की सम्भावना के बारे में बताया। जिले की शीघ्र बनवाने के निर्देश दिये। अतिरिक्त जिला कलक्टर मोहनलाल खटनावलिया ने कहा कि जिला कलेक्टर के निर्देशानुसार कृषकों को भविष्य में भी जमाबन्दी के आधार पर ही उर्वरको की उपलब्धता के निर्देश दिये जाएं । सदस्य सचिव संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) रमेश चन्द जैन ने बताया की इस वर्ष गत वर्षो की तुलना में वर्षा अधिक होने से जिले में रबी फसलो की बुवाई 96288 हैक्टयर में की गई है जो गत वर्ष 2023 से लगभग 39000 हेक्टेयर अधिक है। जिले में डीएपी की कमी के मध्यनजर कृषकों को डीएपी के स्थान पर अन्य उर्वरक यथा स्स्क्र हक्क्र एवं नाइट्रोफॉस का उपयोग करने की सलाह दी। बैठक में अतिरिक्त जिला कलक्टर मोहनलाल खटवानिया, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक भूपेन्द्र शर्मा, अतिरिक्त मुख्य कार्यकारी अधिकारी जिला परिषद गोपाल मीणा एवं संयुक्त निदेशक कृषि (विस्तार) जिला परिषद ब्यावर रमेश चन्द जैन सहित कृषि विभाग के अधिकारी व उर्वरक निर्माता कम्पनी के प्रतिनिधि भी उपस्थित थे।

# 'प्रशासन गांव की ओर' शिविर अभियान आज से

## जिला कलेक्टर ने तैयारियों को लेकर दिये दिशा-निर्देशन, प्रभारी नियुक्त





बढ़ता राजस्थान

**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिले में आगामी गुरुवार 19 दिसम्बर से 24 दिसम्बर 2024 तक सुशासन सप्ताह के तहत प्रशासन गांव की और – 2024 अभियान चलाया जायेगा। इस अभियान में जिले के सभी पंचायत समिति मुख्यालयों पर आयोजित होगें। यह जानकारी पंचायती राज विभाग के निदेशक, लोक शिकायत और पैंशन मंत्रालय, प्रशासनिक सुधार और लोक शिकायत विभाग ए आर प्रभाग भार सरकार नई दिल्ली एवं शासन सचिव, जन अभियोग निराकरण विभाग ने दी है। जिला कलेक्टर डॉ महेंद्र खड़गावत ने शिविर से संबंधित समस्त अधिकारियों को तैयारी शुरू करने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने निर्देशित करते हुए कहा कि शिविर दिवस में ज्यादा से ज्यादा लोगों को राहत पहुंचाने का कार्य करें ।

### यह रहेगा शिविर कार्यक्रम

अतिरिक्त जिला कलेक्टर मोहनलाल खटनावलिया ने जानकारी देते हुए बताया कि 19 दिसम्बर गुरुवार को पंचायत समिति सभागार जवाजा में, 20 दिसम्बर शुक्रवार को पंचायत समिति सभागार जैतारण में, 21 दिसम्बर शनिवार को पंचायत समिति सभागार रायपुर में, 22 रविवार को पंचायत समिति सभागार मसूदा में 23 दिसम्बर सोमवार को कलेक्ट्रेट सभागार ब्यावर में (जिला स्तर पर कार्यशाला) एवं 24 दिसम्बर मंगलवार को पंचायत समिति सभागार बदनोर में आयोजित होंगे ।

**शिविरों के सफल क्रियान्वयन के लिए प्रभारी नियुक्तः** प्रशासन गांव की ओर शिविरो के सफल क्रियान्वयन हेतु जिला परिषद एसीईओ गोपाल मीणा को प्रभारी एवं सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के गिरीश नैन को सह प्रभारी नियुक्त किया।

# पेंशनर दिवस पर पेंशनर समाज कपासन ने जरूरतमंदों में कंबल एवं स्वेटर का वितरण किया

बढ़ता राजस्थान



**कपासन ( नि.स. )।** क्षेत्रीय पेंशनर समाज द्वारा बुधवार को नगर में स्थित पेंशनर भवन में कार्यक्रम आयोजित कर पेंशनर दिवस मनाया गया। इस दौरान 20 जरूरतमंदों में कंबल एवं स्वेटर का वितरण किया गया। प्रवक्ता कमल कुमार दाधीच ने बताया कि पेंशनर भवन कपासन मे पेंशनर दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में अतिथि रूप में अधिवक्ता बंशीलाल लड्ढा, रामनारायण शर्मा अध्यक्ष पेंशनर समाज आदि उपस्थित रहे। कार्यक्रम में 80 वर्ष की उम्र पूरीकर चुके प्रहलादराय सोमानी को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया।

उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत क्षैत्र के गुजरिया खेड़ी ग्राम की बस्ती मे 20 जरूरतमंदों में कंबल एवं स्वेटर का वितरण किया गया। साथ ही ब्लॉक कपासन का वार्षिक सम्मेलन 1 जनवरी को नंदवाना पंचायत भवन मे आयोजित करने का सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया।

इस कार्यक्रम मे शंभुलाल भट्ट, सोहनलाल उपाध्याय, नंदलाल बोहरा, रामचंद्र गोड, शिवशंकर उपाध्याय, मदनलाल चाष्टा, खेमशंकर नंदवाना, भेरूलाल तेली, मूलचंद कुमावत, सरस्वती बारेगामा, मुरलीमनोहर जोशी, भँवरलाल नायक, भगवानलाल जोशी, शंकरलाल चाष्टा, दातात्रेय चाष्टा, भगवतीलाल बाबापना, रामचंद्र शर्मा, बादशाह सिंह, घनश्याम विजयवर्गीय, नारायणलाल लालोदिया, रोशनलाल सेठ, किशन सालवी, श्यामलाल चाष्टा, कन्हैयालाल सिरोया, लीला सोमानी, कन्हैयालाल समदानी आदि पेंशनर सदस्य उपस्थित रहे।

# मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने विधायक पितलिया की माताजी को दी श्रद्धांजलि



बढ़ता राजस्थान

**भीलवाड़ा( नि.स. )।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को भीलवाड़ा के नाथडियास (सहाड़ा) गांव पहुंचे जहां उन्होंने विधायक लादूलाल पितलिया के निवास पहुंचकर उनकी स्वर्गीय माताजी को श्रद्धांजलि अर्पित की। शर्मा ने ईश्वर से दिवंगत आत्माओं की शांति और परिजनों को यह दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। मुख्यमंत्री शोक संतप्त परिजनों से मिले और उन्हें ढांढस बंधाया।लादूलाल पितलिया के निवास पर महिला एवं बाल विकास राज्यमंत्री डॉ. मंजू बाघमार सहित संसदीय कार्य मंत्री जोगाराम पटेल, भीलवाड़ा विधायक अशोक कोठारी, मांडलगढ़ विधायक गोपाललाल शर्मा, आसींद विधायक जब्बर सिंह सांखला, मांडल विधायक उदय लाल भड़ाणा, नगर निगम महापौर राकेश पाठक, जनप्रतिनिधि प्रशांत मेवाड़ा जिला कलक्टर नमित मेहता सहित जनप्रतिनिधि मौजूद थे।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर न्यायिक मजिस्ट्रेट राशमी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन



बढ़ता राजस्थान

**कपासन ( सुनील कुमार डभाड़ीया )।** चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत को लेकर सिविल न्यायिक मजिस्ट्रेट राशमी पृथा फौज़दार की अध्यक्षता में बुधवार को क्षेत्रीय प्रशासनिक अधिकारियों की बैठक का आयोजन किया गया।जिसमे विभिन्न विभागीय अधिकारी एवं संस्थानों के प्रतिनिधिगण उपस्थित रहे।बैठक में आगामी चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत 22 दिसंबर 2024 के सफल आयोजन को लेकर चर्चा की गयी। जिसमे प्रकरणों का राजीनामें के माध्यम से निस्तारण तथा राष्ट्रीय लोक अदालत में विभागीय प्रकरणों में प्री– काउन्सलिंग कर अधिकतम प्रकरणों का निस्तारण करने पर बल दिया गया। इस दौरान विभिन्न विभागीय अधिकारियों द्वारा पूर्ण सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया गया। ताल्लुका विधिक सेवा समिति राशमी सचिव राहुल भास्कर ने बताया कि आगामी चतुर्थ राष्ट्रीय लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु विभिन्न क्षेत्रीय विभागीय अधिकारियों एवं संस्थानों के प्रतिनिधियों साथ बैठकों का आयोजन एवं जागरूकता शिविर के माध्यम से आमजन में लोक अदालत का व्यापक प्रचार–प्रसार किया जा रहा है।

# अखंड रामायण पाठ का प्रथम निमंत्रण गणपति गजानंद भगवान को, लगाया लड्डुओं का भोग

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** स्थानीय श्री राम रामायण मंडल के सानिध्य में नववर्ष के शुभारंभ पर देलवाड़ा रोड स्थित राधा कुंज गार्डन में आयोजित होने वाले 36 घंटे के उत्तराखंड रामायण पाठ क्या आयोजन को लेकर मंडल के अध्यक्ष राजकुमार आत्रेय के सानिध्य में मंडल के सदस्यों ने सूरजपोल गेट बाहर स्थित श्री प्रसन्न गणपति गजानन मंदिर में प्रथम निमंत्रण पत्र देकर कार्यक्रम को सफल बनाने की प्रार्थना की।

मंडल के मीडिया प्रभारी रमेश शर्मा ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस अवसर पर मंदिर के महंत फतेहगीरी महाराज ने मंत्रोचार के साथ पूजा अर्चना के बाद गणपति गजानन भगवान को लड्डुओं का भोग प्रस्तुत किया। रमेश शर्मा ने बताया कि अखंड रामायण पाठ का आयोजन 4 जनवरी को सुबह 9ः00 बजे से शुरू होगा जिसका विश्राम पांच जनवरी को 5ः30 बजे होगा इस दो कार्यक्रम में अजमेर, पाली, ब्यावर, सिरोही जिले के लगभग 15 मंडल सहित संत महात्मा भी शामिल होंगे। इस अवसर पर राजकुमार आत्रेय , तेजनारायण व्यास, गुलाब चंद सैनी,रामगोपाल वैष्णव, गोपाल लाल पिंडियार, दिनेश सिंहल, आर जलवानिया, रमेश शर्मा वासुदेव खत्री, कृष्ण मोहन जोशी, विष्णु प्रकाश शर्मा चोटियां, अमरचंद कुमावत, अशोक, मदन गोपाल जोशी, कृष्ण मोहन जोशी, श्रीमती चंद्रकांता व्यास, रेखा, जोशी, मालती वैष्णव आदि सदस्य उपस्थित थे।

# मिशन सेफ नवाचार अभियान के तहत आयोजित शिविर में 170 ट्रक ड्राइवर की निशुल्क दृष्टि जांच कर चश्मों का किया वितरण

बढ़ता राजस्थान



**ब्यावर ( विष्णु दत्त धीमान )।** जिला कलेक्टर की प्रेरणा से जिला प्रशासन के नवाचार 'मिशन सेफ' 13 दिसंबर को प्रभारी मंत्री झाबर सिंह खर्रा के पोस्टर विमोचन द्वारा विधिवत शुरू हुआ । जिला कलेक्टर के अनुसार जिला प्रशासन के नवाचार 'मिशन सेफ' के तहत राष्ट्रीय राजमार्गों पर चलने वाले समस्त ट्रक ड्राइवरो के लिए निशुल्क दृष्टि जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा एवं कम दृष्टि वाले ट्रक ड्राइवर के लिए चश्मा का वितरण किया जाएगा। इसी के तहत बुधवार को पिपलाज टोल पर शिविर का आयोजन किया गया। पहले दिन 170 ट्रक ड्राइवर की आंखें चेक करके चश्मे वितरण किया। शिविर में जिला कलेक्टर, अतिरिक्त कलेक्टर, उपखंड अधिकारी ने शिविर का अवलोकन किया। यह नवाचार कार्यक्रम जिला प्रशासन के प्रेरणास्वरुप एक पहल फाउंडेशन शिक्षा ट्रस्ट के सहयोग से आयोजित हो रहा है।

जिला कलेक्टर ने पहल फाउंडेशन के इस सहयोग पर उनकी सराहना की ।

# भरतपुर से अंडर-23 चैलेंजर ट्रॉफी के लिए तीन महिला खिलाड़ियों का चयन









बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** राजस्थान क्रिकेट संघ द्वारा राजस्थान की अंडर-23 महिलाओ की क्रिकेट टीम चयन हेतु आयोजित की जा रही अंडर-23 महिला चैलेंजर ट्रॉफी में जिले से एक साथ तीन महिला खिलाड़ीयो का चयन किया गया है। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुघन तिवारी ने बताया की नीतू शर्मा और पूनम का क्र टीम में तथा मनीषा कुंतल का ष्ठ टीम में चयन किया गया है एवं यह चैलेंजर ट्रॉफी 9 दिसंबर से जयपुर में एक दिवसीय फॉरमेट के आधार प्रारम्भ हो चुकी है इस चैलेंजर ट्रॉफी में पूरे राजस्थान से बेहतरीन खिलाड़ियों का चयन कर कुल 5 टीम बनाई गई है एवं इसी चैलेंजर ट्रॉफी के परफॉर्मेंस के आधार पर अंडर-23 महिला राजस्थान की 16 सदस्यीय टीम का चयन किया जाएगा। इनके चयन पर जिला क्रिकेट संघ के चयनकर्ता सूरज शर्मा, नरेश खत्री, लंकेश सियाराम, प्रेम सिंह, पकज गोयल एवं संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह उपाध्यक्ष विष्णु लोहिया और अजय कुमार शर्मा, संयुक्त सचिव अरुण कुमार गुप्ता व कोषाध्यक्ष मुनेन्द्र तिवारी तथा सदस्य नाहर सिंह पैंगौर, वीनू सिंह,राहुल लोहिया,मंगल सिंह, उत्तम शर्मा,मनीष भूरा,अमित सिंह, पावन कौतये,गिरीश शर्मा,राजेश गुप्ता,राज कुमार जैन, रविंद्र कौमारियाँ एवं बरिष्ठ खेल पत्रकार संजीव चीनिया आदि ने खिलाड़ियों को शुभकामनाएं प्रेषित की एवं संघ के कार्यालय पर मिठाइयां बाँटी।

# वन विभाग ने किया सर्वे का कार्य पूरा

## रणथंभौरः जल्दी ही होगा भैरूपुरा के परिवारों का विस्थापन, अंतिम विस्थापन 2016 में हुआ था

बढ़ता राजस्थान

**सवाईमाधोपुर ( राकेश शर्मा )।** करीब छह साल के लबे अंतराल के बाद रणथंभौर में फिर से अब एक बार विस्थापन की प्रक्रिया शुरू की गई है। वन विभाग की ओर से सबसे पहले रणथभौर की फलौदी रेंज में स्थित गांव भैरूपुरा का चयन किया गया है। विभाग की ओर से यहां विस्थापन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। इसके तहत विभाग की ओर से सर्वे का काम भी पूरा कर लिया गया है। अब विभाग की ओर से सर्वे की रिपोर्ट तैयार की जा रही है। रिपोर्ट के तैयार होने के बाद ही विस्थापन की कार्रवाई को शुरू किया जाएगा। गौरतलब है कि पूर्व में जिला कलक्टर के निर्देश पर सर्वे के लिए तहसीलदार सवाईमाधोपुर के नेतृत्व में कमेटी का गठन किया था। लेकिन सरकार की ओर से अनुमति नहीं मिलने के कारण मामला अटक गया है।

**110 परिवारों को किया चिह्नित :** वन विभाग से मिली जानकारी के अनुसार सर्वे के दौरान गांव में वन विभाग की ओर से कुल 110 परिवारों को चिह्नित किया गया है। हालांकि अब तक यह स्पष्ट नहीं हो सका है कि 110 परिवार में से कितने परिवारों ने विस्थापन के एवज में मिलने वाली राशि और कितनों ने भूमि के एवज में भूमि की मांग की है। इस बात का खुलासा सर्वे रिपोर्ट के तैयार होने के बाद ही हो सकेगा।

**बढ़े हुए पैकेज के अनुसार किया जाएगा विस्थापन :** वन अधिकारियों ने बताया कि हाल ही में राज्य सरकार की ओर से बाघ परियोजना के आसपास बसे गांवों को विस्थापित करने के लिए सरकार की ओर से विस्थापन के पैकेज में भी वृद्धि की गई है। पूर्व में विस्थापन के लिए दस लाख का पैकेज दिया जाता था। अब इसे बढ़ाकर 15 लाख रुपए प्रति परिवार कर दिया गया है। ऐसे में भैरूपुरा के ग्रामीणों का विस्थापन नए पैकेज के अनुसार ही किया जाएगा। यह पहला मौका होगा, जब रणथंभौर में विस्थापित होने वाले परिवारों को 15 लाख का पैकेज दिया जाएगा।

### बाघों को मिल सकेगा बेहतर पर्यावास

**ये हैं आंकड़े...**

- 1734 वर्ग किमी है रणथंभौर का कुल क्षेत्रफल
- 110 परिवार भैरूपुरा में विस्थापन के लिए किए गए चिह्नित
- 2016 में हुआ था रणथंभौर में आखिरी बार विस्थापन
- 15 लाख का पैकेज दिया जाएगा

विस्थापितों को वन अधिकारियों ने बताया कि इससे पहले नवबर 2016 में भिड व कालीभाट गांव को विस्थापित किया गया था। इसके बाद से ही रणथंभौर में विस्थापन नहीं हो सका है। हालांकि लबे समय से रणथंभौर में गांवों का विस्थापन करने की मांग की जा रही थी।

### प्रक्रिया चल रही है

रणथंभौर में भैरूपुरा गांव के विस्थापन की प्रक्रिया चल रही है। सर्वे का कार्य पूर्ण हो गया है। अब रिपोर्ट तैयार की जा रही है। हालांकि सरकार की ओर से अनुमति नहीं दी गई है। अनुमति आने के बाद ही आगे की कार्रवाई की जाएगी। हालांकि अभी तक अनुमति नहीं मिली है।

**रणवीर भण्डारी,**
**उपवन संरक्षक, विस्थापन,**
**रणथंभौर बाघ परियोजना।**

# जागरूकता शिविर आयोजित : राजस्थान वित्त निगम में संचालित योजनाओं की दी जानकारी

बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** राजस्थान वित्त निगम की ऋण उद्यमि योजना के संबंध में बुधवार को आरएफसी के प्रबन्ध निदेशक हरीमोहन मीणा की अध्यक्षता में रीको चैम्बर भवन में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। प्रबन्ध निदेशक ने शिविर में सम्बोधित करते हुए बताया कि राजस्थान वित्त निगम द्वारा विभिन्न योजनाऐं संचालित की जा रही हैं। उन्होंने युवा उद्यमिता प्रोत्साहन योजना के बारे में बताते हुए कहा कि ऐसे युवा जिन्होंने अपने उद्योग, होटल, हॉस्पीटल आदि स्थापित करने के लिए भूमि सुनिश्चित कर ली हो, जिनकी आयु 45 वर्ष तक हो तथा शैक्षणिक योग्यता हायर सैकण्डरी/आईटीआई/डिप्लोमा या स्नातक हो, उन्हें निगम द्वारा अपना उद्योग स्थापित करने हेतु भूमि, भवन, यंत्र-सयंत्र पर अधिकतम ऋण सीमा 5 करोड रूपये है। उन्होंने बताया कि उक्त ऋण 7 से 10 साल के पुर्नभुगतान पर मुहैया करवाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि 2 करोड रूपये तक के ऋण पर प्रभावी ब्याज दर 5.50 प्रतिशत एवं 2 करोड से अधिक स्वीकृत ऋण पर निगम की सामान्य ऋण योजना में लागू ब्याज दर देय होगी। इस योजना में आवेदन शुल्क एवं प्रोसेसिंग चार्जेज पूर्णतया मुक्त है। उन्होंने बताया कि जनरल प्रोजेक्ट ऋण योजना के तहत उद्यमियों को अपने उद्योग लगाने हेतु भूमि, भवन एवं यंत्र - सयंत्र स्थापित करने पर 20 करोड तक की ऋण सहायता उपलब्ध करवाई जाती है तथा इस योजना में त्रैमासिक किश्तों के आधार पर 7 से 10 वर्ष तक पुर्नभुगतान की अवधि होती है। उन्होंने बताया कि गुड बोरोवर्स ऋण योजना इस योजना के तहत जो उद्यमि निगम से वित्तीय सहायता प्राप्त करने के उपरांत नियमित रूप से ऋण का भुगतान कर रहे है। उन्होंने बताया कि ऐसे उद्यमियों को बहुत ही आकृर्षित फैलक्सी योजना के तहत सीसी लिमिट की तरह वित्तीय सहायता उपलब्ध करवाई जाती है। इस योजना के तहत 2.1.1 यानि दो वर्ष उसके बाद एक वर्ष बाद तथा अन्य एक वर्ष तक ऋण के केवल ब्याज का भुगतान करना, ऋण को कभी भी जमा करवाना, तथा ऋण पुन: लेने जैसी स्वतंत्रा होती है बाद में ऋण का भुगतान तीन वर्षों में त्रैमासिक किश्तों के आधार पर किया जाता है। इस अवसर पर चैम्बर अध्यक्ष विनीत अग्रवाल, राधेश्याम गोयल, शाखा प्रबन्धक सुरेशचन्द, जिला उद्योग केन्द्र के महाप्रबन्धक सीएम गुप्ता, उप प्रबन्धक राजेश धवन एवं रीको के अधिकारीगण सहित विभिन्न उद्योगपति मौजूद रहे।

# भरतपुर एवं डीग जिले की महिलाए अब बनेगीं : बैंक मित्र

बढ़ता राजस्थान




**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** ग्रामीण एंव विकास मंत्रालय और राजस्थान सरकार के तत्वाधान में पंजाब नैशनल बैंक द्वारा संचालित पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भरतपुर में में 6 दिवसीय बैंक मित्र प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुभारंभ पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा, पीएनबी मण्डल प्रमुख प्रमोद कुमार, अग्रणी जिला प्रबंधक प्रशांत कुमार, राजीविका से एफ.आई. दिगम्बर सिंह, पीएनबी आरसेटी निदेशक उपेन्द्र कुमार श्रीवास्तव द्वारा दीप प्रज्जवलन एवं ईशवन्दना के साथ किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक मृदुल कच्छावा द्वारा सभी महिला प्रशिक्षणाथियों को प्रोत्साहित किया गया। उन्होंने बताया कि किस प्रकार समाज में महिलाओं के लिए सामजिक कुरीतियां व्याप्त है, समाज में महिलाओं को पुरूषों से कम समझा जाता है। उन्होंने महिलाओं को महिला सशक्तिकरण के बारें में बताया किस प्रकार वर्तमान में महिलाएं भारत के विभिन्न पदों में पर अपनी सेवाएं दे रही है। उन्होने भारत के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति के पद पर एक महिला के सेवा का उदाहरण दिया साथ ही सभी महिला प्रशिक्षणाथियों को प्रशिक्षण प्राप्त कर भविष्य मे आगे बढने की एवं सफल उद्यमी की शुभकामनाऐं दी।

मण्डल प्रमुख प्रमोदकुमार ने बैंकिग जानकारी देते हुए लोगो का बैंक से सीधा सम्पर्क होता है जिसमें लोगो को पंजाब नैशनल बैंक के द्वारा सामाजिक सुरक्षा योजनाओं एवं बचत खाता, चालू खाता, सावधि खाता, कारलोन, हाउसिंगलोन, पर्सनललोन, मुद्रालोन, कृषिलोन गोल्डलोन एवं कृषि ऋण योजनाओ इत्यादि का सीधा लाभ लोगो दिया जा रहा हैं तथा उनके द्वारा यह आश्वासन दिया गया पंजाब नैशनल बैंक आप सभी की सेवा की ओर अग्रसर हैं एवं पीएनबी आरसेटी प्रशिक्षण के माध्यम से ग्रामीण युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर के साथ जिले की बेरोजगारी को कम करने के प्रयासरत हैं। पीएनबी आरसेटी निदेशक उपेन्द्रकुमार श्रीवास्तव ने पीएनबी ग्रामीण स्वरोजगार प्रशिक्षण संस्थान भरतपुर द्वारा जिले के बेरोजगार युवक एवं युवतियों को प्रदान किए जाने वाले निशुल्क प्रशिक्षण कार्यक्रमों के बारे में जानकारी प्रदान की तथा राज्य सरकार व केन्द्र सरकार द्वारा संचालित बैंकिग एवं सामाजिक योजनाओं के बारे विस्तृत रूप से जानकारी दी एवं बताया कि गॉव में जहॉ बैंकिग सुविधा उपलब्ध नही है वहॉ यह बैंकमित्र द्वारा बैंकिग सुविधा सीमित दायरे में प्रदान की जायेगी। कार्यक्रम में सभी प्रशिक्षणार्थियों को युनिफॉर्म का वितरण किया गया, तत्पश्चात् वृक्षारोपण का कार्यकम प्रशिक्षणार्थियो के सहयोग से किया गया कार्यक्रम समन्वयक अंकुर शर्मा ने बताया कि उपरोक्त प्रशिक्षण कार्यक्रम के तहत महिलाओं को वनजीपीवनबीसी (बैंक मित्र) कम्प्यूटर का प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा जिससें वे अपने आस-पास की बैंक शाखा या बैंक सखी का कार्य अपने ग्राम पंचायत पर अपना स्वरोजगार शीघ्र ही गांव में स्थापित करे और अपनी आजीविका में सुधार कर सकें इस प्रशिक्षण मे 35 महिलाएं प्रशिक्षण प्राप्त कर रही हैं। इस अवसर पर दिगम्बर सिंह ने सभी आगुन्तक अतिथियों का आभार व्यक्त किया गया।

# जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन संपन्न

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** जायंट्स वेलफेयर फाउंडेशन का प्रदेश स्तरीय सम्मेलन शहर में स्थित प्रेम गार्डन फाउंडेशन के विश्व उपाध्यक्ष एसपी चतुर्वेदी के मुख्य अतिथि में तथा प्रदेश अध्यक्ष आकाशदीप सोनी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । कार्यक्रम का आगाज श्री गणेश जी की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर किया गया। सर्वप्रथम आकाशदीप सोनी के द्वारा मीटिंग प्रारंभ करने की घोषणा की गई समारोह में बोलते हुए मुख्य अतिथि एसपी चतुर्वेदी ने कहा की दीन दुखियों की सेवा करना ही सच्चे मायने में ईश्वर की सेवा करना है उन्होंने जायंट्स के बैनरतले विभिन्न ग्रुपों के द्वारा किए गए सेवाकार्यों की प्रशंसा की तथा यह भी कहा कि जायंट्स का उद्देश्य है की अधिक संपन्नशाली लोगों के द्वारा कम संपन्नशाली लोगों की सेवा की जाए तथा नर सेवा नारायण सेवा की युक्ति पर अमल किया जाए। तो वही स्पेशल कमेटी मेंबर रवि सिंघल एवं एस के जैन ने कहा कि सभी व्यक्तियों को अपनी सामर्थ्य के अनुसार पीड़ित मानवता की सेवा में समर्पण करना चाहिए राजस्थान की इंचार्ज डी के जैन ने कहा कि वर्ष भर सभी ग्रुपों ने सामाजिक कार्यों में योगदान देकर राजस्थान फेडरेशन को उच्च आयाम प्रदान किया उसके लिए सभी जायंट्स मेंबर्स का आभार व्यक्त किया एवं सेवा के क्षेत्र में और आगे बढ़ने के लिए सभी को शुभकामनाएं दी। राजस्थान की 5 यूनिट के यूनिट डायरेक्टर्स के द्वारा अपनी-अपनी यूनिट्स में किए गए सामाजिक कार्य की जानकारी प्रदान की एवं आगामी योजनाओं के बारे में भी अवगत कराया सेवा कार्यों को सराहते हुए आकाशदीप सोनी ने फेडरेशन राजस्थान की तरफ से उत्कृष्ट कार्य करने वाले सभी जायंट्स मेंबर्स को मोमेंटो देकर सम्मानित किया एवं उनका उत्साहवर्धन किया। अंत में 2025 के लिए प्रदेश अध्यक्ष के नाम को घोषणा मुख्य अतिथि द्वारा की गई जिसके अंतर्गत फेड. उपाध्यक्ष के एल गिलहोत्रा को नया प्रदेशाध्यक्ष बनाया गया।

कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव संदीप गांधी, कन्वेयर नवल किशोर गुप्ता पंकज बंसल आनंद फौजदार आशु गोयल,होस्ट ग्रुप अध्यक्ष गौरव सिंघल,ग्रीस सिंघल, कार्यक्रम का संचालन संदीप गांधी तथा नवल किशोर गुप्ता द्वारा सामूहिक रूप से किया गया।

# कार्तिक शर्मा का विजय हज़ारे ट्रॉफी के लिए राजस्थान की सीनियर क्रिकेट टीम में चयन

बढ़ता राजस्थान



**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** बीसीसीआई द्वारा 21 दिसंबर से मुंबई, महाराष्ट्र में आयोजित की जा रही विजय हज़ारे ट्रॉफी के लिए भरतपुर जिले के राइट हैंड ओपनर बैट्समैन कार्तिक शर्मा का राजस्थान की 16 सदस्यीय क्रिकेट टीम में चयन किया गया है। जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के सचिव शत्रुधन तिवारी ने बताया कि यह प्रतियोगिता 21 दिसंबर से 5 जनवरी तक मुंबई महाराष्ट्र मे आयोजित की जाएगी एव इस प्रतियोगिता में राजस्थान के अलावा आंध्र प्रदेश, मेघालय,रेलवे,अरुणाचल प्रदेश, सर्विसेज, सिक्किम एवं महाराष्ट्र टीमे होंगी।पिछले दिनों बीसीसीआई द्वारा आयोजित की गई रणजी ट्रॉफी व ङ्ग-20 सैयद मुश्ताक अली क्रिकेट प्रतियोगिता में कार्तिक के द्वारा किए गए बेहतरीन प्रदर्शन के आधार पर राजस्थान की टीम में चयन किया गया है तथा कार्तिक पूर्व में रणजी ट्रॉफी एवं सैयद मुश्ताक अली ङ्ग-20 ट्रॉफी भी खेल चुके हैं एव एनसीए भी कर चुके है। सचिव ने यह भी बताया कि कार्तिक भरतपुर ज़िले के ऐसे पहले खिलाड़ी बन गए हैं ज़ो एक ही साल में अंडर-19 राजस्थान, रणजी ट्रॉफी, ङ्ग-20 ट्रॉफी एवं विजय हजारे ट्रॉफी खेले हैं कार्तिक शर्मा के चयन पर जिला क्रिकेट संघ भरतपुर के कार्यालय पर मिठाई बांटी गई और एक दूसरे पदाधिकारियों को माला पहनाकर हर्ष व्यक्त किया एवं उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई । इस मौके पर जिला क्रिकेट संघ के अध्यक्ष अरुण सिंह उपाध्यक्ष विष्णु लोहिया और अजय कुमार शर्मा संयुक्त सचिव अरुण कुमार गुप्ता और कोषाध्यक्ष मुनेन्द्र तिवारी सदस्यगण नाहर सिंह, वीनू सिंह, त्रिलोकनाथ शर्मा,पावन कौनते,उत्तम शर्मा,अमित सिंह,गिरीश शर्मा, अवदेश खटाना,राज कुमार जैन, देवेंद्र सिंह कालू, रूपेन्द्र मोहन, गौरव फ़ौज़दार,मंगल सिंह, रावेंद्र केमरिया, राहुल लोहिया, सुमित अरोड़ा, विनोद शर्मा, भारत तिवारी, मनोज शर्मा, तरुण कुमार एव चयनकर्ता सूरज शर्मा, नरेश खत्री, लंकेश सियाराम, प्रेम सिंह, पंकज गोयल तथा वरिष्ठ खेल पत्रकार संजीव चीनिया व भारी संख्या में साथी खिलाड़ी और खेल प्रेमी उपस्थित थे।

# सरकारी खरीद केंद्र पर छानकर माल की तुलाई से किसान हुए नाराज, मंडी गेट के ठोका ताला



बढ़ता राजस्थान

**निवाई ( का.स. )।** कृषि मंडी में सरकारी खरीद केंद्र पर मूंगफली को छानकर तोलने से नाराज किसानों ने हंगामा कर दिया। किसानों ने बताया कि पूर्व में बिना छाने ही खरीदारी की जा रही थी। उसके अनुसार ही वर्तमान में भी तुलाई की जाए। इस पर खरीद केंद्र के मैनेजर ने इनकार कर दिया। जिससे आक्रोशित किसानों ने कृषि मंडी के बाहर आकर मुख्य दरवाजे पर ताला लगाकर प्रदर्शन किया। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और किसानों को समझाकर ताला खुलवाया और खरीद केंद्र पर पहुंचकर मैनेजर से बात की। मैनेजर ने बताया कि पूर्व में बिना छाने ही माल की खरीद की गई थी। जिसे वेयरहाउस भेजा गया था। लेकिन वेयर हाउस ने माल को रिजेक्ट कर दिया था। इसलिए नया माल छानकर ही खरीदा जाएगा। इस पर आपसी समझाइश के बाद किसान छानकर माल बेचने के लिए राजी हो गए। इसके बाद खरीद केंद्र पर तुलाई शुरू हो गई।

# प्रसिद्ध उद्योगपति ज्योति स्वरूप अग्रवाल एवं नेहा अग्रवाल ने स्वास्थ्य मंदिर के बच्चों की मदद की



बढ़ता राजस्थान

**भरतपुर ( आशीष वर्मा )।** बुधवार को स्वास्थ्य मंदिर के खिलता बचपन सवरता जीवन प्रकल्प के सभी बच्चों को एवं आश्रम के दीर्घायु प्रकल्प के सभी बुजुर्गों को सर्दी से बचने के लिए जुराब, जूते एवं चप्पले भामाशाह उद्योगपति ज्योतिस्वरूप अग्रवाल एवं नेहा अग्रवाल की सौजन्य से डॉ दिगंबर सिंह द्वारा प्रदान की गई। इस अवसर पर प्रकल्प प्रभारी संदीप श्रीवास्तव ने बताया कि ज्योति स्वरूप अग्रवाल द्वारा प्रतिमाह समाज के गरीबों बुजुर्गों एवं असहाय बच्चों के लिए चप्पले जुराब इत्यादि का सहयोग प्रदान किया जाता है ताकि कोई भी बच्चा, बुजुर्ग नंगे पैर नहीं आए और किसी भी बच्चे को सर्दी नहीं लगे और वह शिक्षा से वंचित न हो। भामाशाह ज्योति स्वरूप अग्रवाल ने कहा कि स्वास्थ्य मंदिर समाज सेवा में बहुत ही अच्छा कार्य कर रहा है जो भी हमसे सहयोग होगा हम लगातार सहयोग करते रहेंगे। डॉ दिगंबर सिंह ने बताया कि पूर्व में भी ज्योति स्वरूप अग्रवाल जी एवं नेहा अग्रवाल जी समय-समय पर स्वास्थ्य मंदिर आश्रम के लिए भी सहयोग करते रहे हैं उन्होंने स्वास्थ्य मंदिर आश्रम में इंटरलॉकिंग, वृक्षारोपण कार्यक्रम इत्यादि में सहयोग प्रदान किया है।

# आज छात्राएं भी हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं- रामसहाय वर्मा

बढ़ता राजस्थान



**निवाई ( का.स. )।** राजकिय बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय झिलाय में राज्य सरकार द्वारा नि शुल्क साईकिल वितरण योजना के तहत मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा व प्रधान रामअवतार लांगडी ने 82 छात्राओं को साईकिल वितरित की। जिससे छात्राओं में खुशी की लहर दौड गई। मुख्य अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा ने छात्राओं को मन लगाकर पढने् और अपना व परिवार और गांव का नाम रोशन करने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि आज छात्राएं हर क्षेत्र में आगे बढ़ रही हैं और आपको भी अपना लक्ष्य तय करके आगे बढना् है। उन्होंने कहा साईकिल मिलने से छात्राओं की राह भी आसान होगी। प्रधानाचार्य सांवरमल जाट ने विद्यालय में संचालित गतिविधियों की जानकारी देते हुए बताया कि मुख्स अतिथि विधायक रामसहाय वर्मा व प्रधान रामअवतार लांगडी ने 82 छात्राओं को साईकिल करके उनका उत्साह वर्धन किया।

# हरियाणा गौड़ ब्राह्मण शिक्षा एवं छात्रावास समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव को लेकर 22 को होंगे नामांकन दाखिल

बढ़ता राजस्थान

**निवाई (का.स.)।** अखिल भारतीय हरियाणा गौड़ ब्राह्मण शिक्षा एवं छात्रावास समिति के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव को लेकर 22 दिसंबर को सुबह 10 से 12 बजे तक नामांकन दाखिल सहित कई चुनाव प्रक्रिया होगी।

छात्रावास समिति अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा व महामंत्री मांगीलाल महाराजपुरा ने बताया कि चुनाव प्रक्रिया 22 दिसंबर से शुरू होगी। उन्होंने बताया कि 22 दिसंबर को सुबह 10 से 12 बजे तक नामांकन दाखिल हो सकेंगे। दोपहर 12 से 1 बजे तक नामांकन की जांच की जाएगी। दोपहर 1 से 3 बजे तक नाम वापसी हो सकेगी। उन्होंने बताया कि 3 से 4 बजे तक चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे।

उन्होंने बताया कि आवश्यक हुआ तो 29 दिसंबर को सुबह 8 से शाम 5 .30 बजे तक मतदान होगा।



# अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास लिया

## 287 मैच में 765 विकेट लिए

## भारत के लिए सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले दूसरे बॉलर

**भारतीय ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया है। उन्होंने तीनों फॉर्मेट मिलाकर 287 मैच खेले और 765 विकेट लिए। अश्विन भारत के दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने 953 विकेट लिए हैं। 38 साल के अश्विन ने गाबा टेस्ट खत्म होते ही रिटायरमेंट का ऐलान किया। वे कप्तान रोहित शर्मा के साथ प्रेस कॉन्फ्रेंस में पहुंचे। उन्होंने कहा, आज भारतीय टीम के क्रिकेटर के तौर पर मेरा अंतिम दिन था। मैं क्लब क्रिकेट खेलता रहूंगा।**

भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने प्रेस कॉन्फ्रेस में कहा, जब मैं पर्थ आया तो अश्विन ने मुझे रिटायरमेंट की बात बताई थी। मैंने उन्हें पिंक बॉल टेस्ट तक टीम में बने रहने के लिए मनाया था। अगर कोई खिलाड़ी फैसला लेता है तो उसका सम्मान किया जाना चाहिए। वे कल भारत लौट जाएंगे।

टेस्ट में 537 विकेट लिए अश्विन ने 2010 में श्रीलंका के खिलाफ वनडे मैच से इंटरनेशनल डेब्यू किया था। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 106 मैचों में 537 विकेट हासिल किए। उनके नाम 37 फाइव विकेट हॉल हैं और 8 बार उन्होंने मैच में 10 विकेट लिए। अश्विन ने 156 वनडे विकेट भी हासिल किए। टी-20 में अश्विन ने 72 विकेट चटकाए।

अश्विन ने बतौर बल्लेबाज टेस्ट क्रिकेट में 3503 रन बनाए और उन्होंने कुल 6 टेस्ट शतक लगाए। फर्स्ट क्लास क्रिकेट में उनके नाम कुल 8 शतक रहे।

सबसे ज्यादा फाइव विकेट हॉल लेने वाले भारतीय अश्विन के नाम टेस्ट में 37 फाइव विकेट हॉल हैं, जो कि किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे ज्यादा हैं। उनके बाद कुंबले का नंबर आता है। कुंबले ने टेस्ट में 35 बार पारी में पांच विकेट लिए थे। ओवरऑल सबसे ज्यादा पारी में पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम है। उन्होंने 67 बार ऐसा किया था। अश्विन शेन वॉर्न के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं।

इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लिए अश्विन ने करियर में इंग्लैंड के खिलाफ सबसे ज्यादा विकेट लिए हैं। वे इंग्लैंड के खिलाफ तीनों फॉर्मेट मिलाकर 53 मैचों में खेले और 150 विकेट लिए।

वहीं, दूसरे नंबर पर ऑस्ट्रेलिया है, जिसके खिलाफ अश्विन के 50 मैचों में 146 विकेट हैं। विदेश में ऑस्ट्रेलिया के मैदान पर सबसे ज्यादा विकेट लिए विदेश में अश्विन के सबसे ज्यादा विकेट ऑस्ट्रेलिया में हैं। उन्होंने कंगारुओं के होम ग्राउंड पर तीनों फॉर्मेट में कुल 38 मुकाबले खेले और 71 विकेट लिए। इसके अलावा श्रीलंका में 16 मैच में उनके 49 विकेट हैं। भारत में अश्विन के 131 मैचों में 475 विकेट हैं।

### किस देश के खिलाफ अश्विन के कितने विकेट



| खिलाफ | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| इंग्लैंड | 53 | 150 |
| ऑस्ट्रेलिया | 50 | 146 |
| श्रीलंका | 38 | 108 |
| वेस्टइंडीज | 39 | 103 |
| न्यूजीलैंड | 26 | 91 |

*आंकड़े तीनों फॉर्मेट के हैं

### किस देश में अश्विन के कितने विकेट



| कहां | मैच | विकेट |
|---|---|---|
| भारत | 131 | 475 |
| ऑस्ट्रेलिया | 38 | 71 |
| श्रीलंका | 16 | 49 |
| बांग्लादेश | 23 | 47 |
| वेस्टइंडीज | 21 | 47 |

*आंकड़े तीनों फॉर्मेट के हैं

### भारत के लिए कई रिकॉर्ड बना चुके अश्विन

38 साल का यह स्पिनर भारत के लिए कई रिकॉर्ड बना चुका है। वह टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वालों में सातवें स्थान पर हैं। अश्विन के नाम 106 टेस्ट में 537 विकेट हैं। 59 रन देकर सात विकेट उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी है। इस दौरान उनका औसत 24.00 का और स्ट्राइक रेट 50.73 का रहा है। अश्विन टेस्ट में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले भारतीय में अनिल कुंबले के बाद दूसरे नंबर पर हैं। कुंबले के नाम 619 टेस्ट विकेट थे। अश्विन का एलान चौंकाने वाला है, क्योंकि वह भारतीय सरजमीं पर भारतीय स्पिन अटैक की धार थे। अपने घर पर डेब्यू के बाद से जब भी वह स्क्वॉड में चुने गए, हर बार वह टेस्ट मैच खेले हैं। उन्होंने घर पर कोई टेस्ट मिस नहीं किया है।

अश्विन के नाम टेस्ट में 37 फाइव विकेट हॉल है, जो कि किसी भारतीय गेंदबाज द्वारा सबसे ज्यादा है। उनके बाद कुंबले का नंबर आता है। कुंबले ने टेस्ट में 35 बार पारी में पांच विकेट लिए थे। ओवरऑल सबसे ज्यादा पारी में पांच विकेट लेने का रिकॉर्ड श्रीलंका के मुथैया मुरलीधरन के नाम है। उन्होंने 67 बार ऐसा किया था। अश्विन शेन वॉर्न के साथ संयुक्त रूप से दूसरे नंबर पर हैं।

### बल्लेबाजी में भी अश्विन का जलवा

अश्विन 106 टेस्ट खेलने के अलावा 116 वनडे और 65 टी20 में भी टीम इंडिया का हिस्सा रहे। उन्होंने वनडे में 156 विकेट और टी20 में 72 विकेट लिए थे।

वनडे में उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी 25 रन देकर चार विकेट और टी20 में आठ रन देकर चार विकेट है। वनडे में उनकी इकोनॉमी 4.93 की और टी20 में 6.90 की रही है। हालांकि, इन दोनों में वह एक बार भी पारी में पांच विकेट नहीं ले पाए। इसके अलावा अश्विन ने टेस्ट में काफी रन भी बनाए हैं। उनके नाम टेस्ट में 3503 रन हैं। इस दौरान उनका औसत 25.75 का रहा है। अश्विन के नाम टेस्ट में सर्वोच्च स्कोर 124 रन का रहा है। उन्होंने छह शतक और 14 अर्धशतक लगाए हैं। इसके अलावा वनडे में उन्होंने 16.44 की औसत से 707 रन और टी20 में 114.99 के स्ट्राइक रेट से 184 रन बनाए हैं।

### सीएसके के लिए खेलते दिखेंगे अश्विन

अश्विन ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में डेब्यू पांच जून 2010 को हरारे में श्रीलंका के खिलाफ वनडे में किया था। वहीं, टी20 डेब्यू उन्होंने 12 जून 2010 को ही हरारे में जिम्बाब्वे के खिलाफ किया था। अश्विन का टेस्ट डेब्यू 2011 में वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में हुआ था। वह टेस्ट में सबसे ज्यादा प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीतने वाले खिलाड़ी भी हैं। उन्होंने टेस्ट में 11 बार प्लेयर ऑफ द सीरीज अवॉर्ड जीता है। इस मामले में वह मुरलीधरन की बराबरी पर हैं। अश्विन 2011 में वनडे विश्व कप और 2013 में चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा रहे थे। हालांकि, इसके बाद वह कोई आईसीसी ट्रॉफी नहीं जीत सके। अश्विन टेस्ट में भारत का नियमित हिस्सा रहे हैं। हालांकि, वनडे में वह टीम से बाहर हैं। टी20 में उनका टीम में आना जाना लगा रहा है। 2021 और 2022 टी20 विश्व कप के स्क्वॉड में वह पहली चॉइस नहीं थे।

## अश्विन की किडनैपिंग से लेकर पिंक-बॉल टेस्ट तक की कहानी

### स्कूल टीम में ओपन करते थे, कोच ने ऑफ स्पिनर बनाया; अब संन्यास लिया

अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने बुधवार को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया। उन्होंने भारत-ऑस्ट्रेलिया के बीच गाबा टेस्ट ड्रॉ होने के बाद अचानक संन्यास का ऐलान किया। अश्विन ने आखिरी इंटरनेशनल मैच एडिलेट में पिंक बॉल से खेला था।

38 साल के अश्विन के नाम 287 मैच में 765 विकेट हैं। वे भारत के लिए दूसरे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। उनसे आगे सिर्फ अनिल कुंबले हैं, जिन्होंने 953 विकेट लिए हैं।

14 साल लंबे करियर में अश्विन ने कई उतार-चढ़ाव देखे। एक बार उन्हें टेनिस बॉल मैच से पहले किडनैप कर लिया गया था। वे 2017 में टीम इंडिया से ड्रॉप कर दिए गए थे।

#### रविचंद्रन अश्विन की सक्सेस स्टोरी...

पहले ओपन करते थे, कोच के कहने पर स्पिनर बने अश्विन ने जब क्रिकेट खेलना शुरू किया था, तब वे सलामी बल्लेबाज थे और मीडियम पेस गेंदबाजी करते थे। उनकी स्कूल टीम के कोच सीके विजय कुमार ने उन्हें ओपनर और मीडियम पेसर से ऑफ स्पिनर बनाया। विजय कुमार ने स्पोर्ट स्टार को दिए इंटरव्यू में बताया कि वह नेट्स में मीडियम पेस बॉलिंग कर रहे थे। जब वे थक गए तो आकर कहा कि क्या मैं ऑफ स्पिन करा सकता हूं? इस पर मैंने सहमति दे दी। अगले दिन अश्विन ने कोच से मीडियम पेस गेंदबाजी करने की बात कही, लेकिन कोच ने मना कर दिया।



**इसके पीछे का कारण बताते हुए अश्विन के कोच कहते हैं-**

जब मैंने उसे देखा, तो यह क्लियर था कि वह अलग था। वह अपनी ऊंचाई का अच्छा उपयोग कर रहा था, अतिरिक्त उछाल और पिच से गति हासिल कर रहा था। वह अपने आयु वर्ग के अन्य लोगों की तुलना में जल्दी सीखने वाला भी था।

मैच से पहले विपक्षी टीम के खिलाड़ियों ने किडनैप किया रविचंद्रन अश्विन एक बार किडनैप कर लिए गए थे। उन्हें एक टेनिस बॉल मैच से पहले प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाड़ियों ने किडनैप कर लिया था। अश्विन ने इसका जिक्र खुद एक इंटरव्यू में किया था। उन्होंने कहा था- दूसरी टीम के 4-5 फैन और सदस्य रॉयल इनफील्ड से आए और पिक करने के बहाने उन्हें साथ ले गए। अश्विन ने बताया कि उनका मकसद सिर्फ इतना था कि मैं मैच ना खेलूं।

2017 में ड्रॉप हो गए थे अश्विन अश्विन 2017 में वनडे और टी-20 की भारतीय टीम से ड्रॉप कर दिए गए थे। उन्होंने 2021 टी-20 वर्ल्ड कप से पहले भारतीय टीम में वापसी की। उन्हें वापसी करने में चार साल लग गए। बाद में उन्हें 2022 टी-20 वर्ल्ड कप टीम में भी चुना गया था। उन्होंने 2023 वनडे वर्ल्ड कप में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ चेन्नई में भारत के लिए आखिरी लिमिटेड ओवर मैच खेला था।

## भारत-ऑस्ट्रेलिया तीसरा टेस्ट ड्रॉ

### राहुल-जडेजा और बुमराह ने फॉलोऑन से बचाया, सीरीज एक-एक से बराबर

**ब्रिस्बेन।**

भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच चल रही बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी का तीसरा टेस्ट ड्रॉ हो गया है। ब्रिस्बेन के द गाबा मैदान पर बुधवार को मुकाबले के आखिरी दिन 25 ओवर ही डाले जा सके। ऑस्ट्रेलिया ने भारत को 275 रन का टारगेट दिया था, लेकिन बारिश के कारण दिन का खेल रद्द कर दिया गया।

बारिश से पहले भारतीय टीम ने दूसरी पारी में बिना नुकसान के 8 रन बनाए थे। यशस्वी जायसवाल और केएल राहुल 4-4 रन बनाकर नाबाद लौटे। इससे पहले भारत के तेज गेंदबाजों ने 89 रन पर ऑस्ट्रेलिया के 7 विकेट गिरा दिए थे, तभी कप्तान पैट कमिंस ने पारी घोषित कर दी। सुबह इंडियन टीम पहली पारी में 260 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई थी। यहां कंगारुओं को पहली पारी में 185 रन की बढ़त मिली थी। ऑस्ट्रेलियाई टीम ने पहली पारी में 445 रन बनाए थे।

इस ड्रॉ के बाद 5 मैचों की सीरीज 1-1 की बराबरी पर है। भारत ने पहला टेस्ट 295 रन, जबकि ऑस्ट्रेलिया ने दूसरा टेस्ट 10 विकेट से जीता था। चौथा मुकाबला मेलबर्न के एमसीजी मैदान पर 26 दिसंबर से खेला जाएगा।

बुमराह-आकाश दीप की साझेदारी ने फॉलोऑन से बचाया एक समय भारतीय टीम के ऊपर फॉलोऑन खेलने का खतरा मंडरा रहा था। टीम ने पहली पारी में 213 रन पर 9 विकेट गंवा दिए थे। ऐसे में जसप्रीत बुमराह और आकाश दीप की जोड़ी ने आखिरी विकेट के लिए 47 रन की साझेदारी फॉलोऑन से बचाया।



## रहाणे-पुजारा के सवाल पर रोहित बोले-तुम लोग मरवा दोगे मुझे

### वो रिटायर नहीं हुए, कभी भी आ सकते हैं; दरवाजे सभी के लिए खुले

**ब्रिस्बेन।**

गाबा टेस्ट के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा की प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान एक मजेदार वाकया हुआ। बुधवार को स्पिनर रविचंद्रन अश्विन के रिटायरमेंट के बाद भारतीय कप्तान से अश्विन की भूमिका पर सवाल किया गया था।

रोहित से एक रिपोर्टर ने पूछा- क्या पुजारा, रहाणे और अश्विन अलग-अलग भूमिका में नजर आएंगे? रोहित इस सवाल का जवाब देने लगे। फिर उन्हें याद आया कि रहाणे-पुजारा ने अब तक रिटायरमेंट नहीं लिया है। ऐसे में रोहित हंसते हुए कहा- केवल रविचंद्रन अश्विन ने रिटायरमेंट लिया है। रहाणे और पुजारा अभी भी एक्टिव क्रिकेटर हैं और कभी भी आ सकते हैं, टीम इंडिया के दरवाजे सभी के लिए खुले हैं।

भारतीय कप्तान ने मजाकिया लहजे में कहा- तुम लोग मरवा दोगे मुझे। दरअसल, भारतीय कप्तान ने पहले कहा दिया था कि जब अपने बगल में देखूंगा तो रहाणे-पुजारा नहीं रहेंगे। याद आने के बाद रोहित ने अपनी गलती सुधार ली।

रोहित शर्मा की पूरी बात...

हमने इतना क्रिकेट खेला है और हमारी मेमोरीज है। हम दोस्त हैं और हमेशा रहेंगे। टूर पर साथ नहीं रहेगा, लेकिन मुलाकात होती रहती है। एक-दो साल में आप लोगों के साथ रहेगा वो। अजिंक्य बॉम्बे में रहता है, हम मिलते हैं। पुजारा राजकोट में छिपा रहता है। इतने मैचेज उसने जिताए हैं, तो ऐसा अगल-बगल देखो तो कोई नहीं दिखता है। पुजारा ने रिटायरमेंट नहीं लिया है भाई। वो आने वाले टाइम में आ सकता है। आप लोग मरवाओगे यार, उसने रिटायरमेंट नहीं लिया है। रोहित बोले- मैंने अच्छी बैटिंग नहीं की, इसे स्वीकारने में दिक्कत नहीं रोहित ने अपनी बैटिंग पर भी बात की। उन्होंने कहा- मैने अच्छी बल्लेबाजी नहीं की। इसे स्वीकार करने में कोई दिक्कत नहीं है। जब तक मेरा शरीर, दिमाग और पैर अच्छी तरह से मूव कर रहे हैं तब तक मैं खेल रहा हूं। रन सारी कहानी नहीं कहते, लेकिन अभी मुझे खेलते हुए ठीक लग रहा है।



अपनों का साथ बहुत आवश्यक है, सुख है तो बढ़ जाता है और दुःख हो तो बंट जाता है!
-हर्षित विजयवर्गीय, बढ़ता राजस्थान

# गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही बोट डूबी

## 3 नौसेना कर्मचारी समेत 13 की मौत

### 99 बचाए गए; नेवी की स्पीड बोट ने टक्कर मारी



बढ़ता राजस्थान

**मुंबई।** महाराष्ट्र के मुंबई में गेटवे ऑफ इंडिया से एलिफेंटा जा रही नीलकमल बोट बीच समुद्र में डूब गई। 80 लोगों की क्षमता वाली बोट में 100 से ज्यादा यात्री सवार थे, जिसमें से 13 लोगों की मौत हो गई है। 101 लोगों का रेस्क्यू किया जा चुका है। हादसा उरण के पास बुधवार शाम करीब 3.55 बजे हुआ। मुंबई से एलिफेंटा गुफाओं की ओर जाते समय अरब सागर में बुचर द्वीप के पास नौसेना की गश्ती स्पीड बोट ने नाव को टक्कर मार दी। इससे नाव में पानी भर गया और वह डूब गई।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने 8.25 बजे विधानसभा में जानकारी दी कि मरने वाले 13 लोगों में से 10 आम लोग हैं जबकि 3 नेवी के कर्मचारी हैं। रेस्क्यू किए गए लोगों को छह अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया है। दो लोगों की हालत गंभीर है। राज्य सरकार सभी मृतकों के परिजन को 5 लाख रुपए की सहायता राशि देगी। पुलिस और नेवी मिलकर हादसे की जांच करेगी।

#### नेवी ने कहा- कैप्टन स्पीडबोट पर नियंत्रण खो बैठा

**नौसेना ने ट्वीटर पोस्ट कर बताया कि नौसेना का जहाज इंजन ट्रायल पर था। कैप्टन उस पर से नियंत्रण खो बैठा और जहाज नीलकमल बोट से टकरा गया। चार नेवी हेलीकॉप्टर, 11 नेवी जहाज, एक कोस्ट गार्ड बोट और तीन समुद्री पुलिस बोट रेस्क्यू में जुटे। नेवी और सिविल जहाजों ने 99 लोगों का रेस्क्यू करके अस्पतालों में पहुंचाया। हादसे में 13 लोगों की जान गई है। इनमें एक नेवी कर्मी और दो ओईएम ( ऑरिजिनल इक्विपमेंट मैन्युफैक्चरर ) के लोग शामिल हैं।**

#### नौसेना की 11 बोट, 4 हेलिकॉप्टर से रेस्क्यू हुआ

जानकारी के मुताबिक, नौसेना, जवाहरलाल नेहरू पोर्ट ट्रस्ट, तटरक्षक बल, यलोगेट पुलिस स्टेशन 3 और स्थानीय मछली पकड़ने वाली नौकाओं की मदद से राहत और बचाव कार्य को अंजाम दिया गया। रेस्क्यू ऑपरेशन में नौसेना की 11 बोट, मरीन पुलिस की 3 बोट और कोस्ट गार्ड की 1 बोट लगी। 4 हेलीकॉप्टर भी रेस्क्यू ऑपरेशन में जुटे। यात्रियों को गेटवे ऑफ इंडिया वापस लाया गया। जहां से उन्हें अलग-अलग अस्पतालों में भर्ती कराया गया।



## जयपुर में हार्ट-फेफड़े ट्रांसप्लांट हुए मरीज की मौत

### शरीर में अचानक खून के थक्के बन गए; 3 दिन से एसएमएस अस्पताल में वेंटिलेटर पर थी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** जयपुर के सवाई मानसिंह अस्पताल में रविवार को एक 23 साल की युवती के लंग्स और हार्ट ट्रांसप्लांट किया गया था। युवती की बुधवार को मौत हो गई। वह तीन दिनों से वेंटिलेटर सपोर्ट पर थी। डॉक्टर्स ने बताया- ट्रांसप्लांट के बाद हार्ट और लंग्स प्रॉपर काम कर रहे थे। मंगलवार तक हालत स्थिर थी। बुधवार को अचानक शरीर में ब्लड संबंधी कॉम्प्लिकेशन होने लगे। इसे मेडिकल भाषा में (डीआईएस - डिसेमिनेटेड इंट्रावैस्कुलर कोएगुलेशन) कहते हैं। इस कॉम्प्लिकेशन में मरीज के शरीर में खून न तो जमता है और न रुकता है। इसमें ब्लिडिंग ज्यादा होती है। इस कारण मरीज के शरीर के सभी टिश्यू में खून के थक्के बन गए और उसकी मौत हो गई।

**तीन दिन से वेंटिलेटर सपोर्ट पर थी मरीज-** जानकारी के अनुसार रविवार को एसएमएस हॉस्पिटल में पहली बार फेफड़ों का ट्रांसप्लांट कर इतिहास रचा गया था। 23 वर्षीय युवती का लंग्स के साथ हार्ट ट्रांसप्लांट भी किया गया था। एक ही मरीज के लंग्स और हार्ट (कॉम्बो ट्रांसप्लांट) एक साथ ट्रांसप्लांट होने का ये पहला केस था। ऑपरेशन के बाद मरीज वेंटिलेटर सपोर्ट पर थी। झालावाड़ में ब्रेन डेड मरीज के ऑगर्न को ट्रांसप्लांट करने के लिए सरकार ने हेलिकॉप्टर भेजा था।

## जयपुर में जेडीए की तीन हाउसिंग स्कीम लॉन्च

### अटल विहार स्कीम के लिए आवेदन शुरू; लॉटरी निकलेगी; वेयर-फॉर्म हाउस की योजना भी लाएंगे

बढ़ता राजस्थान

जयपुर। जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से जयपुर में तीन हाउसिंग स्कीम को लॉन्च किया गया है। इनमें अटल विहार, गोविंद विहार और पटेल नगर स्कीम है। इनमें से बुधवार को अटल विहार आवासीय योजना के लिए आवेदन शुरू हो चुके है। इसकी लास्ट डेट 17 जनवरी रखी गई है।

जेडीए के जेडीसी आनंद ने बताया कि इन तीन आवासीय योजना में 756 प्लॉट है। अटल विहार स्कीम में 284 प्लॉट है। आवेदन प्रक्रिया में शामिल होने के लिए प्राधिकरण के ऑफिशियल वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

#### 18 दिसंबर से शुरू होंगे आवेदन

जेडीसी ने बताया कि अटल विहार आवासीय योजना जोन-12 में कालवाड़ रोड पर चक पीथावास उर्फ नारी का बास में विकसित की गई है। इस योजना में 284 प्लॉट है। ऑनलाइन आवेदन 18 दिसंबर से 17 जनवरी तक होगा। इसके बाद 29 जनवरी के दिन लॉटरी निकाली जाएगी। जेडीए की अलट विहार योजना में सबसे ज्यादा 284 प्लॉट है। इसके लिए आरक्षित दर 14 हजार रुपए निर्धारित की गई है। इनमें 45 वर्गमीटर तक के भूखंड आरक्षित रेट से 50 फीसदी कम और 46 से 75 वर्गमीटर तक की साइज के भूखंड पर आरक्षित दर की 80 फीसदी की रेट लागू होगी।

# अंबेडकर-आरक्षण बयान पर सफाई देने आए शाह

### कहा- मेरा बयान तोड़ा-मरोड़ा; खड़गे की मांग- रात 12 से पहले पीएम गृह मंत्री को बर्खास्त करें

बढ़ता राजस्थान

**नई दिल्ली।** राज्यसभा में अंबेडकर को लेकर अपनी टिप्पणी पर गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर सफाई दी। कहा- संसद में बात तथ्य और सत्य के आधार पर होनी चाहिए। भाजपा के सदस्यों ने ऐसा ही किया। जब साबित हो गया कि कांग्रेस अंबेडकर विरोधी पार्टी है, आरक्षण विरोधी है, संविधान विरोधी है, तो कांग्रेस ने अपनी पुरानी रणनीति अपनाते हुए बयानों को तोड़ना-मरोड़ना शुरू कर दिया।

खड़गेजी इस्तीफा मांग रहे हैं, उन्हें आनंद हो रहा है तो शायद मैं दे भी दूं पर उससे उनका काम नहीं बनना है। अभी 15 साल तक उन्हें जहां हैं, वहीं बैठना है, मेरे इस्तीफे से उनकी दाल नहीं गलने वाली।

इससे पहले खड़गे ने बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर पर अमित शाह की टिप्पणी को लेकर बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे प्रेस कॉन्फ्रेंस की। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी से मांग की कि गृह मंत्री अमित शाह को रात 12 बजे से पहले बर्खास्त कर दें। उन्होंने आरोप लगाया कि मोदी और शाह एक-दूसरे के पापों और बातों का बचाव करते हैं। दरअसल, गृह मंत्री शाह ने मंगलवार को राज्यसभा में संविधान पर चर्चा के दौरान कहा था , अभी एक फैशन हो गया है। अंबेडकर, अंबेडकर... इतना नाम अगर भगवान का लेते तो सात जन्मों तक स्वर्ग मिल जाता। कांग्रेस ने इसे अंबेडकर का अपमान बताते हुए शाह के इस्तीफे की मांग की है।




### अमित शाह की प्रेस कॉन्फ्रेंस की मुख्य बातें...

#### 1. कांग्रेस ने संविधान विरोधी काम किए

अमित शाह ने कहा कि कांग्रेस अंबेडकर विरोधी पार्टी है, आरक्षण विरोधी है, संविधान विरोधी है। पार्टी ने सावरकर का भी अपमान किया, आपातकाल लगाकर संविधान के सारे मूल्यों की धज्जियां उड़ा दीं, कांग्रेस ने नारी सम्मान को भी सालों दरकिनार किया, न्यायपालिका का अपमान किया, शहीदों का अपमान किया, भारत की भूमि का संविधान तोड़कर विदेशी ताकतों को देने की हिमाकत की।

#### 2. कांग्रेस ने अंबेडकर को भारत रत्न नहीं मिलने दिया

शाह ने कहा कि कांग्रेस ने खुद ही अपने आपको भारत रत्न दिया, नेहरू ने 1955 में, इंदिरा ने 1971 में खुद को भारत रत्न दिया। 1990 में अंबेडकर को तब भारत रत्न मिला जब कांग्रेस सत्ता में नहीं थी। अंबेडकर को भारत रत्न ना मिले इसका प्रयास कांग्रेस करती रही। कांग्रेस ने अंबेडकर के न रहने के बाद कांग्रेस ने उन्हें हाशिये पर धकेलने का प्रयास किया। कांग्रेस ने 1951-52 और 1954 में बाबा साहेब को हराने की कोशिश की थी। अंबेडकर की 100वीं जयंती मनाने से इनकार कर दिया था।

#### 3. नेहरू की अंबेडकर के लिए नफरत जगजाहिर

शाह ने कहा कि नेहरूजी की अंबेडकर के लिए नफरत जगजाहिर है। नेहरू की किताब में एक पत्र का उल्लेख है, जब पीसी राव ने खत लिखकर नेहरू को कहा कि अंबेडकर मंत्रिमंडल से इस्तीफा देकर जाने का मन बना रहे हैं। नेहरू ने कहा था- अंबेडकर के जाने से मंत्रिमंडल के ऊपर कोई फर्क नहीं पडेगा।

## रेलवे महाकुंभ में फ्री ट्रेन यात्रा नहीं कराएगा

### कहा- जनरल कोच में 200-250 किमी तक बिना टिकट ट्रैवल की खबर अफवाह



बढ़ता राजस्थान

नई दिल्ली। उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में लगने वाले महाकुंभ मेले के दौरान जनरल डिब्बे में बिना टिकट यात्रा से जुड़ी खबरों पर रेल मंत्रालय ने बुधवार को सफाई दी है। भारतीय रेलवे ने स्पष्ट किया कि यात्रियों को फ्री यात्रा की अनुमति देने वाली खबरें पूरी तरह से आधारहीन और अफवाह हैं। पहले खबर आई थी कि यात्री प्रयागराज से 200 से 250 किमी की दूरी तक की यात्रा मुफ्त में कर सकते हैं। रेल मंत्रालय ने कहा- भारतीय रेलवे के संज्ञान में आया है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि महाकुंभ मेले के दौरान यात्रियों को मुफ्त यात्रा करने की अनुमति दी जाएगी, हम इन रिपोर्ट्स का खंडन करते हैं, क्योंकि वे पूरी तरह से निराधार और भ्रामक हैं।

मंत्रालय ने कहा कि भारतीय रेलवे के नियमों के तहत बिना वैध टिकट के यात्रा करना दंडनीय अपराध है। यात्रियों के लिए अतिरिक्त टिकट काउंटर लगाए जाएंगे रेलवे ने कहा- भारतीय रेलवे ने महाकुंभ के दौरान यात्रियों के लिए कई व्यवस्थाएं की हैं। यात्रियों की बड़ी संख्या को देखते हुए खास तौर पर यात्रा के दौरान रेलवे ने विशेष होल्डिंग क्षेत्र, अतिरिक्त टिकट काउंटर और अन्य जरूरी सुविधाओं की व्यवस्था की है।

उत्तर-मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी शशिकांत त्रिपाठी ने बताया कि प्रयागराज में 450 करोड़ रुपए की लागत से 21 रेलवे क्रॉसिंग गेट बनाए जा रहे हैं। फिलहाल 15 गेट बन चुके हैं और बाकी के दिसंबर में बन जाएंगे। यूपी सरकार घुड़सवार पुलिस की तैनाती करेगी उत्तर प्रदेश सरकार महाकुंभ में भीड़ और स्थिति को नियंत्रित करने के लिए घुड़सवार पुलिस की व्यवस्था भी करेगी। इसके लिए अमेरिकन बाम ब्लड और इंग्लैंड के थ्रो नस्ल के घोड़ों के साथ-साथ देसी नस्ल के 130 घोड़े तैनात किए जाएंगे।

## हाईकोर्ट के आदेश के बाद युवाओं को मिली बड़ी राहत

### 5,388 पदों पर जूनियर अकाउंटेंटऔर तहसील रेवेन्यू अकाउंटेंट भर्ती का फाइनल रिजल्ट जारी

बढ़ता राजस्थान

**जयपुर।** राजस्थान के युवाओं का लम्बा इंतजार खत्म हो गया है। कर्मचारी चयन बोर्ड ने जूनियर अकाउंटेंट और तहसील रेवेन्यू अकाउंटेंट भर्ती परीक्षा का फाइनल रिजल्ट जारी कर दिया है। जिसे भर्ती परीक्षा में शामिल अभ्यर्थी कर्मचारी चयन बोर्ड ने ऑफिशियल वेबसाइट पर देख सकते हैं। इससे पहले राजस्थान हाईकोर्ट ने दिसंबर के पहले सप्ताह में राजस्थान में जूनियर अकाउंटेंट और तहसील रेवेन्यू अकाउंटेंट भर्ती में नियुक्तियां देने पर लगी रोक को हटा दिया था। दरअसल, प्रदेशभर में 5388 पदों पर जूनियर अकाउंटेंट और तहसील रेवेन्यू अकाउंटेंट की भर्ती निकली थी। जिसके तहत 5190 पदों पर गैर अनुसूचित क्षेत्र जबकि 198 पदों पर अनुसूचित क्षेत्र में भर्तियां की जानी थी। जिसके लिए राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड ने इसी साल 11 फरवरी को भर्ती परीक्षा का



आयोजन किया था इसके बाद 27 जून को लगभग 2 गुना अभ्यर्थियों को शॉर्ट लिस्ट कर डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन की प्रक्रिया शुरू की गई थी। हालांकि, जूनियर अकाउंटेंट और तहसील रेवेन्यू अकाउंटेंट भर्ती परीक्षा को लेकर हाईकोर्ट में प्रकरण विचाराधीन है। ऐसे में कर्मचारी चयन बोर्ड के सचिव डॉ बीसी बधाल ने बताया कि मौजूदा परीक्षा परिणाम कोर्ट के फैसले के अनुसार रहेगा।

## रूस ने कैंसर की वैक्सीन बनाई :

### पुतिन सरकार ने कहा- 2025 से नागरिकों को मुफ्त लगाएंगे; यह सदी की सबसे बड़ी खोजे

बढ़ता राजस्थान

**मॉस्को ( एजेंसी )।** रूस के स्वास्थ्य मंत्रालय ने बताया कि हमने कैंसर की वैक्सीन बनाने में सफलता हासिल कर ली है। इसकी जानकारी रूसी स्वास्थ्य मंत्रालय के रेडियोलॉजी मेडिकल रिसर्च सेंटर के डायरेक्टर आंद्रेई कप्रीन ने रेडियो पर दी। रूसी न्यूज एजेंसी के मुताबिक, इस वैक्सीन को अगले साल से रूस के नागरिकों को फ्री में लगाया जाएगा। डायरेक्टर आंद्रेई ने बताया कि रूस ने कैंसर के खिलाफ अपनी एमआरएनए वैक्सीन विकसित कर ली है। रूस की इस खोज को सदी की सबसे बड़ी खोज माना जा रहा है। वैक्सीन के क्लिनिकल ट्रायल से पता चला है कि इससे ट्यूमर के विकास को रोकने में मदद मिलती है। इससे पहले इस साल की शुरुआत में रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने बताया था कि रूस कैंसर की वैक्सीन बनाने के बेहद करीब है। क्या होती है एमआरएनए वैक्सीन एमआरएनए या मैसेंजर-आरएनए इंसानों के जेनेटिक कोड का एक छोटा सा हिस्सा है, जो हमारी सेल्स (कोशिकाओं) में प्रोटीन बनाती है। इसे आसान भाषा में ऐसे भी समझ सकते हैं कि जब हमारे शरीर पर कोई वायरस या बैक्टीरिया हमला करता है तो एमआरएनए टेक्नोलॉजी हमारी सेल्स को उस वायरस या बैक्टीरिया से लड़ने के लिए प्रोटीन बनाने का मैसेज भेजती है।



चतुर्थ पुण्य तिथि
स्व. श्री हीरालालजी रैगर
( पूर्व विधायक निवाई-पीपलू )
अच्छे लोग दिलों में इस तरह उतर जाते है, कि मरने के बाद भी अमर हो जाते है।
-: श्रद्धांजली सभा :-
गुरूवार दिनांक 19.12.2024 , दोपहर 1 से 5 बजे तक "डांक बंगला", पुलिस थाने के पास, निवाई (टोंक)
श्रृद्धावनत : ज्ञानवतीदेवी ( धर्मपत्नि ), धनपतराय ( भ्राता ), सीताराम-नीता, हंसराज-पिंकी, राजेश-ज्योति ( पुत्र-पुत्रवधु ), गायत्री-प्रदीपजी ( पुत्री-दामाद ), हनुमान, रामजीलाल, रामप्रसाद ( भतीजा ), दिप्ती, रजित, धनेश्वरी, गुंजन, पार्थ ( पौत्री एवं पौत्र ) एवं समस्त जाबडोलिया परिवार, 9414277667

बढ़ता राजस्थान प्रिंटिंग प्रेस
दैनिक, साप्ताहिक, पाक्षिक, मासिक समाचार पत्र मुद्रण के लिए संपर्क करें।



उच्च क्वालिटी का कागज एवं स्याही
कलर एवं ब्लैक मुद्रण
किफायती मुद्रण लागत
Printing Press
• Hameedpura Road Khandwa, Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
Office
• Badhata Rajasthan, Near Rajkiya Mahavidhyalaya, NH-12, Bypass Newai, Tonk, Rajasthan - 304021
(M) +91-9214048888, Phone No. - 01438-223201, 02, 03
• 185/116, "Pratiksha", Sector-18, Pratap Nagar, Sanganer, Jaipur - 302033
(M) +91-9414242258, Phone No. - 0141-2796795
Email: badhatarajasthanprintingpress@gmail.com